राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 136 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



अमेठी की रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह, सांसद स्मृति ईरानी।

**आदर्श विचार**



. धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख- दुःख आता जाता रहता है। - भगवत गीता

**मन की बात**



उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। –स्वामी विवेकानंद

# मुझे सात-आठ थप्पड़ मारे, शरीर के निचले हिस्से पर लात मारी...

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने कुछ दिनों पहले आरोप लगाए थे कि उनके साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर सीएम के सहयोगी विभव कुमार ने मारपीट और बदसलूकी की थी। इस मामले पर आज शुक्रवार को पुलिस ने स्वाति मालीवाल के मजिस्ट्रेट के समाने कलमबंद बयान दर्ज कराए। स्वाति मालीवाल ने एफआईआर में विभव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। स्वाति मालीवाल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार ने स्वाति मालीवाल को कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे। स्वाति जब मदद के लिए चिल्लाने लगीं तब भी विभव नहीं रुके। स्वाति ने बताया कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं लेकिन विभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि विभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने विभव कुमार को आरोपी बनाया था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राज्यसभा की एक सांसद के साथ केजरीवाल के करीबी ने बदसलूकी की। इसके बावजूद दिल्ली के मुख्यमंत्री अब तक चुप हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन विभव कुमार उनके साथ लखनऊ में घूम रहे थे।



**बदसलूकी मामले में स्वाति मालीवाल ने तीस हजारी कोर्ट में दर्ज कराया**

**सियासी बवाल**

स्वाति को कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे। स्वाति जब मदद के लिए चिल्लाने लगीं तब भी विभव नहीं रुके

**बयान:** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर कथित मारपीट का आरोप लगाकर अपना बयान दर्ज कराया। मालीवाल का यह बयान मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कात्यायनी शर्मा कंडवाल के समक्ष अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दर्ज किया गया है। स्वाति मालीवाल ने विभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कहा है कि वो 13 मई को अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं। उसी दौरान विभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की और बदतमीजी की। इसके बाद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को 112 नंबर पर कॉल किया था। स्वाति मालीवाल की शिकायत पर 16 मई को दिल्ली पुलिस ने उनका बयान दर्ज किया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत को चुनाव प्रचार के लिए नहीं दी अंतरिम जमानत



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। सोरेन की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वह 2 जून को सरेंडर कर देंगे, लेकिन सुनवाई के दौरान ईडी ने इसका विरोध किया। मामले की अगली सुनवाई ग्रीष्मावकाश के दौरान 21 मई को होगी। सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना ने ईडी से पूछा कि सोरेन ने यह अर्जी चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत के लिए दी है, इस पर आपका रुख क्या है। इस पर ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने सोरेन को अंतरिम जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि उनकी गिरफ्तारी चुनाव घोषित होने से काफी पहले हुई थी।

# चार चरणों में इंडी गठबंधन चारो खाने चित्त: मोदी

● भानुमति का कुनबा बिखर रहा, बचे हुए चुनाव में कोई मेहनत नहीं करना चाहता: पीएम

**विपक्ष को घेरा**

इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता पहले से निराश थे। अब उन्होंने घर से निकलना ही छोड़ दिया है: मोदी



टीम एक्शन इंडिया

**फतेहपुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्मानित जनता ने चार चरणों में ही इंडी गठबंधन को चारो खाने चित्त कर दिया है। भानुमति का कुनबा बिखर रहा है। बचे हुए चुनाव में कोई मेहनत भी नहीं करना चाहता। इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता पहले से निराश थे। अब उन्होंने घर से निकलना ही छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर कटाक्ष किए और कहा कि आपको भीतर की बात बताता हूं। मोदी ने कहा कि खबर पक्की होती है तब ही मैं भीतर की बात बोलता हूं। मैंने कहा था कि केरल से वायनाड (राहुल गांधी) से भागेंगे। मैंने कहा था कि वह अमेठी की ओर जाने की हिम्मत नहीं करेंगे। मेरी वह दोनों खबरें पक्की निकलीं या नहीं। अब एक नयी खबर है। कांग्रेस ने अब मिशन फिफ्टी रखा है। उन्होंने कहा है कि कुछ भी करो लेकिन कांग्रेस को कम से कम 50 सीटें मिल जाएं। इसके लिए भानुमती के कुनबे में हवा भरने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जिस इंडी गठबंधन की गाड़ी पहले दिन से ही पंचर हो, वह कितना चल सकेगा। उन्होंने कहा कि पंजे और साइकिल के सपने टूट गए खटाखट... खटाखट...। अब चार जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार का ठीकरा किस पर फोड़ा जाए। मुझे तो कोई बता रहा था कि विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है। उन्होंने कहा कि साथियों, यूपी में कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है। पूरी कांग्रेस परिवार की इज्जत बचाने में जुटी है। फिर भी यूपी में दो लड़कों की जोड़ी आ जाती ह

### धर्म के आधार पर आरक्षण के विरोध में थे आम्बेडकर : मोदी

टीम एक्शन इंडिया

**बाराबंकी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के विरोधी थे। जब संविधान बना, तब संविधान सभा ने निर्णय किया था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन, 10 साल पहले इन लोगों (कांग्रेस) ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोशिश की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में तो इन्होंने यह कर भी दिया है। वहां इन्होंने सब मुसलमानों को रातों-रात ओबीसी बना दिया। ओबीसी को मिले आरक्षण में से बहुत बड़ा हिस्सा इन्होंने वहां लूट लिया। क्या ओबीसी व एससी का आरक्षण हम छीनने देंगे। बाबा साहब का दिया हुआ आरक्षण कोई छीन नहीं सकता है। यह लोग आरक्षण व संविधान के विरोधी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज विपक्ष के पूरे कुनबे पर प्रहार किया है।

## हाईकोर्ट ने मध्यस्थ पुरस्कार को बरकरार रखने के आदेश को किया रद्द

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को स्पाइसजेट के साथ चल रहे विवाद में कलानिधि मारन के पक्ष में आदेश सुनाया। कोर्ट ने मध्यस्थ पुरस्कार को बरकरार रखने के आदेश को रद्द कर दिया है। इससे पहले कोर्ट ने मध्यस्थ पुरस्कार को बरकरार रखा गया था। जिसमें स्पाइसजेट और उसके प्रमोटर अजय सिंह को कलानिधि मारन को 579 करोड़ रुपये और ब्याज वापस करने का आदेश दिया था। शुक्रवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने एकल न्यायाधीश के 31 जुलाई 2023 के आदेश रद्द कर दिया।

## पाक आतंकी गतिविधियों का अभ्यास कर रहा

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सीमा पार से होने वाली आतंकी गतिविधियों को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने पड़ोसी देश को इसके परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी है। सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट 2024 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवादी गतिविधि के प्रति सहनशीलता बहुत कम है। अगर ऐसा कुछ होता है तो एलओसी और सीमा पर इसका असर पड़ेगा।

**'पाकिस्तान लगातार आतंकी गतिविधियों का अभ्यास कर रहा':** बिजनेस समिट में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकी गतिविधियों का अभ्यास कर रहा है। पहले हमारे देश में आतंकवाद को अपने पड़ोसी के सनकीपन के रूप में देखते थे। अब हमने आतंकवाद के साथ निपटने के लिए खुद को उसी तरह से तैयार किया है। एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में भारत ने साफ तौर पर निर्णय लिया था कि हम सीमा पार के आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे।



**खरी-खरी**

अगर हमारा पड़ोसी ऐसी हरकतें करना बंद कर दे तो हम भी उसके प्रति एक सामान्य पड़ोसी की तरह व्यवहार करेंगे

**बंद कर दे आतंक का धंधा तो...:** विदेश मंत्री ने उरी और बालाकोट की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इसका परिणाम उन्होंने देखा है। अगर हमारा पड़ोसी ऐसी हरकतें करना बंद कर दे तो हम भी उसके प्रति एक सामान्य पड़ोसी की तरह व्यवहार करेंगे। अब गेंद उनके पाले में है। अगर वे आतंक के अपने धंधे को बंद कर देते हैं जिसे उन्होंने कई दशकों में बनाया है।

## सीएपीएफ' 'भारत संघ के सशस्त्र बल: हाईकोर्ट

टीम एक्शन इंडिया




**नई दिल्ली:** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में भारतीय सेना के कानून लागू होते हैं, फोर्स के नियंत्रण का आधार भी सशस्त्र बल है। इन बलों के लिए, जो सर्विस रूल्स तैयार किए गए हैं, उनका आधार भी फौज है। इन सारी बातों के होते हुए भी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को 'पुरानी पेंशन' से वंचित किया गया है। खास बात तो ये है कि दिल्ली उच्च न्यायालय भी यह मान चुका है कि केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीएपीएफ', 'भारत संघ के सशस्त्र बल' हैं। अदालत ने इन बलों में लागू 'एनपीएस' को स्ट्राइक डाउन करने की बात कही। यानी सीएपीएफ, पुरानी पेंशन की हकदार है। ये दुर्भाग्य है कि अदालत से जीती हुई लड़ाई को केंद्र सरकार, हार में बदलने की मंशा रखती है।

## अपना राहुल आपको सौंप रही हूं: सोनिया गांधी



टीम एक्शन इंडिया

**रायबरेली:** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए रायबरेली की जनता को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेरा आंचल आपके प्रेम और आशीर्वाद से जीवनभर भरा रहा। आपके प्रेम ने मुझे कभी भी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही आपको राहुल को अपना मान कर रखना है, राहुल आपको निराश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अमेठी-रायबरेली से हमारा रिश्ता 103 साल पहले किसान आंदोलन के समय से शुरू होता है और अब मैं अपना राहुल आपको सौंप रही हूं। इस दौरान सोनिया गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। सोनिया गांधी ने कहा कि आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली और अमेठी मेरा परिवार है। पिछले 100 साल से हमारे परिवार की जड़ें इस मिट्टी से जुड़ी हुई हैं। गंगा मां की माटी से रिश्ता रहा है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। उनके मन में आपके प्रति असीम लगाव था। मैंने राहुल और प्रियंका को वही सीख दी है जो इंदिरा जी ने मुझे दी थी। सबका आदर करो। अन्याय और अधिकार की रक्षा के लिए, जिससे भी लड़ना पड़े उससे लड़ो। आपके प्रेम ने मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका है।

**जनसंदेश**

मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं: सोनिया गांधी

## शाह की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए मनोज पांडेय

टीम एक्शन इंडिया

**रायबरेली:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग कह रहे हैं कि हम सत्ता में आएंगे तो राम मंदिर की पुनः प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। यह लोग पुनः प्राण प्रतिष्ठा के नाम पर राम मंदिर में ताला लगवा देंगे। इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी का पारिवारिक गठबंधन है। इसमें शामिल लालू अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनना चाहती है। सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनना चाहती है।

**पार्टी में शामिल**

सपा से विधायक रहे मनोज पांडेय भाजपा में शामिल हो गए। इस मौके पर उनके साथ कई ब्लॉक प्रमुख भी भाजपाई हो गए

## स्वाति मालीवाल पर बोलने से बच रही कांग्रेस

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** स्वाति मालीवाल विवाद से आम आदमी पार्टी ही नहीं, इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल भी मुश्किल में आ गए हैं। कांग्रेस भी इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी करने से बच रही है। 16 मई को लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव, दोनों नेता स्वाति मालीवाल विवाद पर कोई टिप्पणी करने से बचते नजर आए थे। 17 मई को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों के द्वारा बार-बार प्रश्न करने के बाद भी कांग्रेस



राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज जयराम रमेश ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इस विवाद का साया दिल्ली में कांग्रेस-आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार पर भी पड़ सकता है। राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल की संयुक्त जनसभा-रैली कर गठबंधन को मजबूत बनाने की योजना भी खटाई में पड़ती दिखाई पड़ रही है। इसके पहले लखनऊ में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अखिलेश यादव के साथ होने वाली प्रेस कांफ्रेंस में भी अरविंद केजरीवाल शामिल नहीं हुए थे। इसे भी कांग्रेस के द्वारा बरती गई एक सतर्कता के रूप में देखा गया था।

शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने पत्रकारवार्ता आयोजित की थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज जयराम रमेश पत्रकारों को संबोधित करने वाले थे। स्वाति मालीवाल मुद्दे पर गरमाई सियासत के बीच भारी संख्या में पत्रकार भी कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश कार्यालय राजीव भवन पहुंच गए थे।

**इंकार किया**

बार-बार प्रश्न करने के बाद भी कांग्रेस राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया

**भावुक हुए** मैंने अपनी आंखों से अमेठी को बदलते हुए देखा है, मैं अपने पिता के साथ यहां आता था: राहुल गांधी

# अमेठी से मेरा 42 सालों का रिश्ता, मैं कहीं नहीं गया: राहुल

टीम एक्शन इंडिया

**अमेठी:** अमेठी सीट से 2019 का चुनाव हारने के बाद बाद पहली बार राहुल गांधी ने अमेठी के लोगों से अपने रिश्तों पर बात की। अमेठी में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं 12 साल का था तब से यहां आ रहा हूं। मैंने अमेठी का वह समय देखा जब यहां बंजर खेत होते थे। टूटी हुई सड़कें होती थीं। मैंने अपनी आंखों से अमेठी को बदलते हुए देखा है। मैं अपने पिता के साथ यहां आता था। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि राजनीति में मैंने जो कुछ भी सीखा वह अमेठी से ही सीखा है। भावुक लहजे में राहुल गांधी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि मैंने अमेठी को छोड़ दिया है। मैं अमेठी का था, अमेठी का हूं और अमेठी का रहूंगा। यह रिश्ता एक दो सालों का नहीं है। हमेशा का है। कल को मैं रायबरेली का सांसद हो जाउंगा। लेकिन एक बात याद रखिएगा कि मैं जितना रायबरेली का हूंगा उतना ही अमेठी का हूंगा। रायबरेली में जो भी विकास योजनाएं आएंगी वह सारी की सारी अमेठी में आएंगी। अमेठी में आपके सांसद केएल शर्मा जरूर होंगे लेकिन मैं भी आपका सांसद हूंगा। रायबरेली में यदि दस रुपए आते हैं तो यकीन मानिए कि अमेठी में भी दस रुपए आएंगे। यह पहला मौका था जब राहुल गांधी ने 2019 का चुनाव हारने के बाद अमेठी से अपने रिश्ते की बात कही। कुछ महीने पहले जब राहुल भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अमेठी से गुजरे थे तब उन्होंने अपने और अमेठी के रिश्ते पर एक शब्द बात नहीं की थी।





**अमेठी का हूं**

मैं 12 साल का था तब से यहां आ रहा हूं। मैंने अमेठी का वह समय देखा जब यहां बंजर खेत होते थे

**केएल शर्मा ने आपके लिए त्याग किया:** राहुल गांधी ने कहा कि केएल शर्मा आपके प्रत्याशी हैं। इनको आप संसद में भेजिए। ये आपके मुद्दे उठाएंगे। केएल शर्मा में जरा भी अहंकार नहीं है। उन्होंने कि राजीव गांधी जब यहां सक्रिय हुई तो उन्होंने नेताओं की एक टीम बनाई। उस टीम की बहुत सारे लोग सरकार और संगठन के बड़े-बड़े पदों पर चले गए लेकिन शर्मा आपके बीच रह गए।

# भारत में सीमा पार आतंकवाद के प्रति सहनशीलता बहुत कम': जयशंकर

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सीमा पार से होने वाली आतंकी गतिविधियों को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने पड़ोसी देश को इसके परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी है। सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट 2024 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवादी गतिविधि के प्रति सहनशीलता बहुत कम है। अगर ऐसा कुछ होता है तो एलओसी और सीमा पर इसका असर पड़ेगा।

**'पाकिस्तान लगातार आतंकी गतिविधियों का अभ्यास कर रहा':** बिजनेस समिट में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकी गतिविधियों का अभ्यास कर रहा है। पहले हमारे देश में आतंकवाद को अपने पड़ोसी के सनकीपन के रूप में देखते थे। अब हमने आतंकवाद के साथ निपटने के लिए खुद को उसी तरह से तैयार किया है। एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में भारत ने साफ तौर पर निर्णय लिया था कि हम सीमा पार के आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**बंद कर दे आतंक का धंधा तो...:** विदेश मंत्री ने उरी और बालाकोट की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इसका परिणाम उन्होंने देखा है। अगर हमारा पड़ोसी ऐसी हरकतें करना बंद कर दे तो हम भी उसके प्रति एक सामान्य पड़ोसी की तरह व्यवहार करेंगे। अब गेंद उनके पाले में है।



## गिरफ्तारी के बाद कुत्ते की नस्ल को लेकर विवाद

**नोएडा।** सेक्टर-117 स्थित सोरखा गांव में आठ वर्षीय बच्चे को कुत्ते के काटने के मामले में अब नया विवाद शुरू हो गया है। मालिक की गिरफ्तारी के बाद कुत्ते की नस्ल को लेकर विवाद हो रहा है। जहां एक ओर बच्चे की मां का कहना है पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने काटा है तो वहीं आरोपी पक्ष का कहना है कि वह झूठ बोल रही हैं।


### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु **एक पैकेट** खुली **ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का विवरण और स्थान :** उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन टैम्पिंग बैंकों के 17 सेट (सीएसएम/डब्ल्यूएसटी/वीपीआर =05 सेट, यूनिमैट-2एस/3एस =01 सेट, यूनिमैट-4एस/एमपीटी =02 सेट, एमएफआई =04 सेट, सीएसएम/डीयूओ संशोधित प्रकार =02 सेट और पीसीटी/सीआरसीसी =03 सेट) का ओवरहालिंग का कार्य। |
| 2. | **कार्य समाप्त अवधि :** 15 महीने |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रुपये 8,94,61,215.00 |
| 4. | **धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) :** रुपये 5,97,300.00 |
| 5. | **निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) :** रु. शून्य |
| 6. | **निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा प्रपत्र दिनांक 17.05.2024 से दिनांक 07.06.2024 तक सायंकाल 15.00 बजे तक रेल वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 07.06.2024 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | **निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण :** इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (**www.ireps.gov.in**) पर दिनांक 24.05.2024 से दिनांक 07.06.2024 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

सं.: 1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी.एम.सी.-ला.-टी.बी.-03-24-25 दिनांक: 00.05.2024 1497/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## बाइक और स्कूटी की हुई आमने-सामने टक्कर, दो युवकों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** मुरादनगर में पाइप लाइन मार्ग पर नवीपुर पुलिया से आगे एक स्कूल के पास शुक्रवार दोपहर आमने-सामने से बाइक व स्कूटी की भिडंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि बाइक व स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को गाजियाबाद व मेरठ रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, जनपद मेरठ के नहाली गांव निवासी अरशद स्कूटी से शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे पाइप लाइन मार्ग से दिल्ली जा रहे थे। नवीपुर पुलिया से आगे एक स्कूल के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार तीनों युवक व स्कूटी सवार अरशद काफी दूर तक उछलकर गिरे। हादसे में बाइक व स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सभी को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर्स ने बाइक सवार शहनवाज उर्फ शानू (19) पुत्र जमील व जहांगीर (26) पुत्र आसिफ निवासी पसौंडा थाना टीला मोड गाजिबयाद को मृत घोषित कर दिया।


### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या: ई-आर-टी-25-24-25 दिनांक: 06.05.2024**
**कार्य का नाम:** भाटापारा (बीवाईटी) के गुड्स शेड का सुधार। **निविदा मुल्य:** रु.1,74,81,044/- **EMD: बयाना राशि:** रु.2,37,400/- **निविदा प्रस्तुत करना:** 11.00 बजे तक दिनांक 18/06/2024. **निविदा खोलना:** 11.00 बजे दिनांक 18/06/2024. विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण के लिए, कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय/एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।

**वरि.मंडल अभियंता-I,**
**द.पू.म.रे., रायपुर**

पीआर/आर/ईएनजीजी/एपी/31

South East Central Railway @secrail



### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30–विद्युत 19/2024–25 (ओपन टेंडर) | अबाला डिवीजन में जगाधरी वर्कशॉप कॉलोनी में फिटिंग के नए पैमाने के अनुसार सामान्य बिजली आपूर्ति व्यवस्था के सुदृढीकरण और संवर्द्धन और स्टाफ क्वार्टरों की रीवायरिंग के संबंध में विद्युत कार्य | Rs. 15656665.81 | Rs. 228300.00 | 15 महीने | 10.06.2024 |
| 2 | 30–विद्युत 20/2024–25 (ओपन टेंडर) | अबाला डिवीजन के स्टाफ क्वार्टरों में फिटिंग और अन्य संबद्ध कार्यो के नए पैमाने के अनुसार तारों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | Rs. 17881728.70 | Rs. 239400.00 | 15 महीने | 10.06.2024 |

1. निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी।
3. कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए।
4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.IREPS.Gov.in** पर लॉग ऑन करें।
5. जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–09/2024–25 दिनांक : 17.05.2024** 1507/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आफताब अहमद** पुत्र **मोहम्मद अहमद** निवासी **म.नं. डी–87, गली नं. 2, डी–ब्लॉक, चांद बाग, दिल्ली** ने case **FIR No. 601/2015 U/s 328/379/411 IPC, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **आफताब अहमद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आफताब अहमद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 601/2015 U/s 328/379/411 IPC, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आफताब अहमद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 12.07.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री छतिंदर सिंह**
**महानगर दंडाधिकारी (केन्द्रीय)**
**कमरा नं. 32, भूतल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5763/N/2024(Court Matter)**



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उमेश पुत्र रोशन लाल निवासी बी–103, गली नं. 07, जगतपुरी, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **171/2015 अन्तर्गत धारा 363(ए) आईपीसी, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उमेश** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उमेश** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **171/2015 अन्तर्गत धारा 363(ए) आईपीसी, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **उमेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.07.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**आयुषी सक्सेना**
महानगर दण्डाधिकारी–05,
कमरा नं. 07, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/5724/SHD/2024 (Court Matter)**



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नाजिम, पुत्र**: बाबू खान, **पता**: पठान खेड़ा महोल्ला, थाना भोली रामपुर उ.प्र. और **सागर उर्फ तस्लीम, पुत्र**: सलीम खान, **पता**: चौकी पीला तालाब रामपुर थाना गंज जिला रामपुर उ.प्र. ने **FIR No. 6/16 U/s 356/379/511 IPC, थाना: मुखर्जी नगर, जिला उत्तर–पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नाजिम और सागर उर्फ तस्लीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नाजिम और सागर उर्फ तस्लीम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 6/16 U/s 356/379/511 IPC, थाना: मुखर्जी नगर, जिला उत्तर–पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नाजिम और सागर उर्फ तस्लीम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**(नीति सूरी मिश्रा)**
**ए.सी.एम.एम. (उत्तर)/रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5792/NW/2024- (Court Matter)**


## पति ने पत्नी को मारकर खींची फोटो

**लोनी :** गाजियाबाद के लोनी स्थित अंकुर विहार थाना क्षेत्र की शंकर विहार कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर का पति और पत्नी का शव कर के अंदर मिला। पत्नी प्रिया (25) का शव बेड के ऊपर था और पति श्याम (28) का शव फंदे से लटका मिला। श्याम का भाई जब घर पहुंचा तो उसे घटना का पता चला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आपसी मतभेद में घटना होना प्रतीक हो रहा है। मूल रूप से एटा गांव गादुरी में रहने वाले श्याम पत्नी प्रिया और बेटी कृष्ण के साथ लोनी के शंकर विहार कॉलोनी में रहते थे। वह करावल नगर दिल्ली में एक दुकान पर काम करते थे। प्रिया नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करती थी। श्याम की बड़ी बहन रूमा ने अपने भाई और भाभी को फोन किया था।

## कोल्ड ड्रिंक और बिस्कुट की एक्सपायर खेप

**गाजियाबाद:** मोदीनगर की गोविंदपुरी छोटी मार्केट स्थित एक कारोबारी के यहां निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नामचीन कंपनियों के एक्सपायर सामान की खेप पकड़ी। एक्सपायर स्टॉक के बारे में कारोबारी कोई संतोष जनक जानकारी नहीं दे सका। एफएसओ ने एक्सपायर्ड खेप को प्रतिबंधित कर कारोबारी को नोटिस जारी किया है। मोदीनगर में बीस दिन में दूसरी बार एक्सपायर्ड सामान पकड़ा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीरा सिंह ने बताया कि नामचीन कंपनियों का एक्सपायर्ड सामान बाजार में बेचे जाने की जानकारी मिल रही थी। एफएसओ मीरा सिंह ने गुरुवार देर शाम गोविंदपुरी छोटी मार्केट में सचदेवा ट्रेडर्स के गोदाम और दुकान का निरीक्षण किया। दोनों स्थानों पर नामचीन कंपनियों की चॉकलेट, बिस्कुट, हेल्थ प्रोडक्ट और कोल्ड ड्रिंक की एक्सपायर्ड खेप मिली।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अबूबकर ऐमे** पुत्र श्री अब्दुलाये निवासी चंदर विहार, निहाल विहार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 359/2022 धारा 354/323/341 भा.द.स. और 14 विदेशी अधिनियम, थाना निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अबूबकर ऐमे** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अबूबकर ऐमे** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 359/2022 धारा 354/323/341 भा.द.स. और 14 विदेशी अधिनियम थाना निहाल विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अबूबकर ऐमे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **21.06.2024** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री आकांक्षा गौतम**
**महानगर दण्डाधिकारी–01**
**कमरा नंबर 252, द्वितीय तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5805/OD/2024



### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा रद्द करना**

प्रशासनिक कारण के कारण एन आई टी संख्या **1-डब्ल्यू–उ.मु.अभि.–टी.एम.सी.–ला.–टी.बी-01-24-25 दिनाक– 03.05.2024** को रद्द कर दिया गया है। जिसे 27.05.2024 को खोला जाना है।

डिटेल्स निचे दिये गए है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | काम के नाम और लागत | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन अगले दो वर्षों में टैम्पिंग बैंकों के 17 सेट (सीएसएम/डब्ल्यूएसटी/वीपीआर = 05 सेट, यूनिमैट–2एस/3एस = 01 सेट, यूनिमैट–4एस/एमपीटी = 02 सेट, एमएफआई = 04 सेट, सीएसएम/डीयूओ संशोधित प्रकार = 02 सेट और पीसीटी/सीआरसीसी = 03 सेट) का ओवरहालिंग का कार्य।<br>**कार्य समाप्त अवधि :-** 15 महीने |

**No. 1-W/Dy.CE/TMC/L/NDLS/Tender Corresp. Dated : .05.2024** 1496/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) **स्टॉल: सोनीपत और दिल्ली शाहदरा स्टेशनों पर**
ख) ट्राली: आनंद विहार टर्मिनल, पालम, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, देवबंद, जींद, जाखल, मानसा, टोहाना, टपरी, नरवाना, जुलाना, शामली, बादली, परतापुर, मुरादनगर, मोदीनगर और खतौली स्टेशनों पर।

- सोनीपत स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (पालम और मोदीनगर), NSG 5 (शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, जिंद, जाखल, मानसा, टोहाना, नरवाना, देवबंद, टपरी, जुलाना, शामली, बादली, मुरादनगर, खतौली और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  - क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  - ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 27.05.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic comm/Comm Cir 2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic comm/Comm Cir 2023/ CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

1495/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidiates set up by the party**

As per the judgement dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation and Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY** Name of the Election: **GENERAL ELECTION 2024 TO LOK SABHA** Name of State/UT: **HARYANA**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Candidate | Name of Constitutuency | Pending Criminal Cases | | | Details about cases of conviction for Criminal Offences | |
| | | | Name of Court | Case No. & Status of the Case(s) | Section of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment Imposed |
| 1. | **Shri Sushil Kumar Gupta** | **02-Kurukshetra** | **(i) Addl. Chief Metropolitan Magistrate (Ms. Tanya Bamniyal)** | **1) CT Case/16/2019** | **(i) Defamation (U/s 499,500,504 & 34 of IPC)** | **NIL** | **NIL** |



# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एक दिन सच्चाई सामने आएगी: स्वाति मालीवाल

## जस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक ना एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी: स्वाति मालीवाल

**सवाल**

**सीएम और उनके निजी सचिव समेत घटना के दौरान सीएम के आवास पर मौजूद स्टाफ से पूछताछ की जाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में हुई मारपीट के मामले में एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह सौफे पर बैठी हैं और पुलिस बुलाने की बात कर रही हैं। वीडियो पर सवाल खड़े करते हुए स्वाति मालीवाल ने इसे राजनीतिक हिटमैन की खुद को बचाने की कोशिश बताया है। उन्होंने कहा, जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक ना एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी। हालांकि स्वाति के सोशल मीडिया पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं है कि वे किसे राजनीतिक हिटमैन कह रही हैं। वीडियो मुख्यमंत्री आवास में उस दिन का है। इसमें सुरक्षा कर्मी स्वाति मालीवाल को बाहर जाने को कह रहे हैं। दूसरी ओर वह कह रही हैं कि उन्होंने 112 नंबर कॉल की है। वह पुलिस को बुला रही हैं। वीडियो कमरे के दरवाजे पर खड़े किसी व्यक्ति ने बनाया है। वीडियो के सामने आने के बाद स्वाति ने ट्वीट कर कहा कि हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। अपने लोगों से ट्वीट्स करवाके, आधी बिना संदर्भ की वीडियो चलाके इसे लगता है ये इस अपराध को अंजाम देके खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर की और कमरे की सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा।

### कौन हैं बिभव कुमार, सीएम केजरीवाल से क्या है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केजरीवाल और बिभव की दोस्ती वर्षों पुरानी है। साल 2015 में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बने बिभव कुमार लंबे समय से सीएम के साथ हैं। बिभव का ताल्लुक बिहार से है। पार्टी सूत्र बताते हैं कि अरविंद केजरीवाल के साथ बिभव की दोस्ती वर्षों पुरानी है। बिभव कुमार वीडियो जर्नलिस्ट के तौर पर काम किया करते थे। उनकी मुलाकात अरविंद के साथ हुई और वह इंडिया अगेंस्ट करप्शन मैग्जीन के लिए काम करने लगे। इंडिया अगेंस्ट करप्शन संस्था ने ही साल 2011 में देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। बिभव शुरू से



ही अरविंद के रोजाना के कार्यक्रम व दूसरे काम को देख रहे थे। सरकार बनने के बाद भी वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दैनिक काम देखा करते थे। हालांकि सतर्कता विभाग ने कुछ सप्ताह पहले ही उनकी नियुक्ति को रद्द कर दिया था। आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने कुछ दिनों पहले आरोप लगाए थे कि उनके साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर सीएम के सहयोगी बिभव कुमार ने मारपीट और बदसलूकी की थी। मालीवाल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल को कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे।

**मदद के लिए चिल्लाने पर भी बिभव करता रहा हमला: स्वाति**

स्वाति मालीवाल का आरोप है कि जब मदद के लिए वह चिल्लाने लगीं तब भी बिभव नहीं रुका। स्वाति बताया कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं लेकिन बिभव नहीं रुका।

# राष्ट्र-विरोधियों की समर्थक...सत्ता हथियाने की भूखी आप: बीजेपी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में इन दिनों चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच सियासी खींचतान जारी है। शुक्रवार को भाजपा ने गठबंधन के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया है। इस आरोपपत्र को भाजपा ने कांग्रेस और आप लूट में भागीदार नाम दिया है। इस आरोप पत्र को दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने जारी किया है। इस आरोप पत्र में भाजपा ने आरोप लगाते हुए कहा कि 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्मी आम आदमी पार्टी का पूरा वरिष्ठ नेतृत्व भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में है। पार्टी का यह पतन अचानक नहीं हुआ है। दरअसल, अपने 9 साल के शासनकाल में दिल्ली की जनता ने जो जनादेश दिया था, उसे धोखा देने का कोई मौका नहीं छोड़ा है। अराजकता और भ्रष्टाचार का राज कायम करने से लेकर दंगाइयों और राष्ट्र-विरोधियों का समर्थन करने और उन्हें बचाने तक, आप एक विघटनकारी शक्ति के अलावा और कुछ नहीं रही है जो अकेले ही सत्ता हथियाने पर केंद्रित है'।

**पहले 15 साल कांग्रेस और अब 9 साल आप ने दिल्ली की जनता का किया:** भाजपा ने आरोप लगाया कि पहले 15 साल कांग्रेस ने और अब पिछले 9 साल में दिल्ली सरकार ने दिल्ली की जनता को नुकसान पहुंचाया है। आप यह दावा करके सत्ता में आई थी कि वे भ्रष्टाचार से लड़ेंगे। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री दिवंगत शीला दीक्षित को 700 पन्नों की चार्जशीट के साथ जेल भेजने का वादा करके खुद को भ्रष्टाचार विरोधी योद्धा घोषित किया था और आज, वे एक बार फिर उसी कांग्रेस से हाथ मिला रहे हैं।

### बड़े पैमाने पर आप ने नौ साल किया भ्रष्टाचार

- **जिम्मेदारी** से बचने के लिए पिछले 9 सालों में अरविंद केजरीवाल ने किसी भी विभाग का कार्यभार नहीं संभाला है उन्होंने किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।
- जल बोर्ड, शराब और महिला सुरक्षा, कक्षा निर्माण और 1000 डीटीसी बसों की खरीद से जुड़े घोटालों ने शासन को रोक दिया है।
- **पैनिक बटन का खोखला प्रचार:** टैक्सियों, ऑटो, डीटीसी और क्लस्टर वसों में लगे पैनिक बटन के ऑडिट में लगभग 100 करोड़ का घोटाला सामने आया।
- आम आदमी पार्टी ने जल माफिया पर नकेल कसने का वादा किया था। हालाँकि, आप शासन में, जल माफिया अधिक शक्तिशाली हो गया है।
- आप पार्टी ने लोकायुक्त को अपने विधायकों की संपत्ति का ब्योरा देने से इनकार कर दिया। दिल्ली के 50 से अधिक आप विधायकों को लोकायुक्त ने संपत्ति का विवरण सार्वजनिक कटने के लिए नोटिस दिया था।

# बेटी-बेटे की हत्या करने के बाद से लापता पिता ने की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केशवपुरम के रामपुरा स्थित सैनी वाली गली में अपनी 13 साल की बेटी और 11 साल के बेटे की हत्या करने के बाद से लापता पिता मनीष ने ऋषिकेश में खुदकुशी कर ली। 10 मई को उनका शव ऋषिकेश स्थित गंगा से बरामद हुआ है। बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस और परिवार वालों ने मृतक के कपड़ों और फोटो से पहचान कर ली। वहां की पुलिस ने पहचान के लिए 72 घंटे रखने के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि 5 मई को दिल्ली पुलिस को सीसीटीवी कैमरे के जरिये मनीष के ऋषिकेश में होने के साक्ष्य मिले थे। उसके बाद से दिल्ली पुलिस वहां की धर्मशाला, आश्रम, अन्य जगहों पर तलाश कर रही थी, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस को पता चला कि 10 मई को ऋषिकेश के मुनी की रेती इलाके में उत्तराखंड पुलिस को गंगा से एक अज्ञात शव मिला था। उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी।

# सीएम दोषी पाए जाएंगे तो उन पर भी होगी कार्रवाई: रेखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राज्यसभा सांसद और पूर्व राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले को लेकर दिल्ली में घमासान मचा हुआ है। भाजपा लगातार आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को घेरने में लगी है। उधर, राष्ट्रीय महिला आयोग भी इस मामले में संज्ञान लिया और केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को नोटिस भेजा था। आज सुबह 11 बजे बिभव कुमार को राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश होना था लेकिन वो पेश नहीं हुए। इसके बाद एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले में



जानकारी दी। एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा कि बिभव ने हमारे नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया है, आज मेरी टीम फिर से नोटिस जारी करने गई है। रेखा शर्मा ने यह भी कहा कि अगर मुख्यमंत्री इसमें दोषी पाए जाएंगे तो पुलिस और हम उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा, 'जब हमने सोशल मीडिया पर यह देखा तो स्वतः संज्ञान लिया। मैं सब कुछ करीब से देख रही थी और मैंने स्वाति मालीवाल से पूरे मामले में शिकायत दर्ज कराने का अनुरोध किया था। मुझे लगता है कि वह सदमे में थीं, क्योंकि कोई भी उम्मीद नहीं कर सकता था कि उन्हें अपने नेता के आवास पर इस तरह से पीटा जाएगा।

**संज्ञान**

**केजरीवाल को घेरने में लगी है। उधर, राष्ट्रीय महिला आयोग भी इस मामले में संज्ञान लिया**

# इंडी सरकार दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ प्राथमिकता से काम करेगी : जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कांग्रेस नेता** जयराम रमेश ने पर्यावरण प्रदूषण को दिल्ली सहित पूरे देश के लिए अहम मुद्दा बताते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ प्राथमिकता से काम करेगी और तय समय सीमा के अंदर फर्क दिखाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में चार चरणों का चुनाव हो चुका है और आने वाली 25 मई को दिल्ली में चुनाव होने वाला है। उन्होंने कहा कि इन चार चरणों के बाद यह साफ हो गया है कि इस बार इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडी गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है और उसकी प्राथमिकता राष्ट्रीय राजधानी में वायु और यमुना नदी में प्रदूषण सहित पांच पर्यावरणीय मुद्दों पर काम करना होगा। इसमें वायु प्रदूषण, अरावली का वनीकरण, यमुना एक्शन प्लान को पुनर्जीवित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि देश में पर्यावरण एक बहुत जरूरी मुद्दा है। यह किसी विशेष व्यक्ति या



**तयसीमा**

**इंडी गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है और पांच पर्यावरणीय मुद्दों पर काम करना होगा: रमेश**

समुदाय की बात नहीं है बल्कि यह हर व्यक्ति के स्वास्थ्य की बात है। दिल्ली के चुनाव में पर्यावरण एक विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पर्यावरण के लिए केंद्र सरकार प्राथमिक रूप से जिम्मेदार है, क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या आसपास के अलग-अलग राज्यों से भी जुड़ी हुई है। आज सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वायु प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। पर्यावरण के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि यदि आप दुनिया भर के महानगरों को देखें तो दिल्ली सबसे प्रदूषित शहरों में से एक होगा। दिल्ली के आसपास 11 बिजली स्टेशन हैं, जो कोयला उपयोग करते हैं। 2009 में सारे बिजली स्टेशनों के लिए वायु प्रदूषण मानक तय किए गए थे, जो इसको लागू नहीं करते थे, उसे बंद करा दिया जाता था। आज असलियत यह है कि 11 बिजली स्टेशनों में से 9 में किसी न किसी तरह मानकों का उल्लंघन हुआ है।

# 'आआपा' ने बदला रुख, कहा स्वाति मालीवाल झूठ बोल रही

**नई दिल्ली: आम आदमी** पार्टी (आआपा) ने स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए के मारपीट करने की बात स्वीकारने के बाद अब अपना रुख बदल लिया है। पार्टी नेता आतिशी ने संजय सिंह के बयान को अधूरी जानकारी पर आधारित करार देते हुए कहा है कि आज सामने आया वीडियो स्पष्ट करता है कि भाजपा के कहने पर स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री को फंसाने की साजिश रची है। उधर, इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने भी दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक स्वाति मालीवाल मुख्यमंत्री आवास में जबरदस्ती दाखिल हुई थीं।

# हिमांशु भाऊ गैंग का कुख्यात मुठभेड़ में ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हिमांशु भाऊ गैंग का कुख्यात गैंगस्टर पुलिस मुठभेड़ ढेर हो गया। कल, यानी गुरुवार को स्पेशल सेल को सूचना मिली थी कि विदेश में बैठे गैंगस्टर हिमांशु भाऊ गैंग का एक शूटर अजय सिंगरोहा निवासी गांव रिटोली, जिला रोहतक, बाहरी दिल्ली के गांव खेड़ा खुर्द में आएगा। पुलिस ने सूचना के आधार पर एक ट्रैप लगाया। पुलिस ने आरोपी को रोकने की कोशिश की लेकिन उसने फायरिंग करना शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शूटर अजय 06 मई 2024 को थाना तिलकनगर, दिल्ली के एक सनसनीखेज हत्या के प्रयास और 10 मार्च 2024 को मुरथल के गुलशन ढाबे पर दिनदहाड़े हुए सुंदर नामक व्यक्ति के हत्याकांड में वांछित था। जहां मुरथल ढाबे वाली बर्बर घटना में अपराधी अजय द्वारा मृतक गुलशन को गाड़ी से खींच कर निकालते हुए, फिर दौड़ा-दौड़ा कर गोलियों से भूनते हुए घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हुआ था।

वहीं तिलकनगर वाली घटना में सरेशाम, भीड़भाड़ के बीच, राष्ट्रीय राजधानी के एक उच्चवर्गीय इलाके में अपराधी द्वारा एक शोरूम के बाहर फिरौती के लिए की गई अंधाधुंध फायरिंग ने उस इलाके में भय का माहौल पैदा कर दिया गया था। स्पेशल सेल को मिली सूचना के आधार पर कुख्यात आरोपी को पकड़ने के लिए एक ट्रैप लगाया गया। रात के करीब 11.30 बजे आरोपी को एक हौंडा सिटी गाड़ी में देखा गया। पुलिस पार्टी द्वारा उसे रुकने व आत्मसमर्पण के लिए कहा गया। इस पर अभियुक्त ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू की और जवाबी कार्रवाई में पुलिस और अभियुक्त की आपस में मुठभेड़ हो गई।



# 'केजरीवाल के सामने महिला सांसद पर लात-घूंसे पर इंडी अलायंस की चुप्पी शर्मनाक'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को स्वाति मालीवाल प्रकरण पर कहा कि दिल्ली के सीएम आवास पर मुख्यमंत्री के सामने उनकी ही पार्टी की महिला सांसद के ऊपर मुख्यमंत्री के सहायक ने अत्याचार किया। उसने लात घूंसे चलाए लेकिन इस पर कारवाई करने की बजाय अरविंद केजरीवाल ने मौन धारण किया हुआ है। वह आरोपित के साथ घूम-घूम कर चुनाव प्रचार करने में लगे हैं।

अनुराग ठाकुर ने इसे बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जिस दिल्ली में निर्भया कांड हुआ और महिला अपराधों के खिलाफ सख्त नियम कानून बनाए गए, वहां आज नियम कानून बनाने वाले अपनी ही महिला सांसद के साथ शारीरिक हिंसा कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ पूरा इंडी गठबंधन आज इस प्रकरण पर चुप है। संदेशखाली की महिलाओं की चीख पुकार भी इनके कानों तक इसी प्रकार नहीं पहुंच रही थी। महिला सम्मान का ढोंग रचने वाले विपक्षी आज जनता के सामने पूरी तरह से एक्सपोज हो चुके हैं। ये लोग अपनी ही महिला सांसद के खिलाफ हुए अत्याचार पर खड़े नहीं हो सकते तो आम जनता के लिए क्या खड़े होंगे? अनुराग ठाकुर ने अरविंद केजरीवाल को बेहद स्वार्थी बताते हुए कहा कि केजरीवाल को सिर्फ चुनाव प्रचार के नाम पर कंडीशनल बेल मिली है फिर भी वे आज केवल इस बात पर वोट मांग रहे हैं कि उन्हें फिर जेल ना जाना पड़े।

ये दिखाता है कि ये लोग कितने स्वार्थी, सेल्फ सेंटर्ड और अनैतिक हैं।

# दो युवकों के साथ सामूहिक कुकर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वसंतकुंज (साउथ) थाना इलाके में दो युवकों के साथ सामूहिक कुकर्म का मामला सामने आया है। युवकों को आरोपी आया नगर के जंगल में स्थित खंडहर में ले गए और वहां पांच लोगों ने दोनों के साथ सामूहिक कुकर्म किया। आरोप है कि उनकी अश्लील वीडियो बनाई। इसके बाद मारपीट कर मोबाइल भी छीनकर ले गए। वसंतकुंज (साउथ) थाना पुलिस ने मामला दर्जकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से लूटे गए मोबाइल बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस फरार दो आरोपियों की तलाश कर रही है। पीड़ित ने शिकायत में कहा कि वह घटना वाले दिन रात को करीब 11.30 बजे खाना खाने के बाद अर्जन गढ़ मेट्रो स्टेशन की तरफ साथी के साथ टहलने निकला तो वहां पहले से ही कुछ लड़के खड़े थे, जो शराब के नशे में लग रहे थे। उनमें से शेखर गुज्जर ने शुरूआत की। उन्होंने



जबरदस्ती मोबाइल फोन ले लिया। मोटरसाइकिल पर बैठाकर एक खाली कमरे में ले गए। वहां कोल्ड ड्रिंक, शराब और सिगरेट दी। आरोपियों ने दोनों युवकों के साथ कुकर्म किया। जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि इंस्पेक्टर पवन दहिया, एसआई अशोक कुमार, हवलदार सतपाल, संदीप व रामनिवास की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपियों की पहचान आया नगर निवासी अभिषेक उर्फ शेखर गुज्जर, बृजेश पंडित व सूरज कंडारी के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



# सैनी का धुआंधार प्रचार अभियान, कार्यकर्ताओं से आम वोटर तक से अपने अंदाज में संपर्क किया

## कांग्रेस अपनी विचारधारा से देश को कमजोर कर रही है, वहीं प्रधानमंत्री मोदी जी की विचारधारा देश को मजबूत कर रही : नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** करनाल में अपने चुनाव प्रचार में तेजी लाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। नायब सैनी ने बूथ अध्यक्षों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा हर कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता को सरकार के कार्यों को विस्तार से बताये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हरियाणा प्रदेश से काफी लगाव है। दस वर्षों के मोदी सरकार के शासनकाल में हरियाणा के विकास पर खासा ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज विचारधारा की लड़ाई है। कांग्रेस अपनी विचारधारा से देश को कमजोर कर रही है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा देश को मजबूत कर रही है। वे एक



भारत श्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। देश को बचाने के लिए हम सब मिलकर बीजेपी को वोट दें। मुख्यमंत्री सैनी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के घर में जब कोई महिला कार्यकर्ता सुरक्षित नहीं है। तो वे दूसरी महिलाओं की सुरक्षा कहां से करेंगे। उनकी पार्टी की पूर्व दिल्ली महिला आयोग की सदस्य और राज्यसभा सांसद के साथ दुर्व्यवहार हो जाता है तो ऐसे में वे देश को सुरक्षित करने बात करते हैं, यह हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। 2019 में देश में दूसरा बड़ा मतदान करने वाला करनाल रहा है इस बार 2024 में करनाल को भारी मतदान कर पहले स्थान पर लाना है, सभी लोग

**वोट मांगा**

**▶▶ कांग्रेस में मंचों पर कुर्ता फाड़ कार्यक्रम तेजी से चल रहा है वे किसी प्रदेश का कैसे विकास करेंगे: सीएम**

25 मई को भारी संख्या में मतदान करें। उन्होंने कहा कि करनाल में दो चुनाव हो रहे हैं। लोकसभा के लिए एक ईवीएम में नंबर 4 को दबा कर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को और विधानसभा के लिए ईवीएम में नंबर दो का बटन दबा कर कमल के दो फूल खिलाएं। उन्होंने कार्यकताओं को विश्वास दिलाया कि वे उनका मान कभी गिरने नहीं देगें। 4 जून को आचार संहिता हटने के बाद उनके साथ बैठक कर हरियाणा और गांवों के विकास की रणनीति बनाएंगे। कोई भी अधिकारी हमारे कार्यकताओं के साथ अभद्रता नहीं कर सकता है। आज हरियाणा के घरों में 24 घंटे बिजली रहती है। बिजली को लेकर कांग्रेस के शासन काल में बहुत बुरा हाल था। प्रधानमंत्री मोदी को हरियाणा प्रदेश से काफी लगाव है। दस वर्षों के मोदी सरकार के शासनकाल में हरियाणा के विकास पर खासा ध्यान दिया गया है। हरियाणा का हर जिला फोर लेन और एक्सप्रेस -वे से जुड़ गया है। कांग्रेस के खिलाफ उन्होंने कहा कि कांग्रेस में मंचों पर कुर्ता फाड़ कार्यक्रम तेजी से चल रहा है वे किसी प्रदेश का कैसे विकास करेंगे।

## हरियाणा में 18 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है वैसे-वैसे हरियाणा में भाजपा के आला नेताओं की ताबड़तोड़ रैलियां और कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 मई शनिवार को हरियाणा में दो रैलियां करेंगे। दोपहर को अंबाला लोकसभा और शाम को सोनीपत लोकसभा के गोहाना में रैलियां कर माहौल को पूरी तरह भाजपा के पक्ष में करेंगे। भाजपा हरियाणा के मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि हरियाणा में प्रधानमंत्री की इन दो रैलियों के बाद भी एक के बाद एक स्टार प्रचारकों की रैलियां और कार्यक्रम 23 मई तक लगातार जारी रहेंगे। एक -एक नेता के एक -एक दिन में कई-कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। 18 मई को प्रधानमंत्री की रैलियों के बाद 19 मई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तीन रैलियां रखी गई है। भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 19 को फरीदाबाद, कैथल और करनाल से शक्तिशाली और विकसित भारत के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनआशीर्वाद मांगेंगे। इसी तरह 19 मई को ही राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी फरीदाबाद के पलवल में भाजपा के लिए वोट करने की अपील जनता से करेंगे।

20 मई को प्रदेश में गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सतपाल महाराज जैसे तीन बड़े नेताओं के कार्यक्रम रहेंगे। 20 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा में रहेंगे।

हिसार और करनाल लोकसभा में उनकी रैलियों का कार्यक्रम तय हो चुका है। इसी दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर में सिरसा की अनाज मंडी में तथा शाम को रोहतक लोकसभा के झज्जर में रैली को संबोधित करेंगे।

**न्यूज फ्लैश**

### फतेहाबाद में पारा 46 डिग्री तक पहुंचा, सुनसान पड़े बाजार

**फतेहाबाद: हरियाणा** में गर्मी से हाहाकार मचा है। भीषण गर्मी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सूरज इस कदर आग उगल रहा है कि हरियाणा का अधिकतम तापमान 47 डिग्री तक पहुंच गया है। शुक्रवार को फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जोकि इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। 31 मई तक प्रदेश में गमर्ही का प्रकोप पीक पर रह सकता है। इसको लेकर विभाग द्वारा हीट वेव तक का अलर्ट जारी किया गया है। फतेहाबाद में सुबह से ही सूर्य देव की तेज किरणों ने लोगों के पसीने छुड़वा दिए। दोपहर तक तो हालात इस कदर बिगड़ गए कि तापमान 46 डिग्री तक जा पहुंचा और लोग घरों में ही दुबक गए। फतेहाबाद में दिन भर गर्म हवाएं चलती रही, जिसकी वजह लोग घर में रहने के लिए मजबूर हुए। शहर में गर्मी का सितम ऐसा था कि दोपहर के वक्त बाजार तथा सडकें सुनसान दिखीं। ऐसा लग रहा था कि जैसे शहर में कर्फ्यू लगा हो। बढ़ते तापमान की वजह से ठंडे और पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ गई है।

**गर्मी व लू से बचाव को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी:** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

### फरीदाबाद : वीएमसी मशीन में फंसने से हुई युवक की मौत

**फरीदाबाद: सेक्टर**-59 स्थित निजी कंपनी में सफाई करते समय वीएमसी मशीन में फंसने से एक युवक की मौत हो गई। शुक्रवार को मृतक की पहचान 26 वर्षीय मनोज के रुप में हुई है, जो कि मूलरुप से उत्तरप्रदेश का रहने वाला बताया गया है। परिजनों का कहना है गुरुवार को मृतक मनोज अपने काम पर गया था, जिसके बाद शाम को मशीन में फंसने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। उनका कहना है कि उनके पास रात 11 बजे फोन गया कि युवक मशीन में फंसा है जिसके कारण इनको चोट आई है लेकिन जब तक युवक की मृत्यु हो चुकी थी। उनका कहना है कि मृतक बल्लभगढ़ के हरि विहार कॉलोनी का रहने वाला है। उनका कहना है कि कंपनी वाले बोल रहे है की किसी व्यक्ति ने भूल में मशीन का बटन दबा दिया जिसके कारण यह हादसा हुआ जबकि सभी फोर्थ क्लास कर्मचारी उनको कह रहे है कि मशीन में खराबी है। उनका कहना है कि निष्पक्ष जाँच हो और कार्यवाही की जाए। उनका कहना है कि मृतक अभी अकेला रहता था उसकी शादी नहीं हुई थी। परिजनों का कहना है कि वीएमसी मशीन थी जिसमें फंसने के कारण युवक की मृत्यु हुई है।

उनका कहना है कि कंपनी द्वारा सहयोग दिया जाए। उनका कहना है कि कंपनी का स्टाफ कह रहा है कि कंपनी मालिक को अभी इसके बारे में जानकारी नहीं है और वह कनाडा में रहते है जिसके कारण उनको अभी फोन नहीं किया जा सकता। कंपनी में फहीम और दिनेश नाम के युवक से बात हुई है। सेक्टर-58 थाना एसएचओ अनूप सिंह का कहना है कि मनोज नाम के युवक की मृत्यु हुई है जो की बल्लभगढ़ के हरिविहर में किराया पर रहता था लेकिन वह मूल रूप से यूपी का रहने वाला है। परिजनों द्वारा स्टेटमेंट ली जा रही है। जाँच के बाद जो भी कार्यवाही होगी अमल में लाए जाएगी।

## चोरी के मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने चोरी के मामले में पकड़े जाने के बाद जेल से जमानत पर आकर फरार होने वाले आरोपी को वीरवार देर शाम सिवाह बस अड्डा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान इंतजार निवासी दौघट बागपत हाल बनत शामली यूपी के रूप में हुई। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2003 में आरोपी इंतजार पानीपत में विकास नगर में किराये के कमरे में रहता था। आरोपी ने 2 नवम्बर 2003 को पास में किराये के कमरे पर रहने वाले अपने गांव निवासी अरूण के कमरे से 1.16लाख रुपए चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। थाना चांदनी बाग में अरूण पुत्र लक्ष्मीचंद निवासी दौघट शामली यूपी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। अरूण ने प्लाट की रजिस्ट्री करवाने के लिए कमरे पर पैसे रखे थे। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने वारदात के 10 दिन के दौरान ही आरोपी इंतजार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की नगदी में से बचे 60 हजार रुपए बरामद कर पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे न्यायिक वर्ष 2004 में आरोपी बेल पर जेल से बाहर आ गया था।

## कांग्रेस ने भी मान लिया कि मोदी फिर पीएम बन रहे: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/करनाल:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है और हमें इस चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करना चाहिए और अधिवक्ता इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मुख्यमंत्री जिला बार करनाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। इस अवसर पर जगमोहन आनंद, संजय बाठला, जिला बार के प्रधान रोहित शर्मा, सचिव जगत कुमार, अधिवक्ता अशोक कुमार, रमेश शर्मा, राजकुमार चौहान सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कांग्रेस ने भी मान लिया है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन रहे हैं लेकिन अब वह इस जुगाड़



में लगी है कि भाजपा को 400 पार करने से कैसे रोका जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव में एक-एक वोट की बहुत कीमत होती है और कई बार एक वोट से परिस्थिति बदल जाती है। उन्होंने कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री थे और विश्वास मत में सरकार के पास एक वोट कम था। प्रमोद महाजन ने अटल बिहारी को कहा कि वह एक वोट की व्यवस्था कर सकते हैं तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि वह वोट खरीद कर देश नहीं चलाएंगे। अगर उन्हें लोगों ने वोट दिया तो वह देश का विकास करेंगे वोट नहीं दिया तो जनता के बीच जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा आज जिस स्थिति में है वह एक दिन में नहीं हुई। अटल बिहारी वाजपेयी ने पहले

**वोट की अपील**

**▶▶ चुनाव में एक-एक वोट की बहुत कीमत होती है और कई बार एक वोट से परिस्थिति बदल जाती है**

13 दिन की सरकार चलाई। उसके बाद 13 महीने की सरकार चलाई और उसके बाद 5 साल की सरकार चलाई। जिसमें उन्होंने भारत के मजबूत विकास की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में बड़े बदलाव धीरे-धीरे हो रहे हैं। अभी केंद्र सरकार ने अंग्रेजों के समय से चले आ रहे इंडियन पेनल कोड को बदलने का काम किया है।

## ढांडा ने बैलेट पेपर से चुनाव को लेकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल: आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता की और बैलेट पेपर से चुनाव को लेकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उनके साथ मास्टर सतबीर गोयत, उमेश शर्मा और पुरूषोतम सरपंच भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से ज्यादा आयु के वोटर और दिव्यांग वोटरों के बैलेट पेपर से वोटिंग करवाई जा रही है। इसमें गंभीर लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सीधे मुकाबले में हार रही है। इसलिए



प्रशासन की मदद से इस प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से ये चुनाव करवाया जा रहा है। उससे स्पष्ट होता है कि चुनाव आयोग इसको लेकर गंभीर नहीं है। जिस लिफाफे में बैलेट पेपर को डाला जा रहा है, उस पर सील नहीं लगाई जा रही। वहीं बैलेट बॉक्स को भी सील नहीं किया गया है, सिर्फ ताला लगाकर ही बिना किसी प्रशासनिक सील के छोड़ दिया गया है।

## तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को किया गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

थाना सनौली पुलिस की टीम 480 ग्राम चरस तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को यूपी के मंडावर गांव से गिरफ्तार कर लाई। आरोपी की पहचान शाहरूख निवासी मंडावर शामली यूपी के रूप में हुई। थाना सनौली प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि गत 6 जनवरी को पत्थरगढ़ से राणा माजरा की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर यमुना बंधा के नजदीक नाकाबंदी कर सीआईए वन पुलिस टीम ने करनाल के गुरू नानकपुरा के सौरभ व राम नगर के जयबीर को 480 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया था।

## हिसार में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट निर्माणाधीन: नैना



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** जननायक जनता पार्टी की लोकसभा उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला ने कहा है कि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के विशेष प्रयासों से ही आज हिसार में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट निर्माणाधीन है और यह एयरपोर्ट हिसार की प्रगति में चार चांद लगाएगा। उन्होंने कहा कि जो विरोधी नेता इस एयरपोर्ट को केवल हवाई पट्टी बता रहे है, वही लोग एयरपोर्ट बनने के बाद अटैची लेकर यहां से हवाई सफर करते हुए नजर आएंगे। नैना चौटाला शुक्रवार को चुनाव प्रचार के दौरान उकलाना में ग्रामीणों से रूबरू थी। जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला ने कहा कि किसी एयरपोर्ट की शुरूआत हवाई पट्टी बनाने से ही होती है क्योंकि अगर हवाई पट्टी ही नहीं बनेगी तो जहाज कैसे एयरपोर्ट पर उतरेंगे और उड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हिसार में इंटरनेशनल लेवल की हवाई पट्टी बन चुकी है, बड़े-बड़े गोदाम भी बन रहे है और जहाजों को खड़ा करने के लिए हैंगर की व्यवस्था भी की जा रही है। नैना चौटाला ने

**साधा निशाना**

**▶▶ जो नेता इस एयरपोर्ट को केवल हवाई पट्टी बता रहे है, वही अटैची लेकर हवाई सफर करते हुए नजर आएंगे**

कहा कि वह दिन भी दूर नहीं, जब दुष्यंत चौटाला के किए गए प्रयास रंग लाएंगे और हिसार के लोगों को हवाई सफर की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नैना सिंह चौटाला ने आगे कहा कि बतौर नागरिक उड्डयन मंत्री दुष्यंत चौटाला ने साढ़े चार साल में एविएशन सेक्टर को विकसित करने पर खासा फोकस किया था। उन्होंने कहा कि हरियाणा में न केवल कई हवाई पट्टियां का विकास हुआ बल्कि आज हिसार में 7500 एकड़ में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट निमार्णाधीन है। नैना चौटाला ने कहा कि दुष्यंत चौटाला के प्रयास से युवाओं को पायलट ट्रेनिंग देकर नौकरी दिलाने जैसे अनेक काम हुए हैं।

## कुरुक्षेत्र लोकसभा के दौरे पर रहेंगे सीएम मान : डॉ. सुशील

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र: आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर सीएम नायब सिंह को घेरा। इस दौरान संयुक्त किसान मोर्चा कुरुक्षेत्र और भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह की टीम ने इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया। इनमें प्रदेश महासचिव संजीव आसापुर, कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष संजु नंबरदार, प्रदेश प्रवक्ता जयभगवान काला, प्रदेश प्रचार मंत्री सूरज कपूर, दिलबाग सिंह, गुरजेंट सिंह, शीशन बुरा नंबरदार, मनू बुरा, विपिन



आलमपुर, रघबीर बिल्लू, सुनील बतान, बिंद्र चंद्र भानपुर, दिनेश किरमच, रोशन खेड़ी रामनगर, हेमराज तायल, नरेंद्र जोगनाखेड़ा, राजेश बूरा और सुमित संगरोहा समेत सैंकड़ों किसानों ने इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कुरुक्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुरुक्षेत्र में लगातार प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का आशीर्वाद मिलता जा रहा है। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा का दौरा किया था।

जिसमें जनता का भरपूर समर्थन देखने को मिला। इसी कड़ी में 18 मई को पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान कुरुक्षेत्र लोकसभा पहुंच रहे हैं। सुबह 10 बजे पूंडरी पहुंचेंगे, दोपहर 2:00 गुहला के सीवन, दोपहर 3:00 पेहवा के इस्माइलाबाद और शाम साढ़े 4:30 बजे शाहबाद में रोड शो करेंगे। पंजाब सीएम सरदार भगवंत मान को सुनने के लिए कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता काफी उत्साहित है। उन्होंने कहा कि बीजेपी बुरी तरह से डरी हुई है।

## डॉ. भीम राव अंबेडकर का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने किया: पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/रोहतक:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने रोहतक में कांग्रेस को घेरे में लिया। पंवार ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का सबसे ज्यादा अपमान आज तक किसी ने किया है तो वह कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने बाबा साहेब के बनाए गए संविधान में अब तक 100 से भी अधिक बार संशोधन किया। अब कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर रही है कि भाजपा आरक्षण समाप्त कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कांग्रेस झूठा प्रचार करके आरक्षण और बाबा साहेब के नाम पर वोट हड़पना चाहती है। यहां भाजपा मंगल कमल कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सदन में प्रधानमंत्री ने जवाहर लाल नेहरू की लिखी वो चिट्ठी भी पढ़ी थी जिसमें नेहरू ने लिखा था कि देश तरक्की की राह पर है और आरक्षण खत्म कर देना चाहिए। अब कांग्रेस के नेता झूठा प्रचार कर रहे हैं कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है। बाबा साहेब का अपमान करने वाली कांग्रेस को पता होना चाहिए कि भीमराव अंबेडकर का सबसे ज्यादा सम्मान ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। मोदी ने ही बाबा साहेब को भारत रत्न दिलवाया। अंबेडकर जयंती की छुट्टी भी प्रधानमंत्री ने ही घोषित करवाई। अंबेडकर के नाम पर म्यूजियम बनवाया। जबकि कांग्रेस ने दलित भाईयों का अपमान किया। पत्रकार वार्ता के दौरान पंवार के साथ भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, प्रवक्ता नेहा धवन, घुमंतू जाति के चेयरमैन डॉ. बलवान, मीडिया सहप्रमुख नवीन राठी, अशोक खुराना, जिला मीडिया प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि भाजपा ऐसी पहली पार्टी है जिसने डॉ. भीमराव अंबेडकर, संत कबीर दास, गुरु रविदास, महर्षि वाल्मीकि जयंती को सरकारी तौर पर मनाए जाने का फैसला लिया और मनाई भी।

## स्व. कटारिया की पहली पुण्यतिथि पर पीएम मोदी करेंगे रैली : ज्ञानचंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला:** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि पूर्व सांसद स्व. रतनलाल कटारिया की पुण्य तिथि 18 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबाला में एक बड़ी रेली को संबोधित करेंगे। पंचकूला विधानसभा से हजारों लोग मोदी को सुनने अंबाला जाएंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री को देखने और सुनने के लिए लोगों में जबरदस्त जोश और उत्साह है। श्री गुप्ता शुक्रवार को भाजपा चुनाव कार्यालय एससीओ नंबर 413 सेक्टर -8 में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर श्री गुप्ता ने किसानों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को दूसरी पार्टियों द्वारा प्रायोजित बताया। इस



मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग, विधानसभा संयोजक हरेंद्र मलिक भी उपस्थित रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 18 मई को अंबाला में होने वाली रैली को लेकर पिछले दो दिनों में कई बैठकें हुई और इन बैठकों में कार्यकताओं तथा पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोदी जी की रैली का निमंत्रण भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर गांव व शहरों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की

**भव्य होगी रैली**

**▶▶ पंचकूला विधानसभा से हजारों लोग जाएंगे अंबाला, मोदी को देखने और सुनने के लिए लोगों में उत्साह**

रैली बड़ी और भव्य होगी। उन्होंने कहा कि पंचकूला विधानसभा से हजारों लोग अंबाला पहुंचेंगे जिनकी व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने कहा कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र की जनता हमेशा भाजपा के साथ रही है। पिछली बार भी 3 लाख 75 हजार वोटों से भाजपा ने यहां जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा इस बार भाजपा का लक्ष्य 5 लाख वोटों से जीत हासिल करना है। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंबाला से विशेष लगाव रहा है। नरेंद्र मोदी प्रदेश प्रभारी के रूप में हरियाणा रहे हैं और अंबाला के एक-एक कार्यकर्ता से उनके व्यक्तिगत संबंध हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का हम सभी को मार्गदर्शन मिलेगा और कार्यकताओं में नए जोश और नई उर्जा का संचार होगा। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के रेवाड़ी से अपनी पहली रैली की थी। तभी से मोदी जी का लगाव हरियाणा से और अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि पंचकूला और कालका विधानसभा से 10 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता अंबाला पहुंचेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### फालोअप- नवीन ने अस्पताल से चुराये थे 5 इंजेक्शन, सुषमा ने दलबीर को लगाए थे 5-5 एमएल के 2 इंजेक्शन

**गन्नौर । सहायक पंप** आपरेटर दलबीर की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपित नवीन व सुषमा का वीरवार को रिमांड समाप्त हो गया। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने आरोपितों से मोटरसाइकिल व इंजेक्शन बरामद कर लिए हैं। रिमांड समाप्त होने के बाद आरोपितों को अदालत में पेश कर आदेशानुसार जेल भेज दिया है। गन्नौर थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपित नवीन ने बताया कि उसने अस्पताल से 5-5 एमएल के 5 एटरा क्यूरियम के इंजेक्शन चुराये थे। सुषमा ने नवीन के पिता को 5-5 एमएल के 2 इंजेक्शन लगाए थे। इंजेक्शन की ओवरडोज होने से उनकी मौत हुई थी। जबकि नवीन के भाई परमिंदर ने इंजेक्शन लगवाने से मना कर दिया तो सुषमा बाकी बचे इंजेक्शनों के साथ-साथ दोनों खाली शीशियों को भी अपने साथ ले गई। नवीन उसे बाइक पर बैठा कर उदेशीपुर छोड़ कर आया था। जहां सुषमा ने इंजेक्शन की खाली शीशियों व सिरिंज खेतों में फेंक दी। बाकी बचे तीन इंजेक्शन उसने सोनीपत में गंदे नाले के पास फेंक दिए थे। पुलिस ने सुषमा की निशानदेही पर उदेशीपुर के खेत से खाली शीशियों व सिरिंज और सोनीपत गंदे नाले के पास से तीन भरे हुए इंजेक्शन बरामद कर लिए हैं। इसके अलावा पुलिस ने नवीन की मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है। दोनों आरोपितों को अदालत के आदेशनुसार जेल भेज दिया गया है।

### चोरी के शक में युवक की हत्या करने वाले पांच आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नई अनाज मंडी** में चोरी के शक में पीट-पीटकर एक युवक की हत्या करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना शहर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दीपक पुत्र जगदीश वासी चांद सराय जुण्डला गेट करनाल, नरेश पुत्र जगन वासी गांव हथलाना थाना निसिंग, मनीश पुत्र अनिल कुमार वासी कुटेल थाना घरौंडा, जगदीश पुत्र बुधराम वासी तरावड़ी और पंकज पुत्र देशराज वासी लालुपुरा थाना घरौंडा के नाम शामिल हैं। थाना शहर प्रबंधक उप निरीक्षक सुल्तान सिंह ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि 15 मई को मृतक कर्ण के साथ उसका दोस्त पवन भी घर से आया था। जब पवन की तलाश कर उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ नई अनाज मंडी में गेहूं की बोरियों के पास बैठा था, तभी मंडी चौकीदार व कुछ अन्य वहां आए और उन्हें पकडकर पीटने लगे।

### दो बच्चों की मां संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आनंद विहार** क्षेत्र से एक महिला अपने दो बच्चों के साथ संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। परिजनों ने एक व्यक्ति पर महिला को अपने साथ भगा ले जाने का आरोप लगाया है। आरोपी ने फोन पर भी धमकी दी थी कि वह महिला को अपने साथ भगा ले जाएगा। परिजनों ने अपने लेवल पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। लापता महिला की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी बेटी की उम्र 25 वर्ष है, जिसके पास दो बच्चे हैं। इनमें एक आठ साल का लडका है और उससे छोटी एक लडकी है। आज उसकी बेटी अचानक बच्चों को लेकर लापता हो गई। शिकायतकर्ता ने बताया है कि उसके पास 14 मई को एक कॉल आया था, जिसमें कॉलर ने कहा था कि वह मेरी बेटी को अपने साथ भगा ले जाएगा और धमकी भी दी थी कि तुमसे जो होता हो, कर लेना।

# स्टेज पर नेताओं की नो एंट्री, बैठेंगे 36 बिरादरी के योद्धा: जयहिंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**जयहिंद सेना प्रमुख** नवीन जयहिंद शुक्रवार को पानीपत वासियों को जन्मोत्सव का चूल्हा न्यौत देने पहुँचे । इस मौके पर जयहिंद ने पानीपत की संजय कॉलोनी में भगवान- परशुराम जन्मोत्सव के असवर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर कहा कि आगामी 19 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा और यहाँ पहुचें सभी भक्तों का चूल्हा न्योता है परिवार सहित 19 को पहरावर जरुर पहुंचे` देश में अयोध्या में श्री राम की सबसे बड़ी मूर्ति लगाई गई हैं और पहरावर में 121 फीट भगवान- परशुराम मंदिर मूर्ति निर्माण की नींव रखी जाएगी` भगवान परशुराम की मूर्ति न्याय, मान-सम्मान और स्वाभिमान की प्रतिक होगी सामाजिक योद्धाओं (36 बिरादरी) को जिन्होंने पहरावर की जमींन के लिए संघर्ष किया और समाज के हक की आवाज उठाते है उन्हे भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सम्मानित किया जायेगा जयहिंद ने कहा 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हे आवाज उठानी चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के लिए तैयार रहना चाहिए । गरीब कमजोर की लड़ाई लड़ने वाला ही परशुराम का असली चेला होता है और जो आवाज नहीं उठा सकते वह किसी भी भगवान के भक्त नहीं हो सकते । जयहिंद ने साथ ही कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर - राजनीतिक और सामाजिक रहेगा ` किसी भी तरह से राजनीतिक बयानबाजी इस कार्यक्रम नहीं होगी` साथ ही स्टेज पर नेताओं को नहीं 36 बिरादरी के उन योद्धाओं को स्थान और सम्मान मिलेगा जिन्होंने समाज के हक की लड़ाई के लिए फरसा उठाया` उस लड़ाई में तन -मन धन से साथ दिया` भ्रष्ट , बेईमान और झूठे लोग इस कार्यक्रम में न आये जयहिंद ने कहा कि इस मौके पर देशी घी का भंडारा किया जायेगा और 36 बिरदारी के लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेगे` प्रदेश ही नहीं बल्कि दुसरे राज्यों से भी परशुराम भक्त इस जन्मोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचेंगे साथ ही जयहिंद ने कहा कि जन्मोत्सव में लोग अपनी शासन और प्रशासन से जुड़ी समस्याओं लेकर आयेंगे। समाधान के लड़ाई वे लड़ेंगे। देवी -देवताओं के आशीर्वाद से लोगों की आवाज उठाने का काम कर रहे है।

## मोहनलाल के समर्थन में कविता-राजीव जैन ने किया रोड शो



**सोनीपत।**
**पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता** जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ोली के समर्थन में मिशन चौक से लेकर कालूपुर चुंगी तक जबरदस्त रोड शो के माध्यम से दुकानदारों से वोट की अपील की। पूर्व मंत्री अनिल ठकर भी साथ रहे। मिशन चौक से ढोल नगाड़ों के साथ जैसे ही रोड शो शुरू हुआ दुकानदारों ने फूल बरसाकर और मालाएं पहनाकर स्वागत किया। पूरे रास्ते दुकानदारों ने स्थान - स्थान पर समूह के रूप में इकट्ठे होकर समर्थन दिया। कविता जैन ने कहा की हम व्यापारियों के सुख-दुःख में हमेशा साथ खड़े रहे हैं, इसलिए एक-एक वोट भाजपा के प्रत्याशी को देकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनायें। राजीव जैन ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थवयवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए व्यापार को सुगम बनाने, उनकी सामाजिक सुरक्षा की चिंता अटल पेंशन योजना के माध्यम से करने का काम भाजपा सरकार ने किया है।

## पाइट एनसीआर कॉलेज के 18 छात्र-छात्राओं को जॉब मिली



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**पाइट एनसीआर कॉलेज** के 18 छात्र-छात्राओं की विभिन्न कंपनियों में नियुक्ति हो गई। कॉलेज में छात्रों ने जश्न मनाया। कॉलेज मैनेजमेंट ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। सचिव सुरेश तायल व वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि टाटा, वेव टैक?स, रिवेरा, एंब्रेन इंडिया, एकेडमोर, साहिब इंटरनेशनल में छात्र-छात्राओं की प्लेसमेंट हुई है। छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए कॉलेज में समय-समय पर इंडस्ट्री आधारित ट्रेनिंग कराई जाती है। छात्रों को इंडस्ट्री ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है। इससे पढ़ाई करते हुए ही स्टूडेंट्स की समझ विकसित हो जाती है। कंपनी में तुरंत जॉब मिल जाती है। छात्रों का कॉलेज में स्वागत किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, प्रिंसिपल डॉ.दीपक राज, डॉ.श्वेता सरोहा, पारुल मिश्रा, डॉ.मीनाक्षी, प्लेसमेंट कोर्डिनेटर सौरभव मौजूद रहे।

## बीपीआर कॉलेज में हुआ मतदाता जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : भगवान परशु राम** कॉलेज कुरूक्षेत्र में मेरा पहला वोट, देश के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. वैशाली शर्मा, आईएएस, अतिरिक्त उपायुक्त एवं प्रशासक भगवान परशुराम कॉलेज कुरूक्षेत्र रहीं। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने बताया कि हमारे महाविद्यालय के नोडल अधिकारी चुनाव, स?पोर्टस, एनएसएस, एनसीसी और समाज कार्य के विद्यार्थियों ने न केवल आसपास के शहरी क्षेत्र अपितु आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया है। उन?होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम में अतिरिक?त उपायुक?त डॉ. वैशाली शर्मा मुख्यातिथि के रूप में आई है यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इसअवसर पर बोलते हुए डॉ. वैशाली शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सबकी भागीदारी ही लोकतंत्र को मजबूत करती है। हमें ना केवल स्वयं मतदान करना है बल्कि परिवार और आसपास के सभी मतदाताओं को भी जागरूक करना है। उन्होंने कॉलेज प्राचार्य को भी बधाई दी कि यह महाविद्यालय प्रशासन के साथ हर गतिविधि में उत्साह के साथ भागीदारी सुनिश्चित करता है। उन्होंने कैसल मॉल में हुए मतदाता जागरूकता अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि वह कार्यक्रम बड़ा ही सराहनीय रहा । कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो. कर्मजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी चुनाव डॉ. सुभाष शर्मा, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. नीरज वशिष्ठ, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. सुरेश पाराशर, डॉ. नंद किशोर, डॉ. सौरभ त्रिखा, डॉ. सतीश कुमार, एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. रमा शर्मा, डॉ. प्रवीण शर्मा एवं युवा शिक्षक तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने दिया भाजपा को समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**पूर्व केंद्रीय मंत्री** विनोद शर्मा ने आज अम्बाला में कार्यकताओं के साथ बैठक कर भाजपा को समर्थन का ऐलान करते हुए हरियाणा की सियासत में हलचल मचा दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने पीएम मोदी की नीतियों में आस?था जताते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हैं। उन?होंने कहा कि देशभर में चलाई जा रही उनकी जनकल?याणकारी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है। पीएम मोदी की अंतोदय की विचारधारा के कारण ही आज देश के हर वर्ग के लोगों को फायदा पहुंच रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने बताया कि बैठक में यह फैसला हुआ है कि लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 साल के कार्यकाल को देखते हुए उनके दूरदर्शी फैसले जो किये पीएम मोदी ने देशहित मे किये है उसी को देखते हुए आने वाले 5 साल देश के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है इसलिए आज पार्टी कार्यकताओं के साथ बात कर यह फैसला किया है कि हरियाणा जनचेतना पार्टी प्रदेश की सभी लोकसभा सीट्स पर भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करेगी उनका प्रचार प्रसार करेगी। इससे पहले 2014 और 2019 में भी हरियाणा जनचेतना पार्टी की ओर से पीएम मोदी की नीतियों पर समर्थन किया था उन्होंने कहा कि हरियाणा जनचेतना पार्टी का हर कार्यकर्ता अम्बाला लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी बन्तो कटारिया के लिए गांव शहर हर जगह उनके लिए प्रचार करेंगे ताकि उनकी जीत सुश्चित हो और अम्बाला में होने वाली पीएम की रैली के लिए भी बढ़चढ़कर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सशक्त सरकार अगले 5 साल के लिए बन सके उसके लिए जनचेतना पार्टी हरियाणा के तमाम कार्यकर्ता घर घर जाकर, गांव, शहर, गली और कस्बो में पीएम की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे। विनोद शर्मा ने कहा कि हमे पूरा यकीन की 10 की 10 सीट पर भाजपा जीत हासिल करेगी। भाजपा व्यक्ति नही पार्टी है देश मे एक ही पार्टी है भाजपा। हम पीएम की नीतियों में विश्वास रखते हैं जो उनकी सोच है उसको हमारा समर्थन है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा का जो भी समाज समर्थन कर रहा है वह पार्टी के काम को देख कर रहे हैं। मैं जातिगत राजनीति में विश्वास नही रखता समाज के प्रति मेरी आस्था राजनीति से प्रेरित नही है वह मेरा गौरव है। जो नेता या पार्टी जाति की राजनीति करते है उनसे नुकसान ही होता है। 2016 में आप सभी ने देखा जो हुआ उसका उस दल को उन नेताओं को नुकसान ही हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों का कार्यकाल सभी ने देखा है।

अब वक्त आ गया है कि अगले पांच वर्षों के लिए हम पीएम मोदी को विजयी बनाएं ताकि देश में और अधिक तरक्की हो सके।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इंडोर गेम्स प्रतियोगिता में दिखाया दमखम



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**दिल्ली** वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पानीपत में तीन दिवसीय इंडोर गेम्स प्रतियोगिताओं का आयोजन-दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पानीपत में तीन दिवसीय इंडोर गेम्स प्रतियोगिताएँ लूडो, कैरम बोर्ड व स्केटिंग आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल की डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉ सपना गुप्ता व स्कूल के खेल विभाग के कोचों के द्वारा किया गया। जिसमें प्री-नर्सरी से पाँचवीं के छात्रगण ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे पहले उद्घाटन कार्यक्रम में स्कूल की डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता ने छात्रगण को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक तो होते ही हैं। साथ वे आपसी सहयोग और नेतृत्त्व की भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने लगातार छात्रों को प्रोत्साहित किया और सभी प्रतियोगियों की खेल-भावना की सराहना की। समापन समारोह में उन्होंने सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए और आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में स्कूल अनुभवी शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के सहयोग को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन रमेश रेवड़ी ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में कठिन परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बताया।

## 6 बच्चों ने प्रतिदिन विद्यालय आते जाते उतारे 50 खंडित तिरंगे

**सोनीपत**

**माँ भारती रक्तवाहिनी** की मुहिम तिरंगा सम्मान संकल्प के तहत माँ दुर्गा शिक्षा सदन दुर्गा कालोनी बढ़मलिक राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति विद्यार्थियों को निरन्तर जागरूक करते हुए अनेको राष्ट्रीय ध्वजों को उतरवा चुका है । संस्था के अध्यक्ष व इस स्कूल के संचालक विपिन कुमार गौड़ ने बताया कि ये 50 खंडित तिरंगे शिशपाल ,अमित, हिमांशु, विकास ,विशाल व अचल इन बच्चों ने प्रतिदिन विद्यालय आते जाते व अपने रोजमर्रा के काम करते हुए उतारे । प्रधानाचार्य ने बताया कि हम पिछले 32 वर्षों से बच्चों को नैतिक मूल्यों तथा समाज को जागरूक करने निरंतर कर रहे हैं और करते रहेंगे

**ये ही बच्चे आगे चलकर एक सभ्य व जागरूक नागरिक का कर्तव्य निभाएंगे**

दस खंडित तिरंगे तो बच्चों ने यहां से अपने गांव रेलयात्रा के दौरान उतारे और सैंकड़ों यात्रियों और अपने यूपी बिहार के ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज के मान सम्मान से के बारे में जानकारी दी । उन्होंने बताया कि अब तक इस मुहिम के तहत तिरँगा विरो ने 8200 से ज्यादा खण्डित ध्वजों को उतारा है । बच्चों ने बताया कि तिरँगा जब भी मैला हो जाये फट जाए उसे तुरंत सम्मान सहित उतार कर सबंधित जिले के नगर निगम कार्यालय में जमा करवाये । बहुत से बड़ों ने बच्चों के इस कार्य की सराहना की और स्वयं भी राष्ट्रीय ध्वज के मान सम्मान का संकल्प लिया ।

## कथाओं की सार्थकता तभी, जब जीवन में हों आत्मसात: द्विवेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : शिवशक्ति** जनकल्याण सेवा समिति, बिशनगढ़ द्वारा झांसा रोड स्थित गांव बिशनगढ़ में शुक्रवार को जनकल्याणार्थ 11 कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ अनुष्ठान के दूसरे दिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर यज्ञशाला परिक्रमा की। जानकारी देते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष पंडित राजेश मौदगिल, मुख्य यजमान सुरेश सैनी और नरेश सैनी ने बताया कि यह अनुष्ठान राज राजेश्वरी भगवती मां त्रिपुर सुंदरी के आशीर्वाद से गांव बिशनगढ़ के शिव मंदिर के समीप चौपाल के सामने 23 मई तक त्रिपुरा पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के पावन सान्निध्य में किया जा रहा है। आज सुबह यज्ञ के मुख्य यजमानों ने देव पूजन में हिस्सा लिया। स्वामी हरिओम जी महाराज ने यज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि यज्ञ से पुत्र-पौत्रादि की प्राप्ति होती है। यज्ञ से ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष मिलते हैं और यज्ञ से ही पर्यावरण की रक्षा व जलवायु शुद्ध होती है। भारतीय जनमानस में यज्ञ की प्रधानता कही गई है। इसलिए जहां कहीं भी यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन हो वहां अवश्य जाना चाहिए। वहीं, यज्ञ के बाद श्रीमदभागवत कथा में आचार्य शुभम द्विवेदी (चित्रकूट) ने भागवत महिमा विस्तार से सुनाई।

## निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने में माइको ऑब्जर्वर की अहम भूमिका: विवेक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। लोकसभा आम** चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए सामान्य ऑब्जर्वर ई. रविन्द्रन की उपस्थिति में चुनावी प्रक्रिया के लिए नियुक्त किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर को डा. मंगल सेन सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर जिला परिषद सीईओ विवेक चौधरी ने ईवीएम व वीवीपैट की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी। इस अवसर पर एलडीएम सुशील हांडूजा भी मौजूद रहे। सामान्य ऑब्जर्वर ई. रविन्द्रन ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने में माइक्रो ऑब्जर्वर की अहम भूमिका होती है। ऐसे में आप सभी को 25 मई को मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय पर पहुंच जाना है और मॉक पोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन करना है। मॉक पोल से लेकर वास्तविक मतदान प्रारंभ होने के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के कंट्रोल यूनिट की सीलिंग पर भी नजर रखनी है। उन्होंने कहा कि सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को पोलिंग एजेंट पर भी नजर रखनी है कि मॉक पोल के दौरान वह उपस्थित हुए या नहीं। इसके साथ ही प्रत्येक घंटे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मतदाता रजिस्टर से आंकड़े का मिलान करते रहेंगे, ताकि मतदान की स्थिति स्पष्ट होती रहे। दोपहर तीन से पांच बजे तक कतार में कितने मतदाता उपस्थित थे इसकी भी रिपोर्ट देनी है। इसके बाद अंतिम समय में कितने मतदाता ऐसे उपस्थित थे, जिनको पीठासीन पदाधिकारी के द्वारा टोकन दिया गया। कुल मतदान की संख्या और उसका प्रतिशत भी दर्ज करेंगे।

प्रशिक्षण में विवेक चौधरी ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान प्रक्रिया के दौरान बरती जाने वाली गोपनीयता पर विशेष नजर बनाए रखें। माइक्रो आब्जर्वर को मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया तथा उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान केंद्र में हो रही हर गतिविधियों की समय-समय पर जिला मुख्यालय को रिपोर्ट भेजते रहें। उन्होंने कहा कि सभी माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान प्रक्रिया के दौरान बरती जाने वाली गोपनीयता पर भी विशेष नजर रखें। मतदान संपन्न होने पर ईवीएम और अन्य रिकॉर्ड की उचित सीलिंग की भी जांच करना सुनिश्चित बनाएंगे। यदि माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका होने पर इसकी सूचना तुरंत जनरल ऑब्जर्वर को दें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइक्रो ऑब्जर्वर को फार्म 12 और 12-ए के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर माइक्रो ऑब्जर्वर की विभिन्न शंकाओं को भी दूर किया गया।

## लोगों से संपर्क कर मनोहर लाल को वोट देने का अनुरोध किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**भाजपा जिला अध्यक्ष** दुष्यंत भट्ट ने होटल मिड टाऊन के पीछे पानीपत विधानसभा क्षेत्र के बूथ नो 123 से घर घर संपर्क अभियान के तहत लोगों से संपर्क कर 25 मई को प्रत्यासी मनोहरलाल को वोट देने का अनुरोध किया। दुष्यंत भट्ट ने कहा की यह हमारा सौभाग्य है कि करनाल लोकसभा क्षेत्र से संत स्वभाव के धनी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल को प्रत्याशी बनाया गया है।उन्होंने कहा की मनोहरलाल भारतीय राजनीति के कोहिनूर हीरा के समान है।उन्होंने जिस प्रकार अपने साढ़े 9 साल के शासन में जिस प्रकार हरियाणा में ईमानदारी और सुशासन का प्रकाश फलाया है,

उसी प्रकार वे केंद्र में जाकर भी सुशासन का मनोहर प्रकाश फैलाएंगे और केंद्र सरकार से ओर अधिक ग्रांट लाकर हरियाणा को एक विकसित प्रदेश बनाने का काम करेंगे।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र 4 ने अपने 19 साल के शासन में बीटेक और प्रशिक्षण सीटो की संख्या को बढ़ाकर दुगना कर दिया है।

## संपादकीय

# सामाजिक समरसता

**भारतीय** जनता पार्टी के शीर्ष नेता, सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में सामाजिक समरसता का अनूठा दर्शन हो रहा है। वह वाराणसी से तीसरी बार उम्मीदवार हैं। परचा भरने से एक दिन पहले वाराणसी में भी प्रधानमंत्री ने रोड शो किया। रोड शो में उमड़ा जनसमुद्र काशी के चुनावी इतिहास में अद्भुत व अकल्पनीय रहा। वाराणसी के पूर्व ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से लेकर बिहार की राजधानी पटना तक के रोड शो में जिस प्रकार की जन भावनाएं मोदी के प्रति देखने को मिलीं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि अबकी बार फिर मोदी सरकार ही बनने जा रही है । प्रधानमंत्री के रोड शो की सबसे बड़ी विशेषता सामाजिक समरसता है। इनमें नारी शक्ति का वंदन भी हो रहा है और एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन भी हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उनके समाजसेवा व भक्ति भाव के विविध रूपों के दर्शन भी हो रहे हैं। रोड शो के दौरान वह भीड़ में भी बच्चों को भी दुलार कर संदेश दे रहे हैं कि यह कल के निमार्ता हैं। जहां कहीं भी प्रधानमंत्री का रोड शो होता है वहां से नया समीकरण सामने आ जाता है और विपक्ष हतप्रभ रह जाता है। उसे समझ में नहीं आता कि वह करे तो क्या करे। जब पटना में प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो निकल रहा था, उस समय उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे और लोगों के आश्चर्यचकित होने का ठिकाना उस समय नहीं रहा जब उन्होंने नीतीश कुमार के हाथ में कमल का फूल देखा अर्थात पटना के रोड शो में बिहार के मुख्यमंत्री के हाथ में उनकी अपनी पार्टी का चुनाव चिह्न न होकर कमल का फूल था जिसे लेकर अब बिहार की राजनीति में तरह-तरह के कयास लगने आरम्भ हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद बिहार का राजनीति किधर जाती है, नीतीश कुमार यह इशारा काफी है।

वाराणसी का रोड शो तो स्वाभाविक रूप से ही अद्भुत होना ही था। यहां मां गंगा के बेटे का रोड शो जो था। वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने के लिए और उन्हें देखने के लिए हर कोई बेताब था । अपने सांसद के लिए पूरा बनारसी जनसमुद्र उमड़ पड़ा। स्वागत में झांकियां सजायीं गईं। पुष्प वर्षा की गई। भगवा और तिरंगे लहराये। हर-हर महादेव और जय श्रीराम से आसमान गुंजायमान कर दिया गया। ऐसा प्रतीत हुआ कि सनातन का सूर्योदय हो चुका है बस उसका तिलक ही शेष रह गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पांच किलोमीटर लंबे रोड शो के माध्यम से सामाजिक, आध्यात्मिक व जातीय गुणा - गणित पूरी तरह से साध लिया है। वाराणसी की धरती पर यह लहर नहीं, सुनामी का आगाज है। प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय राजग गठबंधन के सभी बड़े नेताओं की उपस्थिति रही। उत्तर से लेकर दक्षिण और पश्चिम से लेकर पूर्वोतर राज्यों के सभी बड़े नेताओं का संगम दिखा। इनमें उल्लेखनीय रही बिहार की चर्चित चाचा-भतीजे की जोड़ी अर्थात चिराग पासवान व पशुपति पारस की उपस्थिति। वाराणसी में दोनों की उपस्थिति व आपसी केमेस्ट्री को देखकर बिहार की सियासत में विरोधी दलों के नेताओं को तनाव हो गया है। चाचा भतीजे की इस जोड़ी को लेकर मोदी विरोधी मीडिया में जो कयास लगाये जा रहे थे वे ध्वस्त हो गए। वाराणसी में राजग नेताओं ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती से अपने नेता के साथ खड़ा है और उन्हें ही 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इंडी गठबंधन पूरी तरह से फ्यूज है।

# और अब नामांकन भी बन गया उत्सव

निर्मल रानी

> परन्तु इन्हीं नरेंद्र मोदी का एक ऐसा रूप भी है जो उनकी बालकथा से बिल्कुल विपरीत है। उनका खान पान परिधान आदि तो शाही हैं ही साथ ही उनके राजनैतिक व सरकारी क्रिया कलाप व आयोजन भी इतने खर्चीले हैं जितने कि पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री के नहीं रहे। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपनी यात्रा के लिए लगभग 8,458 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक दो बोईंग 777-300एफविमान खरीदे। यह विमान अमेरिकी राष्ट्रप?ति के एयरफोर्स वन की तरह के हैं। बल्कि कई मामलों में उससे भी आधुनिक हैं। एक 'गरीब प्रधानमंत्री' के इस कदम की बहुत आलोचना हुई थी क्यूंकि इसमें देश की गरीब जनता का पैसा लगा था। इसी के साथ मोदी ने सेंट्रल विस्टा नामक परियोजना के तहत नया संसद भवन बनवा डाला। इस परियोजना की लागत अनुमानत: 13,450 करोड़ थी

चाहे वह प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह हो, चुनाव प्रचार में रैली या रोड शो करना हो,जी एस टी जैसी नीति लागू करनी हो यहां तक कि कोविड जैसी विश्व की अब तक की सबसे बड़ी आपदा ही क्यों न हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन जैसे सभी अवसरों में 'उत्सव' तलाशने में विशेष महारत रखते हैं । हालांकि समय समय पर जरुरत के अनुसार वे यह भी बताने से भी नहीं चूकते कि उनकी परवरिश बेहद गरीबी में हुई। वह सार्वजनिक तौर पर भी कई बार अपनी गरीबी का जिक्र करते हुये अपने बचपन की कई दास्तानें सुना चुके हैं। वे स्वयं अपने व अपनी मां के पीड़ादायक दिनों का जिक्र करते हुये बता चुके हैं -'कि बेचारी मेरी मां बर्तन साफ किया करती थीं। मैंने अपनी मां को दूसरों के घरों में बर्तन मांजते देखा है। साथ ही वह हमारा पालन पोषण भी बखूबी करती थीं। उन्होंने यह भी बताया था कि -' हम बिनौले छीलते थे, सुबह बेचने जाते थे, जिससे हमें जीने के लिए कुछ मजदूरी मिलती थी'। मोदी ने कहा कि मजबूरियों से घिरी मां के बोझ को कम करने के लिए मैंने खुद चाय बेची थी। प्रायः वे अपनी परवरिश के लिए दिये गये अपनी मां के बलिदान को याद करते रहते हैं। उनकी इस बाल कथा को सुनकर निश्चित रूप से सुनने वालों का मन यह सोचकर द्रवित हो उठता है कि इतनी गरीबी में पलने वाला व्यक्ति किस तरह भारतीय संविधान व लोकतंत्र की महिमा से देश के सर्वोच्च पद तक पहुँच सका। और जब वही मोदी यह कहते हैं कि मैं प्रधानमंत्री नहीं बल्कि प्रधानसेवक हूँ। वे स्वयं को फकीर भी बताते हैं। यहाँ तक कि जब उनसे यह पूछा जाने लगता है कि उनमें यह 'फकीरी ' आई कहाँ से ? और वे खुद ही यह भी कहते हैं कि -'विरोधी मेरा क्या कर लेंगे? हम तो फकीर आदमी हैं, झोला लेकर चल पड़ेंगे।यह फकीरी है, जिसने मुझे गरीबों के लिए लड़ने की ताकत दी है'। संघ से जुड़े अपने शुरूआती दिनों पर रौशनी डालते हुये वे यह भी बता चुके हैं कि काफी दिनों तक वे अहमदाबाद के मणिनगर में डॉ. हेडगेवार भवन में रुके थे ,वहां वे सफाई करते थे। वहां उनका यही काम था,सुबह 5 बजे उठना, झाड़ू-पोछा लगाना. सबके लिए चाय बनाना और



5.20 बजे सबको उठाकर चाय देना। मोदी यह भी कह चुके हैं कि - 'कोई भरोसा नहीं करेगा, लेकिन मैं 35 साल तक भिक्षा मांग कर खाया हूं। बेशक ये बात किसी के गले नहीं उतरेगी। हालांकि, मैं कहीं बता कर नहीं जाता था। वहां जाने पर जो भी मिल जाता, मैं खा लेता। अगर नहीं मिलता तो नहीं खाता। मेरा जीवन ऐसे ही गुजरा है। कभी पार्टी के काम से देर से आया तो खिचड़ी बना कर खा लेता था'। और प्रधानमंत्री बनने के बाद जब वे कभी कभी संतों की वेशभूषा में कहीं कहीं शाष्टांग दंडवत करते दिखाई देते हैं तो भी यही गुमान भी होने लगता है कि वास्तव में देश को गरीबी में परवरिश पाने वाला कोई संत फकीर रुपी प्रधानमंत्री मिला है। जाहिर है ऐसे घोर गरीबी में पलने वाले ऐसे व्यक्ति से तो यही उम्मीद की जा सकती है कि उसका सारा जीवन सादगी से भरा हुआ होगा उसके रहन सहन व क्रिया कलापों में भी सादगी की झलक नजर आएगी। और उसका सारा जीवन गरीबों के कल्याण में व उनका जीवन स्तर ऊपर लेजाने में गुजरेगा।

परन्तु इन्हीं नरेंद्र मोदी का एक ऐसा रूप भी है जो उनकी बालकथा से बिल्कुल विपरीत है। उनका खान पान परिधान आदि तो शाही हैं ही साथ ही उनके राजनैतिक व सरकारी क्रिया कलाप व आयोजन भी इतने खचीर्ले हैं जितने कि पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री के नहीं रहे। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपनी यात्रा के लिए लगभग 8,458 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक दो बोईंग 777-300एफ विमान खरीदे। यह विमान अमेरिकी राष्ट्रप?ति के एयरफोर्स वन की तरह के हैं। बल्कि कई मामलों में उससे भी आधुनिक हैं। एक 'गरीब प्रधानमंत्री' के इस कदम की बहुत आलोचना हुई थी क्यूंकि इसमें देश की गरीब जनता का पैसा लगा था। इसी के साथ मोदी ने सेंट्रल विस्टा नामक परियोजना के तहत नया संसद भवन बनवा डाला। इस परियोजना की लागत अनुमानतः ?13,450 करोड़ थी। यह भी जनता के टैक्स के पैसों से बनाया गया ऐसा प्रोजेक्ट था जिसकी देश को कोई आपातकालीन जरुरत नहीं थी। पुराना संसद भवन भी अभी पूरी तरह मजबूत अवस्था में है। मगर यह सब एक 'फकीर प्रधानमंत्री' के फैसले थे। मोदी जी को जहां मंहगे व बेशकीमती परिधान पहनने व दिन में कई बार लिबास बदलने का शौक है वहीं इनकी घड़ियाँ व पेन आदि भी लाखों रुपए कीमत के और विदेशी होते हैं। याद कीजिये राष्ट्रपति ओबामा के भारत दौरे पर मुलाकात के समय नरेंद्र मोदी ने जो कोट सूट पहना था उसके फैब्रिक में ही नरेंद्र दामोदरदास मोदी बुना हुआ था। जब इस आलीशान शहंशाही परिधान की खूब आलोचना हुई तो इसे नीलाम कर दिया गया।

उसी के बाद विपक्षी मोदी सरकार को सूट बूट वाली सरकार कहते हैं। मेकअप कराना फोटो शूट कराना,पोज देना ,कैमरे में अपने सिवा अन्यों को फ्रेम से बाहर रखना जैसी 'फकीरी भरी ' बातों से तो सभी वाकिफ हैं।

इतना ही नहीं बल्कि सरकारी खर्च पर बड़े बड़े आयोजन करना चुनावी सभाओं व रैलियों को करोड़ों खर्च कर उत्सव का रूप देना ,अपनी छवि चमकाने के लिया एजेंसियां अनुबंधित करने व विज्ञापन आदि पर जनता का पैसा खर्च करना भी इनके शगल में शामिल है। गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान सी प्लेन मोदी ने सी प्लेन उद्घाटित किया और वोट बटोरने की कोशिश की परन्तु बाद में वह सेवा ही बंद हो गयी। जी एस टी जैसा कथित तौर पर व्यावसायिक विरोधी कहा जाने वाला कानून जिस रात लागू हुआ उस रात तो ऐसा जश्न मनाया गया गोया देश को नई आजादी मिली हो। चुनावों में होने वाले इनके रोड शो बेहद खचीर्ले होते हैं। इनके रोड शो में ट्रकों में भरकर फूल मंगाए जाते हैं। एक स्थान पर सैकड़ों कार्यकर्त्ता उनकी पंखुड़ियां अलग करते हैं।

फिर पूरे रस्ते में पार्टी कार्यकर्त्ता निर्धारित दूरी व स्थान पर थैलों में उन पंखुड़ियों को लेकर सड़कों व छतों पर खड़े होते हैं। और 'शहंशाह रुपी फकीर' के वहां से गुजरने पर उनपर पुष्प वर्षा करते हैं। जबकि देश को टी वी पर देखने में यही लगता है कि जनता फूल बरसा कर उनका स्वागत कर रही है। पिछले दिनों वाराणसी में उनके नामांकन के दौरान भी इसी तरह का दृश्य देखने को मिला। पहले उन्होंने 13 मई को वाराणसी में 6 किमी लंबा बेहद खचीर्ला रोड शो किया। उसके बाद क्रूज पर बैठ वाराणसी के घाटों का भ्रमण किया। उसी क्रूज पर एक 'गोदी मीडिया ' के सदस्य टी वी चैनल को एक सुगम साक्षात्कार दिया। उसमें अपनी भावुकता जमकर दर्शायी। उसके बाद 14 मई को नामांकन में तो काशी में भाजपा के दिग्गजों का जमावड़ा लग गया। इनमें गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई मंत्री,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व अनेक मंत्रियों के अलावा कई राज्य के मुख्यमंत्री भी वहां मौजूद रहे। गोया करोड़ों रुपए खर्च कर 'फकीर' की इस नामांकन प्रक्रिया को भी एक उत्सव का रूप दे दिया गया।

## कविता

रात दिन उंगलियों पर नचाते हो तुम
प्यार में इतना क्यूँ जुल्म ढाते हो तुम

साथ में जिन्दगी ले के आते हो तुम
मौत होती है जब उठ के जाते हो तुम

होती हैं कीमती मोतियाँ दस्तियाब
ऐ मेरे यार जब मुस्कुराते हो तुम

साफ कह दो कि मिलना नहीं चाहते
इस कदर क्यूँ बहाने बनाते हो तुम

आँखों से आँखें क्या मिल गई दो घड़ी
दिल की गहराई में उतरे जाते हो तुम

कौन सी मुझ से आखिर खता हो गई
किस लिए मुझ को इतना सताते हो तुम

पहली पहली तवज्जो का मशकूर हूँ
वरना खातिर में कब मुझ को लाते हो तुम

इक अजब सी महक से है भरता दिमाग
मुझ को जब भी गले से लगाते हो तुम

जकी तारिक

## सोशल मीडिया से लोकसभा चुनाव पर पड़ता प्रभाव

डॉ. अजय कुमार मिश्रा

**समय व्यतीत** होने के साथ-साथ तकनीकी ने सभी क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन किया है समाचार का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा` समाचार क्षेत्र में बढ़ती भीड़ और कॉर्पोरेट के दबदबे ने सभी को यह एहसास दिलाया है की तीन दशक पूर्व आधे घंटे का समाचार व्यक्ति को वो सभी जानकारी दे देता था जिसकी उन्हें आवश्यकता होती थी जबकि समाचार की इस भीड़ में 24 घंटे सभी को वो परोसा जा रहा है जिसे कुछ लोग बैठ कर निर्धारित करतें है और इन सब के पीछे का उद्देश्य आपको मानसिक रूप से नियंत्रित करना है` यह अब हम सभी ने आसान भी कर दिया है क्योंकि हम अब तर्क करना भूल गए है` हमें जो परोसा जाता है उसे ही हम सही मान लेतें है` ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होतें ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है` यही नवचार और शक्ति है जो यह सोचने और समझने पर विवश कर रही है की क्या सोशल मीडिया लोकसभा चुनाव पर प्रभाव डालेगा ? कुछ युवाओं से व्यक्तिगत वातार्लाप करने पर उनका कहना था की यदि कांग्रेस सत्ता में वापसी करती है तो इसका सीधा श्रेय यूटूबर ध्रुव राठी को जायेगा ` क्योंकि इधर कुछ दिनों में ध्रुव राठी के विडियो न केवल तेजी से लोगों में प्रसिद्द हो रहें है बल्कि समाचार के मुख्य स्त्रोतों या यूँ कहें मीडिया घरानों द्वारा उद्देश्य पूरक समाचार न देने की कलई भी खोल दे रहें है` ध्रुव राठी अकेले ऐसे व्यक्तित्व नहीं है बल्कि रविश कुमार, पूण्य प्रसून बाजपेयी समेत अनेकों ऐसे लोग है जो तर्क और आकड़ों के साथ वास्तविक सच्चाई आम लोगों तक पहुंचा रहें है` इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप्प, यूट्यूब, फेसबुक, एक्स पर अनेकों ऐसे व्यक्तित्व है जिनके द्वारा ऐसी सच्चाई सामने लगातार लायी जा रही है जो मुख्य मीडिया की प्रभावशाली धारा में दब कर खत्म हो जा रही थीं` देश-विदेश की एक दो नहीं ऐसी अनेकों घटना, विवाद और सच्चाई रही है जिसे सोशल मीडिया ने आम जन तक पहुँचाया है और जानकारी वायरल होने के पश्चात सरकार को न चाहतें हुए भी उस पर एक्शन लेना पड़ा है वर्तमान में चल रहें लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से चार चरण का चुनाव पूरा हो गया है और पाचवें चरण का चुनाव 20 मई को है` अभी तक किये गए प्रचार-प्रसार को आप देखे तो राजनेताओं ने न केवल सभी हदे पार कर दी बल्कि यह सभी को एहसास करा दिया है की कुर्सी के लिए वो कितने निचे गिर सकते है` समाचार पत्र और चैनल्स स्वयं पार्टियों का प्रचार-प्रसार आम आदमी के हितों की अनदेखी करके कर रहे है` आम जनता की जमीनी समस्याएँ जस की तस कराह रही है जबकि सभी के अपने-अपने दावे है` रोजगार की मांग को सीधे अनसुना किया जाना` शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत आम आदमी की पहुँच से दूर हो जाना, बढ़ती महंगाई और अमीरी-गरीबी की खाई समेत अनेकों बातें है जिसका संज्ञान चुनावी पार्टियों ने नहीं लिया है।

## विचार

# भीड़-तंत्र का न्याय एक बड़ी सामाजिक विफलता

संजीव

**सामूहिक** भीड़ का कोई मस्तिष्क नहीं होता। उसके द्वारा उन्माद में लिए गए सड़क पर त्वरित फैसले सामाजिक संरचना के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरते हैं और राजकीय संपत्ति के लिए कई बार भारी नुकसान दायक भी होते हैं। भे७९ीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।

और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है।

भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है।

और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# जश्न में 'फास्ट फूड' और सेहत की चिंता

विजय गर्ग

**किसी का जन्मदिन** हो, विवाह समारोह या फिर कोई भी मौका, आज देखते ही देखते हर तरह के जश्न में 'फास्ट फूड' की उपस्थिति अनिवार्य - सी हो गई है। हमारे समय का हलवा पूरी और पुदीने की चटनी अब चलन से बाहर हो चुके और एक 'पिछड़ी' हुई रुचि का खाद्य मान लिए गए हैं। अब कोई इनका जिक्र तक नहीं करना चाहता । पिज्जा और बर्गर की पहुंच तो कस्बे ही नहीं, गांव-गांव तक हो गई है। इसलिए अब पेस्ट्री और पास्ता के लिए गांवों में रहने वालों को शहर नहीं भागना पड़ता। पेशेवर तौर पर तैयार खाना घर पहुंचाने वाली कुछ कंपनियां तकनीक में ऐसी चाक-चौबंद और मुस्तैद हैं कि बहुत कम वक्त में अपनी छाप छोड़ चुकी है। यहां भी बच्चों का स्वाद बदलने के लिए आती ही जा रही है। भारत के चौबीस हजार से अधिक गांवों के नाम आज पांच फास्ट फूड पहुंचाने वाली कंपनियों के पास दर्ज हैं। आगे भी तैयारी चल रही है। गांव में कार्यक्रमों का आयोजन करके शायद बाकी गांवों में छा जाने का लक्ष्य है। माता-पिता का नाम, पास्ता और सैंडविच के प्रकार अब स्कूल जाते बहुत सारे पांच साल के बच्चे को भी याद होते हैं। करीब पांच साल के दूर बच्चे तो मंचूरियन को भी पहचान लेते है। आज भारतीय समाज मे बच्चों की स्वाद ग्रंथि पर इन मीठे और नमकीन फास्ट फूड ने जितना गहरा स्थान बना लिया है, उतना नवरत्न चटनी, घी आटे का हलवा, लड्डू, नारियल की खीर, पकौड़े, चटपटे आलू जैसे देसी व्यंजन नहीं बना सके।

ये पुरानी चीजें अब भुलाई जा रही हैं। तुरंता आहार या फास्ट फूड के कारोबार में हर दिन नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इनका आकार प्रकार, इस्तेमाल होने वाले रसायन, स्वाद, खुशबू, रंग, विविधता, खाने में सुविधाजनक होना फास्ट फूड की लोकप्रियता का प्रमुख कारण है। यह बेवजह नहीं है कि पारंपरिक भोजन और भोजन शैली की जगह अब तेजी से सिकुड़ती जा रही है। लोगों के स्वाद बदल रहे हैं।

इसके प्रति ऐसा आकर्षण पैदा हुआ है कि कुछ लोग मानने लगे हैं कि यह दबी हुई भूख को जाग्रत कर देता है । पिज्जा या बर्गर का नाम लेते ही कुछ लोगों के मन में एक जायकेदार छवि बनने लगती है। एक लत की तरह की रुचि का अध्ययन करने की जरूरत है कि अगर ऐसा होता है तो क्यों होता है !

## डंडे पर झंडे कैसे-कैसे

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**राजनीति के** रंगमंच में झंडा महज लहराता नहीं है, बल्कि उसका नृत्य शेक्सपियर के त्रासदी नाटकों और दिन भर के धारावाहिकों की तरह नाटकीयता से भरा होता है। यह एक प्रतीक है जो व्यंग्य और विडंबना से लैस है, जिससे किसी भी राजनीतिक निंदक की आंतें गुदगुदी से भर उठती हैं। इस झंडे को महज एक कपड़े का टुकड़ा मानना भूल होगी, यह तो हर नेता की अलमारी में रखा एक सुपरहीरो का केप है। सुबह होते ही हमारे शूरवीर नेता इस केप को धारण कर लेते हैं, तैयार होते हैं ऊँची इमारतों को एक ही छलांग में पार करने के लिए—या कम से कम ऐसा वादा तो कर ही सकते हैं। यह राजनीतिक झंडा, अपनी जीवंतता और आकर्षण के साथ, भीड़ के ऊपर उठाया जाता है जैसे वादों का मशाल, जो अक्सर कैंडी की तरह मजबूत और स्थायी होते हैं। रंगों का क्या कहना! प्रत्येक रंग का चयन इत्तेफाक से नहीं बल्कि राजनीतिक सलाहकारों के अल्केमी से किया जाता है, जो बताते हैं कि नीला विश्वास का, लाल शक्ति का, और सफेद मासूमियत का प्रतीक है। लेकिन विडंबना देखिए, जब ये राजनीतिक धुलाईघर में मिलते हैं, तो अक्सर अस्पष्टता के धुंधले शेड्स में बदल जाते हैं। झंडा वीरतापूर्वक लहराता है, रंगों का एक भंवर, हर लहराहट मतदाताओं की ओर इशारा करती है, "मुझ पर विश्वास करो, मैं अपने कपड़े के रंग जितना स्थिर हूँ।" तारों, धारियों, या फैब्रिक पर अपना दावा जमाने वाले किसी भी प्रतीक को न भूलें। ये महज डिजाइन नहीं बल्कि शक्ति की पहेलियों को उकेरने वाले हायरोग्लिफ्स हैं।

तारे शायद नेताओं की आकाश-उच्च महत्वाकांक्षाओं का या राजनीतिक चुनौतियों के अंधेरे ब्रह्मांड को नेविगेट करने की क्षमता का अनुस्मारक होते हैं। धारियाँ? वे शायद उस बार को दशार्ती हैं जब नेता मुद्दों पर अपनी स्थिति बदल चुके होते हैं। वास्तव में, झंडे पर हर प्रतीक एक मिनी-राजनीतिक घोषणापत्र होता है, जिसे केवल उन्हीं लोगों द्वारा पढ़ा जा सकता है जिनके पास निराशा में डूबी व्यंग्य की अंगूठी हो। इन झंडों का प्लेसमेंट शतरंज के खेल में चालों की तरह रणनीतिक होता है।


## न्यूज फ्लैश

### ओईएलएलटी ने दुनिया भर की 30 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज के साथ साझेदारी की

**गुरुग्राम।** ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप का हिस्सा, एक अग्रणी इंग्लिश लैंग्वेज का टेस्ट प्रदान करने वाले, ऑक्सफोर्ड इंग्लिश लैंग्वेज लेवल टेस्ट (ओईएलएलटी) ने आज दुनिया भर की 30 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज पार्टनर्स को अपने साथ शामिल करने की घोषणा की। अब ओईएलटीटी के विस्तृत नेटवर्क में कई प्रतिष्ठित संस्थान, रसेल ग्रुप की प्रमुख सदस्य ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ एडनबर्ग भी शामिल हो गई है। इसके अलावा दुनिया भर में टॉप रैंकिंग यूनिवर्सिटीज जैसे अमेरिका में वॉशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी तथा कई प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज जिसमें ब्रिटेन में यूनिवर्सिटी ऑफ एडनबर्ग भी है, ग्रुप की पार्टनर बन गई हैं। इन यूनिवर्सिटीज की अच्छी पढ़ाई और प्रभावशाली रिसर्च प्रोग्राम के चलते बहुत से भारतीय छात्र एडमिशन लेना चाहते हैं। इन यूनिवर्सिटीज में दाखिले की आसान प्रक्रिया से भारतीय छात्रों का विदेश में पढ़ने का सपना बिना किसी खास मेहनत के साकार हो जाता है। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक साउथ एशिया, – अमित उपाध्याय ने कहा. अपने पार्टनर नेटवर्क में 30 यूनिवर्सिटीज को शामिल कर बेहद प्रसन्न हैं। हम विश्व स्तर पर यूनिवर्सिटीज और वहां शिक्षा ले रहे छात्रों को बेहतर शिक्षा देकर उनके करियर को उज्जवल बनाने के प्रति समर्पित है। सर्वोत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता हमारे अलग अलग एजुकेशनल टूल्स के विकास से भी झलकती है इन्हें दुनिया की टॉप रैंकिंग यूनिवर्सिटीज ने मान्यता दी है। हम एकदम सही और बेहतर नतीजे देते हैं, जिससे सभी लाभ उठा सकते हैं। हम लगातार अपनी पार्टनर यूनिवर्सिटीज के नेटवर्क में विस्तार कर रहे हैं, जिससे हम दुनिया भर के स्टूडेंट्स को उनकी पढ़ाई के लिए अलग-अलग विकल्प प्रदान कर सकें।

### बालिकाओं को सिखा रहा है व्हिस्पर्झ पीरियड्स का मतलब हेल्दी हैं आप!

**नई दिल्ली।** प्रॉक्टर एंड गैंबल की ओर से भारत के प्रमुख फेमिनिन-केयर ब्रांड, व्हिस्पर ने अपने #कीपगर्ल्सइनस्कूल कैंपेन के पाँचवें एडिशन के तहत बालिकाओं में कम उम्र में माहवारी की शुरुआत के बारे में जागरूकता फैलाने की मुहिम शुरू की है। बालिकाओं में 8 साल की उम्र से ही पीरियड्स की शुरुआत हो जाती है, लिहाजा उन्हें सही समय पर




इसके बारे में जानकारी देने की जरूरत काफी मायने रखती है, क्योंकि 26 मिलियन बालिकाओं को पीरियड्स के बारे में जानकारी की कमी और इससे संबंधित प्रोडक्ट्स उपलब्ध नहीं होने की वजह से स्कूल छोड़ने का खतरा हो सकता है। व्हिस्पर देश भर में बालिकाओं को पीरियड्स के दौरान साफ-सफाई की अहमियत के बारे में शिक्षित करने में सबसे आगे है। पीरियड्स से जुड़ी गलतफहमियों और पाबंदियों के बारे में गलत धारणाओं को दूर करके, व्हिस्पर बालिकाओं को सिखाता है कि यह शरीर की एक सामान्य प्रक्रिया है। ब्रांड की इन सभी कोशिशों का उद्देश्य आधी-अधूरी जानकारी और पीरियड्स से संबंधित प्रोडक्ट्स तक पहुंच की कमी के कारण होने वाली ड्रॉपआउट दर को कम करना है। आज की तारीख तक, व्हिस्पर ने अपने 'कीप गर्ल्स इन स्कूल' प्रोग्राम के जरिये 100 मिलियन से अधिक स्कूली बालिकाओं एवं माताओं को पीरियड्स और पीरियड्स से संबंधित प्रोडक्ट्स के बारे में सही जानकारी देने के साथ-साथ बालिकाओं को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन भी प्रदान किए हैं।

प्रॉक्टर एंड गैंबल के वाइस प्रेसिडेंट एवं इंडिया फेमिनिन केयर के कैटिगरी लीडर, गिरीश कल्याणरमन ने कहा, पीरियड्स बायोलॉजी में बड़े पैमाने पर बदलाव हो रहा है। इसकी वजह से बालिकाओं को कम उम्र में ही शिक्षित करने और उन्हें इस जैविक प्रक्रिया को अपनाने के लिए तैयार करने की जरूरत बढ़ गई है। अपनी इस पहल के जरिये, हम उन्हें यह सिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि पीरियड्स किस तरह अच्छी सेहत की निशानी है और वे अपने पीरियड्स के दिनों में अपना ख्याल कैसे रख सकती हैं। व्हिस्पर हर साल पीरियड्स से संबंधित शिक्षा कार्यक्रमों के संचालन के लिए 60,000 से अधिक स्कूलों में जाता है और अब हम छोटी कक्षाओं पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। ग्राहक भी व्हिस्पर अल्ट्रा पैक खरीदकर इस मुहिम में अपना योगदान दे सकते हैं, क्योंकि इस तरह हमें एक लड़की को शिक्षित करने के साथ-साथ सैनिटरी पैड दान करके स्कूल में उसकी उपस्थिति बनाए रखने में मदद मिलेगी। दिल को छू लेने वाली व्हिस्पर की इस नई फिल्म में 8 साल की छोटी बालिकाएँ नजर आ रही हैं जिन्हें माहवारी के बारे में कुछ भी मालूम नहीं है, और वह उन सभी खराब परिस्थितियों की संभावना के बारे में सोचती है जिसकी वजह से उसकी सहेली को अचानक होने वाली ब्लीडिंग की समस्या का सामना करना पड़ा है।

# शहीदों के सपनों का भारत बनाना हर देशवासी की जिम्मेदारी : नायब सिंह

## कर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी ने कहा कि हमारे देश 1947 में आजाद हुआ था, लेकिन जिन शहीदों की बदौलत हमारे देश को आजादी मिली उन्हें पूर्व की सरकारों ने याद नहीं किया। जब हमारे देश को आजाद हुए 75 वर्ष हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि अब जब हम अपने देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएं, उस समय हमारा देश उन शहीदों का भारत होना चाहिए, जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर किया। उनके सपनों का भारत बनाना हर देशवासी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को कर बार एसोसिएशन द्वारा करनाल




क्लब में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता 2014 से पहले का भारत भी देख चुकी है और अब 2014 के बाद का भारत भी देख रही है। पहले दुनिया बोलती थी, भारत सुनता था। अब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि हमारा देश पूरी दिया में नंबर एक पर हो। राष्ट्र के विकास और उत्थान के लिए और राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए जरूर मतदान करें। उन्होंने कहा कि 25 मई को करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करें।

### शिक्षा का महत्व हर बच्चे की जिंदगी में जरूरी : जगमोहन आनंद




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। ग्लोबल फाउंडेशन** ऑफ इंडिया का यहां भव्य उद्घाटन किया गया, जिसके आयोजन में 24 घंटे का लंगर भी चलाया गया। इस संस्था की स्थापना का उद्देश्य हर उस काबिल बच्चे को शिक्षा और साक्षरता की मुख्यधारा के साथ जोड़ा है, जो बच्चे शिक्षा को पाना चाहता है, लेकिन वह बच्चे वित्तीय आभाव के कारण शिक्षा तक पहुंच नहीं पा रहे। संस्था के अध्यक्ष राकेश सचदेवा ने बताया कि हमारी संस्था स्कूल और कॉलेज में जाकर उन काबिल बच्चों को स्कॉलरशिप देगी, जो शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ना चाहते है, लेकिन वित्तीय रूप से कमजोर है। इस मौके पर पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता और बीजेपी नेता जगमोहन आनंद ने संस्था को बधाई देते हुए कहा कि जो संस्था ने शिक्षा को लेकर कदम उठाए हैं, वह काबिले तारीफ हैं, क्योंकि शिक्षा का महत्व हर बच्चे की जिंदगी में जरूरी है। इस मौके पर संस्था के मुख्य सदस्य विमल सचदेवा, राकेश सचदेवा, गरिमा सचदेवा, कृष्ण अरोड़ा, महेश शर्मा, दिनेश चोपड़ा, राजीव चोपड़ा, जितेंद्र भारती, सिम्मी, दलेर सिंह, अंकिता, ओमपाल, अमन शर्मा, कृष्ण कुमार, नीलम, रेनू के साथ समाजसेवी पीआर नाथ, प्रीतपाल पन्नू, नरेंद्र अरोड़ा, डॉ. सुजाता, संदीप चौधरी और विकास संधू आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांग मतदाताओं के लिए कारगर है ईसीआई सक्षम ऐप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गों की लोकसभा आम चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम ऐप बनाया गया है। यह मोबाइल ऐप एक प्रकार से दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है। दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

# पाक समेत दुनिया में हो रही है मोदी की मांगः मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करनाल लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि पीएम मोदी दुनिया का मार्गदर्शन कर रहे हैं। पूरी दुनिया में मोदी जैसे नेता की मांग हो रही है। जिस तरह से नरेंद्र मोदी ने भारत की समस्याओं का समाधान किया है, उसके बाद कई देशों के राष्ट्र प्रमुख अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मोदी को कॉल करते हैं। वहां तक कि पाकिस्तान के लोगों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं कि अगर उनके देश को खुशहाल बनाना है तो एक मोदी हमें भी चाहिए। भाजपा के



स्टार प्रचारक मनोहर लाल ने कहा कि दुनिया के मार्गदर्शन के लिए मोदी को तीसरी बार मजबूत सरकार बनाना जरुरी है। मोदी ने देश को जिस पथ पर अग्रसर किया है वह विश्व गुरु बनने की ओर जाता है। भारत अगर इसी ताकत के साथ बढ़ता रहा तो 2047 तक विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। लेकिन यह तभी संभव है, जब भाजपा और मोदी को बड़ी ताकत से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को कांग्रेस के काल में उसके करप्शन मॉडल के लिए जाना जाता था और मोदी युग में हमारे देश को ताकतवर भारत के तौर पर जाना जा रहा है। अपने जनसम्पर्क यात्रा के दौरान मनोहर लाल ने विपक्षी कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि राहुल गांधी और उनके कुनबे को बताना चाहिए कि उनके बाप-दादाओं की सरकार में बहुसंख्यकों की भावना को क्यों कुचला गया कांग्रेस को वोट मांगने से पहले देश की जनता को अपने घोटालों के बारे में जबाव देना चाहिए। वहीं उन्होंने इस चुनाव को मोदी मय बताते हुए कहा कि देश के जनता ने मन बना लिया है, अबकी बार मोदी की सरकार चार सौ पार के साथ बनाएंगे। हरियाणा की सभी दस सीटों पर रिकॉर्ड मतों से कमल खिलेगा।

### रोलर स्केटिंग में छात्रों ने 12 पदक जीते



**राई।** जीटी रोड पर बहालगढ़ के पास स्थित रुक्मिणी देवी स्कूल के छात्रों ने मैक्स मैरी स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में विभिन्न पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रवीण गुप्ता ने बताया कि स्कूल के 20 खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किए। जिसमें 2 गोल्ड मेडल, 4 सिल्वर मेडल और 6 ब्रॉन्ज मेडल हैं। प्रतियोगिता में लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें रुक्मिणी देवी स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बच्चों के स्कूल में पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रवीण गुप्ता व कोऑर्डिनेटर डेजी गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों व कोच विकास शर्मा और खेल इंचार्ज विनीत दहिया का स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रवीण गुप्ता ने कहा सभी बच्चों को खेल प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। इससे शारीरिक विकास और खेल भावना बढ़ती है। डॉ प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा स्कूल में समय-समय पर विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता कराई जाती है ताकि शिक्षा के साथ स्कूल के छात्र खेलों में भी अपना नाम रोशन कर सकें।

# जीटी रोड के पास रेलवे रोड पर दूषित पानी का नाला ओवरफ्लो

## जीटी रोड के पास रेलवे रोड पर नाला ओवरफ्लो होने से भरा दूषित पानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः जीटी रोड के पास** रेलवे रोड पर दुकानदारों को दूषित पानी की निकासी न होने से काफी दिनों से जूझना पड़ रहा है। दुकानों के सामने गंदगी से अटा नाला और उसमें जमा दूषित पानी उनके लिए मुसीबत बना हुआ है। दुकानदारों ने बताया कि पिछले दिनों हुई बरसात के बाद उनकी दुकान के आगे से गुजर रहा नाला ओवरफ्लो हो गया था। जिसके बाद से दूषित पानी लगातार उनकी




दुकानों के आगे जमा हो रहा है, जो उनके लिए आफत बना हुआ है। उन्होंने बताया कि नाले की सही सफाई न होने की वजह से यह पानी जमा हो रहा है और अब हालात यह है कि उसमें से हर समय दुर्गंध आती है। ऐसे में दुकान में बैठना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं उन्हें व दुकान पर आने वाले ग्राहकों को भी आवागमन करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका द्वारा पिछले दिनों नाले की सफाई तो करवाई गई लेकिन सफाई करने वाले कर्मचारियों ने खानापूर्ति कर अपना काम पूरा कर दिया। उन्होंने अब एसडीएम से नालों की सफाई उचित ढंग से करवाने की गुहार लगाई है।

**अधिकारियों को देंगे आदेशः एसडीएम**

एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि गंदे पानी के सड़क पर जमाव की समस्या उनके संज्ञान में नहीं थी। नगरपालिका के अधिकारियों को नालों की सफाई करवाने के आदेश दिए जाएंगे, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।

# अपराध नियंत्रण के लिए राजनीतिक संकल्प शक्ति मजबूत होना जरूरीः पूर्व डीजीपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः हरियाणा के पूर्व** डीजीपी पीवी राठी शुक्रवार को भिगान गांव के निजी कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि देश को सही दशा में ले जाने के लिए सोच समझ कर मतदान अवश्य करें। पूर्व डीजीपी ने पत्रकारवार्ता में कहा कि प्रदेश में अपराध को कम करने के लिए राजनीतिक संकल्प शक्ति मजबूत होना बहुत जरूरी है। राजनेताओं



को पुलिस को पूरी शक्तियां देनी चाहिए, ताकि वह निष्पक्ष होकर काम कर सकें। जब तक पुलिस प्रशासन में राजनीति शामिल रहेगी तब तक पुलिस अपराध पर पूरी तरह से लगाम नहीं लगा पाएगी। उन्होंने नफे सिंह राठी की हत्या पर शोक जताते हुए पुलिस से सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

### पंचायत भवन में राज्य स्तरीय कंसल्टेशन का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कामकाजी महिलाओं** के कार्यस्थल पर उत्पीड़न और सुरक्षा को लेकर गैर सरकारी संगठनों ने विशाखा दिशा-निर्देशों को अपनाने और कार्यान्वयन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मानवाधिकार अधिवक्ताओं से युक्त इन संगठनों ने कार्यस्थल पर महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले यौन उत्पीड़न को पहचान और कानूनी सुधारों के लिए देशभर में अभियान चलाया। सन 2013 में, यौन उत्पीड़न कानून के पास होने तक यह निर्देश कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे।

# उद्धव गोपी संवाद व रुक्मणी विवाह का किया गुणगान

## समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः बसंत विहार में** श्री बांकेबिहारी श्री जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित बसंत विहार में पुष्प वर्ल्ड स्कूल के निकट चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन महारास लीला, उद्धव गोपी संवाद व रुक्मणी विवाह का गुणगान किया गया। कथा वाचक सुधाकर महाराज ने कहा कि भगवान की महारास लीला काफी दिव्य है। उनके बाल रूप के दर्शन करने के देवी देवता गोकुल पहुंच गए थे। गोपी उद्धव संवाद का वर्णन करते हुए सुधाकर महाराज ने कहा कि गोपियों की कृष्णभक्ति से उद्धव इतने



प्रभावित हुए कि उन्होंने गोपियों की चरण रज की वंदना करते हुए अगले जन्म में गोपियों की चरण रज से पवित्र वृंदावन की लता, औषध, झाड़ी बनने की भगवान की प्रार्थना की और गोप तथा गोपियों से कृष्ण के लिए अनेक भेंट लेकर मथुरा लौट आए। वहीं रुक्मिणी मंगल प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह की सभी रस्में भजनों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कथा वाचक सुधाकर महाराज ने देवेंद्र कादियान को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम की व्यवस्था मंडल के अध्यक्ष संजय गौतम, संरक्षक प्रवीन सिंघल, सचिव राजेश चौहान, कोषाध्यक्ष राजीव राय, उपाध्यक्ष प्रवेश मदान, संदीप सोनी, कमल शर्मा सहित अन्य सदस्य संभाल रहे हैं।

# मनोहर लाल का करनाल में जनसंपर्क अभियान उफान पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा चुनाव** में भाजपा के स्टार प्रचारक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का अपने अंदाज में किए जा रहे जनसंपर्क अभियान की कड़ी में शुक्रवार को अढ़ाई दर्जन गांवों में ठेठ हरियाणवी में सीधा संवाद करते करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता का लोहा मानती है। नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से देश की समस्याओं का समाधान करने का काम किया है, वह काबिले तारीफ है। जब विश्व के 200 देशों के सामने कोई समस्या आती है तो वह सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर समस्या का समाधान पूछते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में जिस



प्रकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास हुआ है, उसे देखते हुए भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान के लोग अब इस बात को मानने लगे हैं कि उन्हें भी नरेंद्र मोदी जैसा नेता चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल लोकसभा क्षेत्र मे आज सुबह सभा से भादसौ तक जनसंपर्क यात्रा अभियान किया। दोपहर बाद में गांव काछवा से सिरसी तक जनसंपर्क अभियान किया। दोनों यात्राओं में करीब अढ़ाई दर्जन गांवों में उन्होंने लोगों को संबोधित किया। अपनी यात्राओं के दौरान उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह 25 मई को भाजपा को वोट देकर विजयी बनाएं, ताकि नरेंद्र मोदी अधिक ताकत के साथ देश को तेज गति से विकास कर सकें। उन्होंने लोगों से कहा कि 25 मई से पहले सभी गांवों में जाना संभव नहीं है, इसीलिए वह इस यात्रा के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ संपर्क करने निकले हैं, लेकिन 4 जून के बाद वह फिर से लोगों के बीच आएंगे और उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करवाने का काम करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस समस्या को बनाए रखकर लोगों के पास जाकर वोट हथियाने का काम करती थी। उन्होंने कहा की धारा 370 ने बेटे को बाप से बड़ा कर दिया था। कांग्रेस इस बात का प्रचार करती थी कि धारा 370 हटी तो खून की नदियां बह जाएगी और गृहयुद्ध के हालात बन जाएंगे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कलम से धारा 370 को खत्म कर दिया और किसी को खरोंच तक नहीं आने दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने साढ़े 9 साल हरियाणा के लोगों की सेवा करने का काम किया है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें जो भी दायित्व सौंपेंगे, उस दायित्व को निभाते हुए वह करनाल लोकसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करने का काम करेंगे। पिछले साढ़े 9 साल के अपने शासनकाल में उन्होंने बिना किसी भेदभाव और जात-पात का भेद किए बिना हरियाणा के सभी लोगों को एक साथ आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया है।

# सरस्वती विद्यालय में बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः मुरथल चौक के पास** स्थित सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा के परिणाम में बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुल 118 छात्रों में से 90 छात्रों ने मैरिट व 38 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। स्कूल का परिक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल संचालक श्री रोहित लाकड़ा, साहिल लाकडा ने बताया कि दसवीं कक्षा में स्कूल की छात्रा स्नेहा ने 491/500 प्रथम स्थान, कार्तिक ने 481/500 द्वितीय स्थान व रिकी ने




478/500 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों की इस सफलता पर स्कूल संचालक रोहित लाकड़ा, साहिल लाकडा, प्राचार्या मन्नु व उप प्रधानाचार्य राधिका शर्मा ने छात्रों की सफलता पर छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ भविष्य में भी इसी तरह परिश्रम करने का संदेश दिया।

## न्यूज फ्लैश

### सांसद संजय भाटिया और समालखा के विधायक धर्म सिंह छौक्कर लोकसभा चुनाव प्रचार से गायब

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** लोकसभा चुनावों में अब मात्र एक सप्ताह का ही समय रह गया है। मौसम की गर्मी के साथ साथ चुनाव प्रचार में भी गर्मी दिखने लगी है। गत लोकसभा चुनाव में देश भर में दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने वाले करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के निवर्तमान सांसद संजय भाटिया इस बार चुनाव प्रचार से गायब है। ठीक इसी प्रकार समालखा से कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर की चुनाव प्रचार से दूरी भी राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। करनाल और पानीपत जिलों को मिलाकर बनी करनाल लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा की टिकट पर संजय भाटिया ने चुनाव लडा और देश की दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। संजय भाटिया ने कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ें पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा को 6.50 लाख वोटों के भारी अंतर से हराया था। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों की घोषणा होने से ठीक पहले हरियाणा में बदले राजनीतिक समीकरणों के कारण साढ़े 9 साल तक प्रदेश के सीएम रहे मनोहर लाल को सीएम पद से हटा कर पार्टी हाईकमान ने करनाल लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद संजय भाटिया का टिकट काट कर चुनाव मैदान में उतार दिया। अब मनोहर लाल बतौर भाजपा प्रत्याशी करनाल लोकसभा चुनाव जीतने की जंग लड रहे हैं। मनोहर लाल पिछले एक माह से लोकसभा चुनाव में प्रचार में जुटे हुए हैं, लेकिन करनाल लोकसभा क्षेत्र में 70 प्रतिशत मत भाजपा को दिलाने वाले सांसद संजय भाटिया चुनाव प्रचार से नदारद है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि संसद संजय भाटिया को उतर प्रदेश चुनाव की कमान सौंपी गई है। लेकिन राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सांसद संजय भाटिया अपने कार्यकाल में विकास कार्य करवाने में विफल रहे हैं लोगों में उनके प्रति नाराजगी है इसलिए भाजपा ने जानबूझकर उसको चुनाव प्रचार से दूर किया गया है। ठीक इसी प्रकार कांग्रेस के समालखा विधायक धर्म सिंह छौक्कर भी चुनाव प्रचार से नदारद है। दरअसल समालखा के कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर पर ईडी ने शिकंजा कसा हुआ है।मनी लांड्रिंग मामले में ईडी पहले ही विधायक के बेटे सिकंदर छौक्कर को गिरफतार कर चुकी हैं जो इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। और विधायक धर्म सिंह छौक्कर को भी हाईकोर्ट ओर सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल पाई जिस कारण वह भूमिगत हो कर कांग्रेस के लिए काम कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को समालखा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा ने इस मामले को उठाते हुए सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समालखा विधायक धर्म सिंह छौंक्कर को चुनाव प्रचार से दूर रखने के लिए भाजपा सरकार षडयंत्र रच रही है। बहरहाल 2024 के लोकसभा चुनावों में कारण चाहे जो भी हो भाजपा के निवर्तमान सांसद और कांग्रेस के समालखा विधायक धर्म सिंह छौक्कर दोनों ही चुनाव प्रचार से गायब है।

### कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी रिसर्च स्कॉलर ने ओपन डे 2024 में दूसरा स्थान हासिल किया

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग के रिसर्च स्कॉलर सुनील कुमार ने सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र इनफ्लिबनेट), गांधीनगर (गुजरात) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ओपन डे 2024 कार्यक्रम में दूसरा स्थान हासिल किया। इनफ्लिबनेट के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 16 मई को आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे भारत के प्रतिभागियों को अकादमिक समुदाय के उपयोग के लिए नई प्रणालियों और प्लेटफार्मों पर अभिनव विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। बड़ी संख्या में प्रस्तुतियों के बीच, शीर्ष दस प्रविष्टियों को ओपन डे 2024 में अंतिम प्रस्तुति के लिए चुना गया था। सुनील कुमार के प्रस्ताव को सम्मानित पैनल द्वारा द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र इनफ्लिबनेट यूजीसी, शिक्षा मंत्रालय, सरकार का एक अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र है।

# किसान नई फसल तो जनता नई सरकार की कर रही है तैयारी- हुड्डा

● लोकसभा में जीत के बाद हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार बनना तय- हुड्डा ● कांग्रेस सरकार बनने पर बदमाशों को हरियाणा में नहीं रहने दूंगा- हुड्डा ● करनाल की जनता खुद लड़ रही है पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ चुनाव- बुद्धिराजा

**वोट की अपील**

▸▸ कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए लगातार नए साथी भी पार्टी में शामिल हो रहे हैं : हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा कुलदीप सिंह )** किसान नई फसल तो जनता नई सरकार की तैयारी में जुट गई है और देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मतलोडा रैली के मंच से कही। हुड्डा यहां करनाल से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा के लिए वोट मांगने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिस बीजेपी ने किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, कच्चे कर्मी, सफाई कर्मी समेत हर वर्ग पर लाठियां बरसाई हैं। अब लाठी की चोट का बदला वोट की चोट से लेने का मौका आ गया है। ये सिर्फ चुनावी नहीं बल्कि संविधान व लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। जिस तरह पूरा हरियाणा बीजेपी को हराने के लिए एकतरफा कांग्रेस को वोट दे रहा है, उसी तरह करनाल भी इस मुहिम का हिस्सा बन गया है। करनाल से दिव्यांशु बुद्दिराजा की जीत, राजनीति में युवाओं की भागीदारी की जीत होगी। हुड्डा ने कहा कि पूरे देश से इनपुट आ रहे हैं कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। लोकसभा की जीत के बाद हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार बनना तय है। जैसे ही हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो अपराधी और बदमाशों को यहां नहीं रहने दिया जाएगा। हुड्डा ने 2005 में जो संदेश बदमाशों को दिया गया था, उनको रैली के मंच से दोहराते हुए कहा कि बदमाश या तो अपराध का रास्ता छोड़ दें या फिर हरियाणा छोड़ दें। कांग्रेस चाहती है कि हरियाणा के युवा नशे, अपराध व पलायन का शिकार होने की बजाए रोजगार के रास्ते पर आगे बढ़ें। इसीलिए कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में 30 लाख सरकारी नौकरियां एक साल के भीतर देने का वादा किया है। हरियाणा कांग्रेस ने भी 2 लाख से ज्यादा नौकरियां देने की घोषणा की है। साथ ही कांग्रेस का वादा है कि प्रदेश में सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपये पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन और किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी।

इस मौके पर दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि बीजेपी के पास बेशक धनबल और सत्ताबल है, लेकिन कांग्रेस के पास जनबल और युवाबल है। कांग्रेस हाईकमान ने एक सामान्य परिवार के युवा को एक पूर्व मुख्यमंत्री के सामने चुनाव मैदान में उताया है। इसलिए करनाल की जनता खुद उनका चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए लगातार नए साथी भी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। पानीपत की पूर्व विधायक रोहिता रेवड़ी, नीलोखेड़ी से निर्दलीय विधायक धर्मपाल गोंदर और पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा जैसे कई बड़े नेताओं ने बीजेपी का दामन छोड़कर कांग्रेस का साथ निभाने के लिए आगे आए हैं।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम में तोड़ा अपने ही विद्यालय का रिकॉर्ड : सुखदेव बांकुरा



**परिणाम**

▸▸ अच्छे परीक्षा परिणाम के कारण प्रिंसिपल सुखदेव बांकुरा ने दी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** रा व. मा विधालय डीग, कुरुक्षेत्र द्वारा दसवीं व बारहवीं कक्षाओं में मार्च,2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पिछले वर्षों के रिकॉर्ड ध्वस्त किए। इस बार विधालय द्वारा दसवीं में कम्पार्टमेन्ट सहित 97 प्रतिशत व पास में 91 प्रतिशत रिजल्ट दिया गया। अंजलि सुपुत्री सलिन्द्र ने 454 अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। भूपिंदर कौर सुपुत्री निर्मल सिंह और आर्यन सुपुत्र धर्मपाल ने 395 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। 3 मेरिट व 20 प्रथम डीविजन के साथ कुल 65 में से 63 विधार्थियों ने अगली कक्षा में प्रवेश किया। इसी प्रकार बारहवीं कक्षा में भी कम्पार्टमेन्ट सहित 100 प्रतिशत व पास में 74 प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त करते हुए नया मुकाम हासिल किया। छात्रा नीतू सुपुत्री रामपाल ने 389 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। हर्ष भट्टी सुपुत्र दर्शन लाल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंजलि सुपुत्री मदनलाल ने त?तीय स्थान हासिल किया। 1मेरिट 14 प्रथम डिवीजन के साथ 27 में से 27 विधार्थियों ने अगली कक्षा के लिए योग्यता हासिल की।विधालय के प्राचार्य श्री सुखदेव सिंह बांकुरा ने बताया कि यह सब विधालय के कर्मठ अध्यापकों की सतत मेहनत और अनुशासन, अभिभावकों के सहयोग व सभी विधार्थियों की लगनशीलता से सम्भव हुआ और इस वर्ष विधालय द्वारा पिछले कई सालों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नया मुकाम हासिल किया। प्राचार्य द्वारा सभी विधार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का संदेश दिया गया। अध्यापकों सर्व श्री व श्रीमती निवेदिता, गीता, राजेश, सीमा, रेखा, सुरिंदर कौर, रीटा,अजय,नीलम, मनोज, हरविंदर, पूजा,गुरजैंट, शिवकांत, मोनिका, हितेश क्लर्क व जगदीप आदि ने शुभ कामनाएं दी।

## वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा को श्रद्धांजलि दी



**नारनौल/दिनेश नोताना**
**पूर्व** विधायक नरेश यादव ने नांगल चौधरी पहुंचकर वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा को श्रद्धांजलि दी। नरेश यादव ने संजय शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनको अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्री यादव ने कहा कि संजय शर्मा ने सही मायने में क्षेत्र की आवाज को निष्पक्ष एवं दबंग तरीके से उठाकर अपनी पत्रकारिता धर्म का निर्वाह किया। उन्होंने कहा कि जब वह इस क्षेत्र के विधायक थे उस समय भी संजय शर्मा इलाके की
समस्याओं व आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर मेरे से व्यक्तिगत संपर्क साधकर समस्याओं के निराकरण करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे थे। उन्होंने संजय शर्मा के निधन को पत्रकारिता जगत के लिए क्षति बताया।

## उच्च रक्तचाप के रोगी खान-पान का रखें विशेष ध्यान- डॉ. समिधा



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. समिधा शर्मा ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में अपने खान-पान का सही से ध्यान न रख पाना सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को अपने खान-पान का ज्यादा ध्यान रखना चहिए क्योंकि हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को हार्ट-अटैक और किडनी जैसी समस्या हो सकती हैं। उच्च रक्तचाप से ब्लड सही से सकुर्लेट नहीं हो पाता जिसके चलते आप दूसरी बिमारियों की चपेट में आ जाते हैं। हाई ब्लड प्रेशर आपके जीवन को खतरे में डाल रहा है। हाई ब्लड प्रेशर अर्थात हाइपरटेंशन से हर व्यक्ति जूझ रहा हैं. अगर यह एक बार हो जाए तो लोगों को उम्र भर बीपी को कंट्रोल करने के लिए गोलियां खानी पड़ती हैं, लेकिन आयुर्वेद के उपचार से इस बिमारी से छुटकारा मिल सकता है. सबसे पहले जानते हैं कि हाई ब्लड प्रेशर क्या हैं ? और कैसे होता हैं। उच्च रक्तचाप रक्त वाहिकाओं की दीवारों के खिलाफ खून के द्वारा लगाया बल होता है जो ह्रदय और ह्रदय रक्त वाहिकाओं द्वारा किये काम पर निर्भर करता है।

उच्च रक्तचाप (आयुर्वेद में रक्त गत वात के रूप में जाना जाता है) धमनियों में खून का बढ़ा दबाव है। रक्तचाप में वृद्धि एक व्यक्ति की उम्र, लिंग, शारीरिक और मानसिक गतिविधियों,परिवार के इतिहास और आहार पर निर्भर करती है। एक स्वस्थ वयस्क व्यक्ति का सामान्य रक्तचाप 120 एमएमएचजी सिस्टोलिक और 80 एमएमएचजी डायस्टोलिक होता है। उच्च रक्तचाप आयुर्वेदिक उपचार के लिए मुख्य उद्देश्य उच्च रक्तचाप के मूल कारण की पहचान करना है। ऐसी आयुर्वेदिक दवा व निदान का प्रबंध करना है जो बीपी के मूल कारण को हटा सकती है।

**लक्षण:-** गर्दन के पीछे दर्द होना (ओसीसीपिटल एरिया में दर्द), सिरदर्द, घबराहट होना, चक्कर आना, थकान आदि। आजकल असंतुलित आहार जैसे फास्ट फूड, मिर्च मसाला युक्त,नमकीन भोजन करने और गतिहीन जीवन शैली उच्च रक्तचाप के प्रमुख कारण हैं। तनाव, चिंता और नकारात्मक मानसिक भावनाएं भी रक्तचाप में वृद्धि के कारण होती हैंअन्य कारण परिवार में बीपी का इतिहास, मोटापे, व्यायाम की कमी, उच्च वसा और कम फाइबर आहार, चाय, कॉफी और परिष्कृत खाद्य पदार्थ आदि का अत्यधिक सेवन आदि हो सकता है7 आयुर्वेद के अनुसार यदि पाचन अपूर्ण हो तो भोजन ठीक से पाचन नहीं करता है जिससे पाचन की अशुद्धता या आम का उत्पादन होता है।

## बाबैन के सरकारी स्कूल की 10वीं और 12वीं कक्षा का परिणाम बेहतरीन रहा



**शत प्रतिशत**

▸▸ दसवीं में कुल 469 अंकों के साथ (93.8%) निष्ठा ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/बाबैन :** गत दिनों आये सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाबैन ने पूर्व की ही भांति शानदार प्रदर्शन किया है. परिणाम के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य, रमेश कुमार ने बताया कि दसवीं और बारहवीं, दोनों ही कक्षाओं में विद्यार्थियों का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है. दसवीं में कुल 469 अंकों के साथ (93.8%) निष्ठा ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो दूसरे स्थान पर रहने वाली भावना ने कुल 467 (93.4%) अंक प्राप्त किये। बारहवीं के विज्ञान संकाय में जतिन ने 469 अंकों (93.8%) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वंशिका 467 अंकों (93.4%) अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही. कॉमर्स में समीर शर्मा 418 अंकों (83.6%)के साथ प्रथम स्थान पर रहा तो 416 (83.2%)अंकों के साथ तनिषा चौधरी दूसरे स्थान पर रही. कला संकाय में 426 अंक (85.2%)प्राप्त करने वाली शिल्पा देवी प्रथम रही तो द्वितीय स्थान पर रहने वाली करमजोत कौर ने 421 (84 2%)अंक प्राप्त किये। पञ्जाबी विषय के प्रवक्ता परगट सिंह ने बताया कि बारहवीं कक्षा में में छह बच्चों के, पञ्जाबी विषय में शत प्रतिशत अंक रहे हैं।

## भारतीय योग संस्थान द्वारा ब्रह्मसरोवर पर योग का महाकुंभ 19 को



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के अखिल भारतीय प्रधान माननीय देसराज ने हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 की तैयारी में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं उनके द्वारा अधिकृत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली, द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जन जागरण के उद्देश्य से मंत्रालय द्वारा चयनित 100 संस्थाओं के सहयोग से 100 पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण चयनित धरोहर स्थलों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन पूर्व से (एक संस्था, एक धरोहर स्थल, एक दिन) प्रतिदिन एक योग उत्सव आयोजित किया जा रहा है` अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 33वें दिन शेष रविवार, 19 मई 2024 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर धरोहर स्थल पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में यह उत्सव आयोजित करने का सौभाग्य भारतीय योग संस्थान को प्राप्त हुआ है` इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों के अतिरिक्त स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व महानुभावों को निमंत्रण भेजा गया है । कुछ ऋषियों व मनीषियों का सान्निध्य भी कार्यक्रम में प्राप्त होगा` ब्रह्मसरोवर स्थित पुरुषोत्तम पुरा बाग में प्रातः 6:00 से 8:00 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कॉमन प्रोटोकॉल अनुसार सामूहिक योगाभ्यास होगा।

## एयर कमोडोर साजी जैकब ने किया सैनिक स्कूल खाराखेड़ी का

**फतेहाबाद:** सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निरीक्षण अधिकारी एयर कमोडोर साजी जैकब ने शुक्रवार को सैनिक स्कूल खारा खेड़ी का निरीक्षण किया। स्कूल में पहुंचने पर निदेशक डॉ. ज्योत्सना, कर्नल डीवी नेहरा कमांडेंट, डॉ. आरए प्रभाकर प्रिंसिपल और स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य सिंह ने उनका स्वागत किया। कर्मचारियों से परिचय के बाद, आईओ ने बाधा कोर्स का उद्घाटन किया और परिसर में एक पौधा लगाया। उन्हें कमांडेंट द्वारा परिसर में नए सैनिक स्कूल की स्वीकृति के बाद से स्कूल में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

## सेवा ट्रस्ट यूके ने भैंनी में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** आज सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा बाबैन खंड के गाँव भैंनी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने की उन्होंने वहा पर उपस्थित महिला मतदाताओ को जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में रहते है। और लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लोगो का,लोगो के लिए ओर लोगो द्वारा सरकार चुनी जाती है। लोक सभा चुनाव इस लोकतंत्र के महायज्ञ की सबसे बड़ी इकाई है, इन चुनावो के द्वारा हम अपने देश गांव,शहर के साथ साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक के विकास को सुनिश्चित करते है, ताकि वो भी अपनी सहभागिता कर सके। अतः लोकतंत्र के इस महापर्व के महायज्ञ में हमे अपने मत के रूप में आहुति जरूर से जरूर डालनी चाहिए। हम सब को अपने मत का प्रयोग जरूर से जरूर करना चाहिए।मतदान करने की शपथ लेना आपके लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है।चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। गाँव भैंनी की समाजसेवी महिला दायलो देवी ने सभी मतदाताओं से अपील की कि लोकतंत्र के महोत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और ज्यादा से ज्यादा मतदान कर देश की प्रगति और विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

इस कार्यक्रम में महिलाओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और कहा कि हम अपने मत का प्रयोग जरूर करेंगी।सभी ने इस मतदाता जागरूकता के लिए सेवा ट्र्स्ट यूके इंडिया का धन्यवाद किया जो उसने हमें इतनी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा अपनी को स्पांसर डाबर इंडिया द्वारा सभी महिलाओ को रियल जूस वितरित किया गया।

## फ्लैश मॉब के माध्यम से छात्रों ने मतदान के प्रति किया जागरूक




**जागरूक किया**

▸▸ एक्टिविटी के माध्यम से मतदाताओं को 25 मई 2024 के दिन अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अम्बाला के जग्गी सिटी सेंटर परिसर में छात्रों ने फ्लैश मॉब के माध्यम से अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान उन्होंने नुक्कड़ नाटक, डांस व अन्य एक्टिविटी के माध्यम से मतदाताओं को 25 मई 2024 के दिन अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया।

अम्बाला के जग्गी सिटी सेंटर पर मौजूद लोगों के बीच से अचानक महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी, मुलाना के छात्र आए और उन्होंने फ्लैश मॉब के माध्यम से अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। उन्होंने डांस, गाना गाकर, नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करन का संदेश दिया। वहां मौजूद लोगों ने छात्रों को ध्यानपूर्वक सुना और तालियां बजाकर उनका उत्साह भी बढ़ाया।

**25 मई को मतदान कर निभाए जिम्मेदार नागरिक का फर्ज: एडीसी अपराजिता**

एडीसी अपराजिता ने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान का दिन है। ऐसे में मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में पोलिंग स्टेशनों पर पहुंचकर मतदान करना चाहिए और एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मात्र लोकतांत्रिक व्यवस्था ही ऐसी व्यवस्था है जो हमें अपना जन प्रतिनिधि चुनने की आजादी देती है। ऐसे में मतदान करके हमें सहीं उम्मीदवार का चयन करना चाहिए।

एडीसी अपराजिता ने कहा कि युवा मतदाताओं को भी अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए आगे आना चाहिए। इस बार भी काफी संख्या में युवाओं के नए वोट बने हैं, उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में मतदान के लिए निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ने हमेशा राष्ट्र निर्माण व लोकतन्त्र की मजबूती के लिए अपनी भूमिका निभाई है। मतदान भी ऐसा ही एक सशक्त माध्यम है, जिससे हम अपने मत से सहीं प्रतिनिधि का चुनाव करते हैं।

इस मौके पर जिला में स्वीप इंचार्ज भारत भूषण, नोडल ऑफिसर स्वीप व एनएसएस प्रोग्राम कोर्डिनेटर एमएम यूनिवर्सिटी मुलाना डा0 आदेश त्रिपाठी, स्टुडैंट वैल्फेयर ऑफिसर एमएम यूनिवर्सिटी मुलाना दीपक झा मौजूद रहे।

## मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है- सर्वोच्च दान-शिक्षा दानः सुमीत



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: समय** कभी भी एक समान नहीं रहता। पूर्व प्रारब्ध वश प्रत्येक मनुष्य को समय काल व ग्रह नक्षत्रों के उत्तम-मद्धम-निम्न दशाओं से फलीभूत हो कर ही अपना जीवन यापन करना होता है। मानव सेवा ट्रस्ट (पं.), सोनीपत ने ऐसी परिस्थितियों से जूझ रहे परिवारों की मदद के लिए जी.वी.एम. सी. से. स्कूल, गीता भवन, सोनीपत से सहयोग की प्रार्थना की इसी विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे आर्थिक रूप से अति कमजोर छात्रों की मदद के लिए प्रस्ताव रखा, ताकि वे पूरे वर्ष अपना अध्ययन निर्विघ्न सुचारू रख सकें। मानव सेवा ट्रस्ट (पं.) ने पालाराम, एम.डी - वी.एस.पी. एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड से इस नेक कार्य में सहयोग के लिए अनुरोध किया, जिसे पाला राम ने तथा जी. वी. एम. के पदाधिकारियों ने तुरंत स्वीकार किया। सुमीत अलख, मानव सेवा ट्रस्ट (पं.) के अध्यक्ष को सूचित किया गया कि वे ट्रस्ट के इस सर्वोत्तम कार्य- शिक्षा दान में वित्तीय प्रबंधन में सहयोग करेंगे।

**इस अवसर पर उपस्थित सदस्य:** सुमीत अलख - मानव सेवा ट्रस्ट (पं.) के अध्यक्ष; पालाराम - एम.डी., वी.एस.पी. एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड; शकुंतला घखर - जी.वी.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक; कविता - स्कूल के प्रधानाध्यापक; महेंद्र वर्मा; मोहिंदर वशिष्ठ - उपाध्यक्ष; भूपेश चांदना - कोषाध्यक्ष; सी. एल. सहगल; मोहिंदर खुराना, संजय कोहली, एम. जी. रञ्जन, राकेश शर्मा - सम्माननीय महासचिव व ट्रस्ट के अन्य सदस्यों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# देश और प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को सिरे से नकारा : नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री एवं** करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव राष्ट्र की उन्नति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण चुनाव है। 25 मई को बड़ी संख्या में लोग नरेंद्र मोदी को अपना तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनेंगे। करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल एक बड़े अंतर से जीत दर्ज करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। डीएवी कॉलेज के सामने सतीश



कुमार गोयल, महाबीर दल कुंजपुरा रोड पर कैलाश गुप्ता व कृष्ण लाल तनेजा, सेक्टर-9 में अनिल चौहान व ओल्ड चार चमन में मुख्तयार सैनी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया और विश्वास दिलाया कि करनाल लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में वे भाजपा का साथ देंगे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गरीब की मजबूती के लिए काम किया है, किसान की खुशहाली के लिए काम किया है। गरीबों के बच्चे पढ़ लिखकर बिना खर्ची पर्ची के सरकारी नौकरी लग रहे हैं। यह सभी कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हुए हैं, जिससे आज देश और प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी को अपना साथ और आशीर्वाद दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के पथ पर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 60 सालों में देश में किसी भी वर्ग का भला नहीं कर पाई। जनता ने कांग्रेस की नीतियों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि घमंडियां गठबंधन के जितने भी नेता हैं, केवल झूठ बोलने का काम करते हैं। कांग्रेस शासित प्रदेशों में जब बेटियों पर अत्याचार होते हैं तो कोई नहीं बोलता लेकिन। इनकी जुबान पर ताले लग जाते हैं। यहां पर ये लोगों को उकसाने का काम करते हैं। लेकिन अब जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। शुरू से ही कांग्रेस की नीतियां देश को कमजोर करने की रही हैं। कांग्रेसियों के दोहरे चेहरे हैं और जनता उनको पहचान चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब हरियाणा में पहुंच रहे हैं।

# पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व बदलाव आया : सुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री एवं** करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व बदलाव आया है और विश्व पटल पर भारत की छवि सशक्त हुई हैं। यह नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व क्षमता का ही कमाल है कि आज विश्व में भारतीयों को भी मान-सम्मान बढ़ा है। सुमन सैनी शुक्रवार को करनाल के सेक्टर-7 में संजीव मित्तल, आनंद विहार कालोनी में मास्टर शिव कुमार, मुगल कैनाल मार्किट में सुमित सैन ठाकुर व पुरानी सब्जी मंडल में प्रवीन गुप्ता, अजय जैन व नवीन भाटिया द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पहुंची। उन्होंने अपील




करते हुए कहा कि करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी को भारी बहुमत से जिताकर भेजें, ताकि हमारा देश लगातार आगे बढ़ सके। उन्होंने गांव पुंडरक में शिव मंदिर में हर वर्ष आयोजित होने वाले बाबा लाल गिरी जी के भंडारे में पहुंचकर आशीर्वाद लिया और भंडारे में पहुंची संगत को प्रशाद वितरित कर सभी के साथ बैठकर प्रशाद ग्रहण किया।उन्होंने कहा कि सरकार की अनेकों योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचा है।

## न्यूज फ्लैश

### नीलोखेड़ी के विभिन्न गांवों के हजारों लोगों को वोट डालने के प्रति किया जा रहा जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिला सूचना एवं** जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का विशेष प्रचार वाहन 25 मई को वोट डालने का संदेश नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के हजारों मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। इन गांवों में विभाग के कलाकार सुमेर पाल, गुलाब सिंह सहित अन्य कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से मतदाताओं को 25 मई के दिन अपने मत का प्रयोग अवश्य करने का संदेश दिया। इसके साथ ही इन कलाकारों ने वोट की महत्ता के बारे में जानकारी दी है। यह कलाकार निरंतर 24 मई तक प्रचार-प्रसार करते रहेंगे। डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष प्रचार वाहन तैयार किया है। विशेष प्रचार वाहन द्वारा नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के तरावड़ी, नीलोखेड़ी, अंजनथली, कमालपुर, ब्राह्मद्दण माजरा, जाम्बा व निगदू गांवों को कवर किया गया और ग्रामीणों को वोट डालने के प्रति जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा कि इस वाहन के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग का संदेश आम मतदाताओं तक पहुंचाया जा रहा है। इस वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है कि 25 मई को सभी ने चुनाव का पर्व मनाना है और अपने मत का प्रयोग करने हेतु ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। इस लोकसभा क्षेत्र में सभी मिलकर प्रयास कर रहे है कि लोकसभा और विधानसभा उप चुनाव में अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग करें और देश के लोकतंत्र को मजबूत करें। यह प्रचार वाहन लगातार 24 मई तक करनाल जिले में मतदाताओं तक प्रशासन का संदेश पहुंचाने का काम करेगा।

### अगस्त और सितंबर में 45 दिनों के दौरान 'आईएनबीएल प्रो ' का आयोजन किया जाएगा

**दिल्ली:** हेडस्टार्ट आरेना इंडिया ने आज भारत में हर बास्केटबॉल प्रेमी का सपना साकार किया है, जिससे भारतीयों में कई लोगों को पसंद है, उसे अपनी खुद की पेशेवर लीग मिले। एक छह फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट, आज शहर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आधिकारिक रूप से घोषित किया गया था। इस मौके पर रुपिंदर ब्रर, एमडी, डुश्यंत खन्ना, एमडी और प्रवीण बतिश, सीईओ, क्ध्इछ ने मीडिया के समक्ष अपने विचारों को साझा किया। पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी और अभिनेता रणविजय सिंघा और बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ शामिल हुए। इस घोषणा के बाद, ऑस्ट्रेलिया की फ्रैंकस्टन ब्लूज एनबीएल1 टीम के बीच एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया।

अपनी टिप्पणियों में, पंजाब के पंजेब ग्रुप और क्ध्इछ के संस्थापक और निदेशक रुपिंदर ब्रर ने कहा, "हम वास्तव में एक विश्व-स्तरीय पेशेवर लीग के प्रति प्रतिबद्ध हैं जो खेल को अगले स्तर पर पहुंचाती है। हमने 5 वर्षों में 350 करोड़ रुपये का निवेश का आदान-प्रदान किया है, जो हमारे योगदान, अन्य निवेशकों के साथ आने वाले हैं, और से कई आय धाराओं का संयुक्त योगदान शामिल है।" उन्होंने जोड़ा, "अंतरराष्ट्रीय सहयोग किसी भी खेल के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, और भारत के मामले में, हमने देखा है कि पेशेवर लीग हमें इसे संभव बनाने के लिए सर्वोत्तम मंच प्करती है। हमारा एकमात्र लक्ष्य भारत में बास्केटबॉल को बढ़ावा देना है।" सह-संस्थापक और सीसीओ, डुश्यंत खन्ना ने जोड़ा, "हम भारत में किसी भी खेल के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की अधिकता को महत्वपूर्ण मानते हैं, और एक ऐसा मंच है जो इसे संभव बनाने का सर्वोत्तम तरीका है। हमारा एकमात्र मोटो है बास्केटबॉल को भारत में बढ़ावा देना।"

क्ध्इछ के सीईओ, प्रवीण बतिश ने भावुकता से कहा, "मेरे लिए, बास्केटबॉल सिर्फ एक खेल नहीं है; यह जीवन का एक तरीका है जो मेरे व्यक्तिगत और पेशेवर यात्रा के हर पहलू में गहरी रूप से प्रभावित है।" उन्होंने जारी किया, "हमें उम्मीद है कि लीग अगले 2-3 सालों में स्थिर हो जाएगी। हमने पहले से ही भारत में बास्केटबॉल के विकास के लिए जो पूरी योजना बनाई है, उसमें पेशेवर लीग को उस पिरामिड के शीर्ष पर रखा है।"

# अपनी डयूटी के प्रति ईमानदारी व सजगता दिखाए

**७पानीपत, कमाल हुसैन**

**लोकसभा आम चुनाव** को लेकर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाने के लिए शुक्रवार को आर्य शिक्षण संस्थान के परिसर में इसराना व समालखा विधानसभा के पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समालखा विधानसभा के लिए एआरओ एवं एसडीएम अमित कुमार ने पीओ और एपीओ को ईवीएम व वीवीपेट मशीनों के संचालन के बारे में समझाया और मौके पर ही हैण्डस ऑन ट्रेनिंग भी दी गई। अमित कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ मतदान सम्पन्न करवाने के लिए यह आवश्यक है कि मतदान से पूर्व की भी तैयारियों और



व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लिया जाए। एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारी अपनी डायरी को भरने से पहले सभी प्रश्नों का उत्तर धैर्यपूर्वक एवं सोच-समझकर भरें। यह एक जिम्मेदारी भरा कार्य है जिसमें कोई भी कोताही सहन नही की जाएगी। चुनाव को पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करवाना हम सबका दायित्व है। इसलिए चुनाव की सारी प्रक्रियाएं सुनिश्चित की जाए। इसराना विधानसभा की एआरओ एवं एसडीएम ज्योति मित्तल ने कहा कि भय मुक्त चुनाव करवाने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए पीठासीन अधिकारियों के दायित्व, कर्तव्य, ईवीएम, वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट, मतदान सामग्री एवं मतदान समाप्ति के बाद किए जाने वाले कार्यो के बारे में विस्तार से समझाया। ज्योति मित्तल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें।

अगर किसी को भी चुनाव से सम्बंधित कोई जानकारी प्राप्त करनी है तो वह 1950 टोल फ्री नम्बर पर सूचना प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा, निर्वाचन विभाग की नायब तहसीलदार सुदेश राणा भी उपस्थित रही।

# ताइक्वांडो सेल्फ डिफेंस फिटनेस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एसके मार्शल** आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा द्वारा पांच दिवसीय निशुल्क



ताइक्वांडो सेल्फ डिफेंस फिटनेस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किंडर वर्ल्ड प्ले स्कूल बसंत विहार में किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य छोटे-छोटे बच्चों को ताइक्वांडो व फिटनेस ट्रेनिंग देकर उन्हें खेलों के प्रति जागरूक करना है और देश के लिए खिलाड़ी बनना है। इस कैंप में छोटे बच्चों को बेड टच गुड टच के बारे में बताया जाएगा। साथ ही सभी खिलाडि?ों को मोबाइल फोन से दूर रहने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे आज छोटे बच्चे मोबाइल फोन की चपेट में आ चुके हैं। उन्हें मोबाइल फोन से कैसे दूर रखना है, उसके बारे में भी ट्रेनिंग दी जाएगी। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति ने मास्टर सतीश कुमार राणा का धन्यवाद किया और सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्हें दिल लगाकर ट्रेनिंग के लिए प्रेरित किया।

# टीमें घर-घर जाकर कुष्ठ रोग के लिए कर रही स्क्रीनिंग : डा. कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार** ने बताया कि लैप्रोसी केस डिटैक्शन कैम्पेन 13 से 26 मई तक पूरे जिले में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस कैम्पेन के अतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर कुष्ठ रोग के लिए स्क्रीनिंग कर रही है। स्वास्थ्य विभाग की लगभग 1300 टीमें तथा 260 सुपरवाइजर 15 लाख 59 हजार 918 जनसंख्या की स्क्रीनिंग करेंगे। उप सिविल सर्जन डा. सिम्मी कपूर ने जिले में कुष्ठ रोगियों की वर्तमान स्थिति से सबको अवगत करवाया। वर्तमान में कुल 20 मरीजों का ईलाज जिला कुष्ठ रोग केन्द्र से चल रहा है तथा पिछले वर्षो के रिकार्ड के बारे में जानकारी दी। यह एक गंभीर विषय है कि जिले में स्थाई निवासी कुष्ठ रोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। पिछले वर्ष ग्रेड-2 व विकलांग कुष्ठ रोगी रजिस्टर्ड किये गए हैं। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग एक सामान्य त्वचा रोग है, जो कि कुष्ठ रोगी के खांसने व छींकने से कीटाणु स्वस्थ व्यक्ति में प्रवेश करने से होता है। शरीर पर लाल, तांबिया दाग, हाथ पैरों का सुन्नपन्न, नसों में दर्द व शरीर पर गांठे कुष्ठ रोग के लक्षण हैं। कुष्ठ रोग की जांच व ईलाज सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफत में किया जाता है।

# 70 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखकर जिले

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**लोकसभा 2024 के** आम चुनाव को शांतिपूर्ण व स्वंतत्र रूप से कराने को लेकर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के दिशा निर्देश पर पूरे जिले में चुनाव का पर्व ,देश का गर्व के सलोग्न के साथ ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने को लेकर औद्योगिक क्षेत्र, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सर्वाजनिक स्थान सामान्य अस्पताल, स्कूल, कॉलेज परिसर, मंदिर, मस्जिद के अलावा अनेक स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान उत्साह,उमंग व हौसले के साथ चलाया जा रहा है जो निरंतर आगे बढ़ रहा है। अनेक स्थानों पर सैल्फी प्वाइंट निर्मित किए गए है ताकि 25 मई को ज्यादा से ज्यादा




मतदाता मतदान करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत 12 अक्टूबर 2023 से हुई थी व इसे 24 मई तक पूरे जिले में निरंतर चलाया जाएगा। इस मुहीम के तहत अब तक बड़ा हिस्सा कवर किया जा चुका है। 70 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य लेकर हम आगे बढ़ रहे है व उम्मीद करते है कि इस मुहीम में हम सफलता के चरम को छुऐंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील कर नागरिकों से अनुरोध किया कि वे इस मुहीम का हिस्सा बने व इसे सफल बनाए। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना व मतदान के प्रति खास तौर पर युवाओं को जागरूक करना मुख्य है। 25 मई को होने वाले चुनाव में इस बार पूरा जोर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर लगाया गया है। ज्यादा जोर उन विधान सभा क्षेत्रों पर दिया जा रहा है जहां पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत उम्मीद से कम रहा था। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज यादव ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पूरे जिले में रैलियां, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, मेंहदी प्रतियोगिता को लेकर भव्य आयोजन किए जा रहे है। नागरिकों में विशेष उत्साह व उमंग चुनाव को लेकर दिखाई पड़ रहा है।

# आत्म विश्वास से परिपूर्ण बच्चे ही बुलंदियों को छूते हैं : डॉक्टर पंकज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

**अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर** पंकज यादव ने प्रो रेसलिंग लीग जूनियर के लिए चयननित हुए फैला उजीयारा फाउंडेशन बुआना लाखु के 5 खिलाडियों का शुक्रवार को अपने कार्यालय में शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वो खिलाड़ी ही बुलंदियों को छूते है जो आत्मविश्वास से परिपूर्ण होते हैं। जीत का लक्ष्य लेकर मेहनत करते हैं व निश्चय करके आगे बढ़ते है। इस मौके पर फाउंडेशन की प्रदेशा अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक, चीफ कोच नरेंद्र मलिक, आकाश मलिक व पहलवानो के परिजन मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वे खिलाडियों की हर संभव मदद करते



हैं। उन्हें अच्छा लगा कि नन्हे नन्हे बच्चे कुश्ती में बुलंदियों को छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। देहात का यह खेल बच्चों के संघर्ष, मेहनत का परिणाम है जो आज उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक लेकर गया है। उन्होंने बच्चों की कामयाबी के लिए उन्हें बधाई दी व उनका हौसला बढ़ाया। विदित रहे की गुरुग्राम ताऊ देवी लाल स्टेडियम में 11 से 14 मई को एथलीट स्पोर्ट्स इंडिया फेडरेशन के तत्वाधान में स्पॉन्सरशिप प्रो रेसलिंग लीग जूनियर के लिए ट्रायल सम्पन हुए जिसमें फैला उजियारा फाउंडेशन कुश्ती के 5 खिलाडि?ों का चयन हुआ है। चयनित पहलवानो में सिकंदर ने 57 किलो में प्रथम स्थान हासिल किया। जिसको पेस इंटरनैशनल ने स्पॉन्सर किया और मौके पर ही कीट प्रदान की। इसके अलावा नितिन 40 किलो, यश 40 किलो,नमन 45 किलो, सुभम 77 किलो इन खिलाडि?ों टॉप 8 में जगह पक्की करके अगले महीने होने वाले जूनियर प्रो लीग के लिए सिलेक्शन पक्का किया। संस्था प्रधान रंजीता कौशिक ने बताया कि इनमे ज्यादातर बच्चे गरीब परिवारों के है व डीआर स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। फैला उजियारा फाउंडेशन के 6 खिलाडियों ने इस ट्रायल में हिस्सा लिया जिनमे 5 खिलाड़ी का रेसलिंग प्रो लीग के लिए चयन हुए है।

# रैगिंग को रोकने के लिए जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सर्वोच्च न्यायालय** के निर्णय के अनुसार यूजीसी द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के खतरों को रोकने के लिए जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति का गठन करने के निर्देश दिए गए है। इस कमेटी में जिलाधीश अध्यक्ष होंगे तथा सभी कॉलेज/विश्वविद्यालयों के प्राचार्य व पुलिस अधीक्षक सदस्य और एडीसी सदस्य सचिव होंगे। इसके अलावा स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधि, जिला स्तर पर गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, छात्र संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। यूजीसी के सचिव प्रो. मनीश आर जोशी ने बताया कि रैगिंग एक अपराधिक अपराध है और इसके दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के खतरों को रोकने के लिए एंटी रैगिंग रेगुलेशन 2009 बनाया गया है। यह निनियम यूजीसी की वेब साईट डब्लयू डब्लयू डॉट यूजीसी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस विनियम की अनुपालना करना सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए अनिवार्य है और सभी संस्थानों को निगरानी तंत्र सहित इसके क्रिन्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है।

# अधिकारियों का मोकपोल के लिए समय पर पहुंचना अनिवार्य

**पानीपत कमाल हुसैन**

**लोकसभा 2024 के** आम चुनाव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में माइक्रो आब्जर्वर को चुनाव के दौरान भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश पर ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया व उन्हें ईवीएम की बारिकियों से अवगत कराया गया। चुनाव प्रशिक्षण में निगम सयुंक्त आयुक्त मनी त्यागी ने बताया कि माइक्रो आब्जर्वर का मोकपोल के लिए समय पर पहुंचना अनिवार्य है। माइक्रो आब्जर्वर की डयूटी बनती है कि वे चुनाव के दौरान हर बारिक से बारिक गति विधियों पर निगरानी बरतेगें व जरूरत पडने.पर तत्परता से इसकी सूचना सामान्य



पर्यवेक्षक को देंगे। हर विधान सभा क्षेत्र में दो-दो पिंक बूथ होगें। जिन पर एक एक पीडब्लयूडी की डयूटी रहेंगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान हर बूथ पर एक सीवी, एक वीवीपैट और दो- दो बैल्ट यूनिट रखे जाएगें। इस बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की संख्या 19 है व 20वें नम्बर पर नोटा का बटन है। ज्यादा प्रत्याशी होने की स्थिति में आयोग ने बैल्ट यूनिट की संख्या में बढ़ोतरी की है। निगम आयुक्त ने बताया कि पोलिंग से एक दिन पूर्व अंतिम रिहर्सल होगी जिन अधिकारियों की डयूटियां लगाई गई वे समय पर पहुंचे व ईवीएम की जानकारी लें। उन्होंने बताया कि फाइनल रिहर्सल वाले दिन बूथ के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में कुछ न कुछ नया होता है। हमें ईवीएम से जुड़ी जानकारी के बारे में किसी भी प्रकार की शंका नहीं बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ईवीएम हर चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे कोई भी जरूरी कार्य हो उसके बाद भी पुलिस की उपस्थिति में ईवीएम को अकेला न छोड़े। समय पर मतदान केन्द्र पर पहुंचे व मोकपोल का हिस्सा बने क्योंकि बगैर मोकपोल के चुनाव संभव नहीं है।

उन्होंने अधिकारियों को ईवीएम से जुड़ी शंकाओं का भी निदान किया। इस मौके पर निर्वाचन तहसीलदार सुदेश राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पोलिंग वाले दिन पार्टियों के मतदान केन्द्र पर विशेष प्रबंध किए गए है। पानी से लेकर शौचालय तक की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने पोलिंग अधिकारियों को शुभ कामनाएं देते हुए जिम्मेदारी पूर्वक अपनी डयूटी निभाने की अपील की। इस मौके पर बीआरसी विक्रम सहरावत ने माइक्रो आब्जर्वर को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया व आब्जर्वर के सवालों व शंकाओं का समाधान किया।

# बच्चों द्वारा मतदान के प्रति मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की ओर से बड़े स्तर पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन 13 मई से किया जा रहा है और यह अभियान 23 मई तक जारी रहेगा। इन गतिविधियों के तहत 25 मई को होने वाले लोकसभा के आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल व जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा




के प्रयासों से मतदाता जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, निबंध, मेंहदी व रंगोली, रघु नाटिका, सेमिनार, संकल्प पत्र, शपथ, जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में घरौंडा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# त्रीनगरः शकूरपुर वार्ड में हुई इंडिया गठबंधन की विशाल जनसभा







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र स्थित शकूरपुर वार्ड में इंडिया गठबंधन द्वारा विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के सैंकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनसभा में मौजूद रहे। जनसभा का आयोजन दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में शकूरपुर वार्ड नंबर-62 स्थित सम्राट सिनेमा चौक पर किया गया।

**गठबंधन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे उपस्थितः** जनसभा में इंडिया गठबंधन के चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल, आम आदमी पार्टी से पूर्व केबिनेट मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर, पूर्व निगम पार्षद अशोक गंगवाल, सुरेश चौधरी, विजय गोयल, मनोज गोठवाल, गौरी शंकर, मनीष यादव, विनय, शाहिद कुरैशी, राजीव घौर, संजय, एसबी सोढ़ी इन सबके अतिरिक्त कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, कमल कांत शर्मा, अनिल भारद्वाज, अमृता धवन, हेमराज, मुरारी लाल, इंदर कौशिक, मुकेश गुप्ता सहित सैंकडों कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनसभा में उपस्थित रहे।

**भाजपा प्रत्याशियों के छूटने लगे है पसीनेः** जनसभा को संबोधित करते हुए जय प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने दिल्ली व देश की जनता के साथ विश्वासघात किया है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार ने जनता को सुविधा देने की बजाए उनको असुविधाओं के बीच घेर दिया है, अब वक्त आ गया है कि अपने मतों का सद्पयोग करके अपने उपर हुए हर एक जूल्मो-ओ-सितम का बदला भाजपा को हराकर लिया जाए।

**भाजपा की औच्छी राजनीति का होगा खात्माः** जितेंद्र तोमर ने जेपी अग्रवाल के समर्थन में कहा कि गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल एक सज्जन पुरूष है और जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति है जो की सभी लोगों के दुख-दर्द को खुद भी महसूस करते है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने का पूर्ण समर्थन करके भाजपा की इस औच्छी राजनीति का खात्मा किया जाए।

## उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भाजपा की हुई कई सभाएं, तिवारी ने गिनाएं कार्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तर पूर्वी** दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी ने नवीन शाहदरा जिले में जनसंपर्क किया और पांच अन्य सभाओं में जाकर उपस्थित हजारों क्षेत्रीय निवासियों से तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए जन आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पूनम चौहान, अजय महावर, विनोद जोशी, मास्टर सत्यपाल सिंह, डॉ यू के चौधरी, कार्यक्रम संयोजक राकेश डेढा, प्रवेश शर्मा, सुग्रीव सिंह, आर सी वर्मा, आनंद त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी दीपक चौहान सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष निगम पार्षद एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रीय निवासी मौजूद रहे। जनसभाओं में उपस्थित हजारों के जन समूह को संबोधित करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि इस बार का चुनाव विकसित भारत की तस्वीर सवारने का चुनाव है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के लक्ष्य को पूरा करना है उत्तर पूर्वी दिल्ली में यह चुनाव तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब कुछ ही वर्ष पहले सांप्रदायिक दंगों की चपेट में करोड़ों की धन और बड़ी संख्या में जनहानि हुई दंगों के लिए जो मानसिकता जिम्मेदार थी उसी विचार वाले व्यक्ति को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बना कर यह जाहिर कर दिया कि आजादी से लेकर अब तक देश के टुकड़े-टुकड़े करने का वह कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कन्हैया कुमार ने जेएनयू में आतंकवाद और आतंकवादियों के समर्थन में सुर मिलाया उस समय अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी उनके साथ खड़े थे। मनोज तिवारी ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक उत्तर पूर्वी दिल्ली विकास से कोसों दूर रहा उस कालखंड में कांग्रेस सर्वाधिक दिनों तक सत्ता में काबिज थी आप लोगों के जनादेश से मैं सांसद और नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तभी राष्ट्रीय राजमार्ग, फ्लाईओवर, केंद्रीय विद्यालय, पासपोर्ट घर, पार्क, रेलवे स्टेशन, मेट्रो रेल का संयोग बना यही हमारे वोट की अपील का आधार है लेकिन कांग्रेस और केजरीवाल जिस प्रत्याशी को मैदान में लाए हैं।

## वजीरपुरः देश में लहरायेगा भारतीय जनता पार्टी का परचमः उमाकांत शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भारतीय जनता पार्टी** के मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है।

यही कारण है कि हम जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है।

मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हुए है और फिर से भाजपा को शासन में देखना चाहते है। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री शर्मा ने आगे बताया कि देश में फिर से भाजपा का परचम लहरायेगा, क्योंकि भाजपा राज में जहां एक और शहर के लोग काफी खुश है, वहीं गांव में भी विकास ही विकास देखने को मिल रहा है, जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है।

उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

लेकिन जनता समझदार है, जनता बेहतर तरीके से जानती है कि भाजपा ही देश में विकास कर सकती है, क्योंकि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश की जनता भाजपा के साथ है।

## बादली विधानसभा क्षेत्र के दुर्गा चौक पर भारतीय जनता पार्टी पूर्वांचल मोर्चा की हुई विशाल जनसभा










**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली के** बादली विधानसभा क्षेत्र स्थित दुर्गा चौक पर पूर्वांचल मोर्चा जिला भाजपा के अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी की अगुवाई में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद गुजरात प्रभु भाई एन वसावा मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्वांचल मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष नीलदमन खत्री, जिला महामंत्री महेश तोमर, पूर्वांचल मोर्चा प्रदेश प्रभारी विजय भगत, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब, मनु ठाकुर, मंडल अध्यक्ष, रेखा दुबे, अभिमन्यु ठाकुर, संतोष भारती जिला मंत्री और पूर्व निगम प्रत्याशी दिव्या झा, पूर्वांचल मोर्चा जिला महामंत्री सतेंद्र सिंह, सुदामा सिंह, पूर्वांचल मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, संजीव कुमार सिंह, दिनेश कुमार, रोशन सिंह, पूर्वांचल मोर्चा जिला मंत्री सुमित सिंह, रंजीत चौधरी, गंभीर झा, जयप्रकाश जामुन मालाकार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, कार्यालय प्रभारी छोटे लाल, कार्यालय मंत्री संतोष यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रभु भाई एन वसावा ने कहा कि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, आज आप खुद ही देख रहे है कि भाजपा के राज में देश विकास कर रहा है।

इस अवसर पर उत्तर-पश्चिमी पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने पूर्वांचल समाज व अन्य समाज के लोगों से कहा कि हमें भाजपा के प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया को भारी मतो से विजयी बनाकर संसद में भेजना है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

## सांसद उम्मीदवारों ने पार्कों में सैर करने वालों के बीच चलाया प्रचार अभियान





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेता दिल्ली भर के 87 जिला पार्कों में गए और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सुबह की सैर करने वालों के बीच प्रचार किया। लोगों ने भाजपा नेताओं का जोरदार स्वागत किया और सैकड़ों लोगों ने भाजपा के दावेदारों और अन्य नेताओं के साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

**इन मुख्य नेताओं ने किया प्रचारः** त्रिनगर में वीरेंद्र सचदेवा, डी.डी.यू पार्क में पवन राणा, कालकाजी में रामवीर सिंह बिधूड़ी, रोहिणी में योगेन्द्र चंदोलिया, अजमल खान पार्क में बांसुरी स्वराज, यमुना विहार में अजय महावर, कालकाजी में योगिता सिंह, सोनिया विहार में मोहन सिंह बिष्ट, लोनी रोड पर जितेन्द्र महाजन, बैंक एन्क्लेव में अभय वर्मा, सूरजमल पार्क में ओमप्रकाश शर्मा, गांधी नगर में अनिल बाजपेयी, अंधेरिया मोड़ पर गजेंद्र यादव, विकासपुरी में राजीव बब्बर, सुशीला मोहन पार्क में प्रवीण शंकर कपूर, दिल्ली विश्वविद्यालय में राजा इकबाल सिंह, रेखा गुप्ता पीतमपुरा में, ब्रिजेश राय बुराड़ी में के अलावा सभी प्रदेश उपाध्यक्षों, सचिवों, प्रवक्ताओं और जिला अध्यक्षों ने प्रचार में भाग लिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आज के अभियान के दौरान हमारे कार्यकर्ता सीधे एक-से-एक संपर्क में लगभग 50 हजार लोगों से मिलने और उनका अभिवादन करने में सक्षम हुए।

शोक संदेश



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री हरि किशन जिंदल जी
का स्वर्गवास मंगलवार 7 मई 2024 को हो गया है।
तेहरवी व पगड़ी रस्म
रविवार 19 मई 2024, सांय 3 से 4 बजे
बंसल भवन, मैन रोड पेट्रोल पंप के पास
सैक्टर-16 , रोहिणी
।। शोकाकुल परिवार ।।
तन्मय जिंदल (पुत्र)
श्री भगतराम जिंदल (भाई)
श्री दिनेश जिंदल (भाई)
श्री महेश जिंदल (भाई)

## जय प्रकाश अग्रवाल ने किया कई इलाको में जनसंपर्क



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः चांदनी चौक** लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल को चुनाव प्रचार के दौरान हर वर्ग, हर समाज के लोगों का जिस उत्साह से समर्थन मिल रहा है उसे देखकर आका जा रहा है कि अग्रवाल का फिर से सांसद बनना तय है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है जयप्रकाश अग्रवाल को चुनाव प्रचार के दौरान चांदनी चौक लोकसभा के प्रत्येक क्षेत्र में हर वर्ग, हर समाज के लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है, लोग समर्थन देते हुए उन्हें जीत का भरोसा दिला रहे है। जयप्रकाश अग्रवाल ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के अपने सर्मथकों, सैकड़ों कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय नेताओं के साथ चांदनी चौक पुरानी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में पदयात्रा कर लोगों से संपर्क साधा।

**भैरों के दर्शन कर दादी रानी सती मंदिर में टेका माथाः** अग्रवाल ने सुबह जोगीवाड़ा इलाके में स्थित भैरव मंदिर और दादी रानी सती मंदिर में माथा टेक कर अपनी पदयात्रा शुरू की। इस दौरान अग्रवाल के स्वागत में ढोल ताशे नपीरी वाले भी थे। जयप्रकाश अग्रवाल ने पुरानी दिल्ली के जोगीवाड़ा, मालीवाड़ा, किनारी बाजार, दरीबा, हिम्मतगढ़, हमदर्द चौक, मोहल्ला खटीक, कूंचा पाती राम, वाल्मीकि मंदिर, सहित नौघरा व गली परांठे वाली आदि इलाकों में पदयात्रा कर लोगों से संपर्क साधा और चुनाव में वोट देने की अपील की।

**कई प्रमुख व्यापारी नेता हुए शामिलः** इस दौरान जयप्रकाश अग्रवाल के साथ आम आदमी पार्टी के विधायक प्रहलाद सिंह साहनी, दिल्ली कैमिकल मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं प्रमुख व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता, जिला कांग्रेस अध्यक्ष जावेद मिर्जा, निगम पार्षद पुर्नदीप सिंह साहनी ,सादिक मोहम्मद, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज गुप्ता पूर्व निगम पार्षद अशोक जैन, निगम पार्षद राकेश कुमार सहित क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ता व नेता मुख्य रूप से शामिल थे।

## वत्स ने दी आठवले को वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले से 2019 में सांसद प्रत्याशी एवं दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले और सीमा ताई आठवले को उनकी वैवाहिक वर्षगांठ पर पोस्ट करके अपनी हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी हैं।

इस मौके पर दयानंद वत्स ने आठवले दंपति के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की भी मंगलकामनाएं की हैं।

# रणजीत सिंह को विजयी बनाकर विकसित भारत बनाने में सहयोग दें जनता: इंदिरा देवी

जनसंपर्क

-इंदिरा देवी ने उकलाना क्षेत्र के गांवों में चलाया धुआंधार प्रचार, अभियान जनसंपर्क तेज



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला की धर्मपत्नी इंदिरा देवी ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने उकलाना हलके के अनेक गांवों का दौरा किया और वोटों की अपील करते हुए जनता से सहयोग मांगा।
उकलाना हलके के किरोड़ी, बिठमड़ा, बोबुआ, हसनगढ़, लितानी, कुंभा व मतलोढ़ा सहित अन्य गांवों में धुआंधार प्रचार अभियान चलाया। ग्रामीण जनसभाओं के दौरान इंदिरा देवी ने कहा किश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकसित बनाने का नारा हम सबको दिया है। हम सबका फर्ज है कि प्रधानममंत्री के इस नारे को सार्थक करने में हम सब सहयोग दें क्योंकि किसी भी देश को आर्थिक, सामाजिक व सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए मजबूत सरकार का होना बहुत जरूरी है। हमने 10 साल में देखा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मजबूती से सरकार चलाते हुए अनेक मजबूत फैसले लिए हैं, जिनकी शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। उन्होंने कहा कि हिसार से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह मिलनसार व सौम्य व्यवहार के धनी है और जनता के काम को तवज्जो देने वाले व्यक्ति है। ऐसे में उन्हें इस चुनाव में विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मजबूती प्रदान करें।
सेक्टर 33आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मबीर पानू ने बताया कि दौरे के दौरान उनके साथ डॉ. सुरेश जाखड़, बलवान सिंह किरोड़ी, भूपेन्द्र बबुआ, किताब सिंह, हरदीप किनाला सरपंच, सुजान सिंह धत्तरवाल, टेकराम धत्तरवाल, गुरदेव मैंबर, कप्तान सिंह लितानी, धर्मबीर धत्तरवाल, रामपाल घनघस, विक्की, रतन सिंह, रामफल नंबरदार लितानी, सतबीर गोयल, जगमहेन्द्र लितानी, जयपाल, सुभाष शर्मा मतलोढ़ा, वीरभान कैप्टन, सत्यवान गोस्वामी, जयवीर पूनिया, सत्यवान सरपंच बालक, सूबे, चांदी, मूर्ति, सीमा, नन्ही, सुमन, पार्वती, उर्मिला, कांता, सुशीला, रेनू, रणधीर जागलान, विरेन्द्र जागलान, सेवाराम जागलान, विनोद सरपंच कुंभा ने भाजपा की नीतियों का समर्थन किया और भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाने का

# अब तक 100 से ज्यादा बार संविधान में संशोधन कांग्रेस ने किया

जयंती

भाजपा ने किया सम्मान, अंबेडकर जयंती की छुट्टी प्रधानमंत्री ने ही घोषित करवाई



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/रोहतक**
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने रोहतक में कांग्रेस को घेरे में लिया। पंवार ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का सबसे ज्यादा अपमान आज तक किसी ने किया है तो वह कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने बाबा साहेब के बनाए गए संविधान में अब तक 100 से भी अधिक बार संशोधन किया। अब कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर रही है कि भाजपा आरक्षण समाप्त कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कांग्रेस झूठा प्रचार करके आरक्षण और बाबा साहेब के नाम पर वोट हड़पना चाहती है।
यहां भाजपा मंगल कमल कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सदन में प्रधानमंत्री ने जवाहर लाल नेहरू की लिखी वो चिट्ठी भी पढ़ी थी जिसमें नेहरू ने लिखा था कि देश तरक्की की राह पर है और आरक्षण खत्म कर देना चाहिए। अब कांग्रेस के नेता झूठा प्रचार कर रहे हैं कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है। बाबा साहेब का अपमान करने वाली कांग्रेस को पता होना चाहिए कि भीमराव अंबेडकर का सबसे ज्यादा सम्मान ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 19 मई को भारत माता मंदिर में लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, चयनित लोगों के फ्री होंगे नेत्र ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडियां/हिसार :**
एमसी कॉलोनी स्थित भारत माता मंदिर में 19 मई को विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। स्वर्गीय माता हरबंस कौर की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में इस शिविर का आयोजन होगा। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। इस स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान दांतों व आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी। नेत्र जांच के दौरान जिन बुजुर्गों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिलेगी उनका नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा निशुल्क किया जाएगा। फिजियोथेरेपी परामर्श की सुविधा भी निशुल्क रहेगी।
दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत माता मंदिर के संरक्षक अनिल महता की रचनात्मक सोच के चलते इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनिल महता चौ. फकीरचंद मानव कल्याण समिति ट्रस्ट के माध्यम से समय-समय पर समाज हित के कार्यों का संचालन करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत माता मंदिर के सभागार में आयोजित होने वाले इस शिविर में हिस्सा लेने वाले लोगों को विभिन्न देवी-देवताओं के विग्रह के दर्शनों का भी अवसर मिलेगा। इस अवसर पर यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी।

### साढे पांच किलो गांजे के साथ युवक पकडा

**मथुरा**
थाना जैत पुलिस ने एक अभियुक्त को पांच किलो 600 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जैत अजय वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को अभियुक्त महेश उर्फ पेडा पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम भूपतनगरा थाना किशनी जनपद मैनपुरी को पांच किलो 600 ग्राम अवैध गांजा के साथ भरतिया कट एनएच 19 से 50 करीब कदम गांव जैत की तरफ से गिरफ्तार किया गया।

### अवैध खनन में तीन डम्फर, जेसीबी जब्त कीं

**मथुरा**
थाना छाता पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन करने वाले तीन डम्फरों को सीज किया है। अवैध खनन के लिए उपयोग की जा रही जेसीबी को भी सीज किया गया। अवैध खनन करते समय ग्राम पसौली से अवैध खनन करने वाले तीन डम्फर और एक जेसीबी को मौके से पुलिस के द्वारा कब्जे में लिया गया। थाना छाता पर अवैध खनन के सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही करने वाली टीम में थाना प्रभारी थाना छाता त्रिलोकी सिंह, एसआई जगत सिंह थाना छाता, एसआई मदन सिंह थाना छाता, एसआई थाना छाता उत्तम चौहान, एसआई (यू.टी.) रोहित उज्जवल थाना छाता, एसआई (यू.टी.) साहिल हसन थाना छाता आदि थे।

### मंडी समिति: 12 करोड़ की टैक्स वसूली, सुविधाएं शून्य

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा**
किसानों के हितैषी होने का हर कोई दम्भ भर रहा है। किसान के लिए राजनीतिक दल धरती पुत्र, अन्नदाता जैसे लुभावने शब्दों का उपयोग करते थकते नहीं हैं, हकीकत इसके उलट है। यहां तक कि करोडों की टैक्स वसूली के बाद भी मंडी समिति जैसी जगह पर किसानों के लिए सुविधा के नाम पर सब शून्य ही है। मंडी समिति की ओर से न किसानों के लिए पीने के पानी की सुविधा है और नहीं रात में ठहरने के लिए कोई समुचित व्यवस्था है। यहां तक कि अगर भीषण गर्मी में कोई किसान बीमार पड़ जाता है तो मंडी में प्राथमिक उपचार तक की सुविधा नहीं है। यह सब तब है जब मंडी समिति ने किसान और आढ़तियों से वित्त वर्ष के दौरान करीब 12 करोड़ की टैक्स वसूली की है। यह लक्ष्य के सापेक्ष 100 प्रतिशत से अधिक है और मंडल में कर संग्रहण में मंडी समिति मथुरा प्रथम स्थान पर है।

## फ्री कोचिंग के लिए 15 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग का संचालन बीएसए कॉलेज में हो रहा है। वर्तमान में शैक्षिक सत्र 2024- 25 हेतु यूपीएससी, यूपीपीसीएस, एनडीए, सीडीएस नीट-यूजी तथा आईआईटी-जेई की कक्षाएं संचालित हैं। योजना के तहत अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जनपद में शुरू कर दी गई है। अभ्यर्थी राजीव भवन में 15 जून तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने पासपोर्ट साइज फोटो व शैक्षणिक प्रमाणपत्रों 10वीं व 12वीं तथा ग्रेजुएशन की मार्कशीट की छायाप्रति लाकर आवेदन कर सकते हैं।

# स्टेज पर नेताओं की नो एंट्री, बैठेंगे 36 बिरादरी के योद्धा: जयहिंद

जन्मोत्सव

19 मई पहरावर में मनाये जा रहे भगवन परशुराम जन्मोत्सव में नेताओं को नहीं मिलेगा स्टेज पर स्थान



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद शुक्रवार को पानीपत वासियों को जन्मोत्सव का चूल्हा न्यौत देने पहुँचे । इस मौके पर जयहिंद ने पानीपत की संजय कॉलोनी में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के असवर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर कहा कि आगामी 19 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा और यहाँ पहुचें सभी भक्तों का चूल्हा न्योता है परिवार सहित 19 को पहरावर जरुर पहुंचे` देश में अयोध्या में श्री राम की सबसे बड़ी मूर्ति लगाई गई हैं और पहरावर में 121 फीट भगवान परशुराम मंदिर मूर्ति निर्माण की नींव रखी जाएगी` भगवान परशुराम की मूर्ति न्याय, मान-सम्मान और स्वाभिमान की प्रतिक होगी` सामाजिक योद्धाओं (36 बिरादरी) को जिन्होंने पहरावर की जमींन के लिए संघर्ष किया और समाज के हक की आवाज उठाते है उन्हे भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सम्मानित किया जायेगा`
जयहिंद ने कहा 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हे आवाज उठानी चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के लिए तैयार रहना चाहिए । गरीब कमजोर की लड़ाई लड़ने वाला ही परशुराम का असली चेला होता है और जो आवाज नहीं उठा सकते वह किसी भी भगवान के भक्त नहीं हो सकते ।
जयहिंद ने साथ ही कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर - राजनीतिक और सामाजिक रहेगा` किसी भी तरह से राजनीतिक बयानबाजी इस कार्यक्रम नहीं होगी` साथ ही स्टेज पर नेताओं को नहीं 36 बिरादरी के उन योद्धाओं को स्थान और सम्मान मिलेगा जिन्होंने समाज के हक की लड़ाई के लिए फरसा उठाया` उस लड़ाई में तन - मन धन से साथ दिया` भ्रष्ट , बेईमान और झूठे लोग इस कार्यक्रम में न आये`
जयहिंद ने कहा कि इस मौके पर देशी घी का भंडारा किया जायेगा और 36 बिरदारी के लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेंगे` प्रदेश ही नहीं बल्कि दुसरे राज्यों से भी परशुराम भक्त इस जन्मोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचेंगे`
साथ ही जयहिंद ने कहा कि जन्मोत्सव में लोग अपनी शासन और प्रशासन से जुड़ी समस्याओं लेकर आयेंगे ।

# ओशो उपवन में ध्यान, प्रेम व शांति विषय पर आधारित होगा 19 मई का ध्यान सत्र

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार:** ओशो ध्यान उपवन में 19 मई को ध्यान, प्रेम व शांति विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा।
सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में ध्यान की विधियों का अभ्यास भी करवाया जाएगा। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि विभिन्न क्रियाकलापों से जुडकर मन हमेशा विचलित रहता है। इसलिए मनुष्य का जीवन उल्लासमय नहीं हो पाता। मन कैसे शांत हो, कैसे प्रेमपूर्ण हो, कैसे हम



अपने भीतर ठहरकर स्वयं को जान सकें और जीवन में सच्चा आनंद ले सकें, इन सभी विषयों पर चर्चा करते हुए 19 मई के सत्र का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सतगुरु ओशो ने ध्यान, प्रेम व शांति पर आधारित अनेक व्याख्यान दिए हैं। ध्यान सत्र के दौरान संयोजित किए गए संत ओशो के प्रवचन भी साधकों को सुनने का अवसर मिलेगा।
स्वामी संजय ने बताया कि ओशो ध्यान उपवन में न केवल ध्यान की सरल विधियां सिखाई जाती हैं बल्कि बच्चों के बहुआयामी विकास के लिए भी विशेष प्रयास किए जाते हैं।
इसी कड़ी में 2 से 6 जून तक ओशो ध्यान उपवन परिसर में पांच दिवसीय चिल्डर्न मेडिटेशन व सेलिब्रेशन रिट्रीट शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## बिजली मीटर को घर के बाहर ही लगाना होगा

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत विभाग हर कदम उठा रहे हैं। जिन बिजली उपभोक्ताओं के मीटर घरों के अंदर लगे हैं उन्हें घर के बाहर लगाया जाएगा। मथुरा कैंट पर तैनात अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नवादा टेकमैन सिटी में करीब 150 लोगों ने अपने मीटर घरों के अंदर लगा रखे हैं। इससे मीटर रीडरों को परेशानी होती है। सभी मीटरों को घरों के बाहर लगाया जाएगा। इसी तरह दूसरे क्षेत्रों में घरों के अंदर लगे मीटरों को बाहर लगाया जाएगा। नबादा और औरंगाबाद क्षेत्र में आठ चोरी के मामले पकडे गये हैं। विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। जुमार्ने की कार्यवाही की जा रही है।

# 300 से अधिक लोगों ने निशुल्क जांच शिविर लाभ उठाया : राजेश भाटिया



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर मार्केट नंबर-1 के परिसर में तेजिंदर सिंह मेमोरियल एंड एस्कॉर्ट्स मेडीकेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, निशुल्क एक्सरे, आंखों की जांच, हड्डी रोग की जांच सहित सामान्य रोगों की जांच की गई व निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर में फाउंडेशन की समन्वयक श्रीमती तपस्या मेहरा, डा. एस.के. शर्मा, डॉ दीपक कुमार, डा. मनीषा बांगा, श्रीमती ऊषा गेरा, वाई. एस. भाटी, जुगन कुमार व गंगा कुमार आदि स्टाफ शिविर में लोगों की जांच की। शिविर में 300 से अधिक लोगों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि मंदिर परिसर में समय-समय पर इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाता रहता है, इन शिविरों के माध्यम से कई जरूरतमंद लोग जो अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं करवा पाते वे भी यहां आकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवा लेते है। उन्होंने कहा कि शिविर में अनुभवी डाक्टरों द्वारा लोगों की जांच की गई और उन्हें दवाईयां व निशुल्क परामर्श भी दिए गए। राजेश भाटिया ने कहा कि सामाजिक व धार्मिक कार्यो में मंदिर कमेटी हमेशा तत्पर रहती है और उनका प्रयास रहता है कि ऐसे शिविरों से लोगों का भला हो सके। उन्होंने तेजिंदर सिंह मेमोरियल एंड एस्कॉटर्स मेडिकेयर फाउंडेशन के सदस्यों का आभार जताते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी मंदिर कमेटी उन्हें ऐसे शिविरों के आयोजनों के लिए सहयोग करती रहेगी।
इस शिविर में मंदिर के चेयरमैन बंसीलाल को कुकरेजा, गुलशन बग्गा, जगदीश भाटिया, सोमनाथ ग्रोवर, गोपाल कृष्ण, प्रेम कुमार, जनक भाटिया, सीमा सितोरिया, राहुल झा, हरिंदर भाटिया, राकेश खन्ना, अनिल अरोड़ा, संदीप भाटिया, प्रेम बब्बर, रिंकल भाटिया, गगन अरोड़ा, अमर बजाज, विशाल भाटिया, भारत कपूर, रविंद्र गुलाटी, सचिन भाटिया, अजय शर्मा, आशीष अरोड़ा, भव्य मलिक, अमित नरूला, सोनू पंडित, बबलू पंडित, लाला पंडित, रजनीश पंडित, रविंद्र पांडे पंडित, रामकिशन, संदीप कुमार, किशन कुमार, स्कूल के अध्यापिकाओं में सोनिया अरोड़ा, सुमन अरोड़ा, रजनी व अन्य मौजूद रहे

# हरियाणा कला परिषद ने किया पद्मश्री महावीर गुड्डू का सम्मान

सम्मान

पद्मश्री महावीर सिंह गुड्डू का सम्मान हरियाणा के समस्त कलाकारों का सम्मान है : नागेंद्र शर्मा




**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
हरियाणा प्रदेश में कला के क्षेत्र में पहला पद्मश्री पुरस्कार आना समस्त कलाकारों के लिए गौरव की बात है। लोक कलाकार महावीर गुड्डू का सम्मान हरियाणा के सभी कलाकारों का सम्मान है। महावीर गुड्डू की कला के प्रति तपस्या और समर्पण के कारण उन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा जाना युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। ये कहना था हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा का। ये शब्द उन्होंने गत दिवस कला कीर्ति भवन में पद्मश्री महावीर गुड्डू के आगमन पर पुष्पगुच्छ के साथ महावीर गुड्डू का स्वागत करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि महावीर गुड्डू बाल्यकाल से ही कलाजगत से जुड़े हैं तथा कला के प्रति कठोर साधना के परिणाम में ही उन्हें पद्मश्री अवार्ड से नवाजा गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री पुरस्कार हासिल करने वाले हरियाणा कला परिषद के पूर्व अतिरिक्त निदेशक महावीर गुड्डू गांव गांगोली में एक सामान्य परिवार में जन्मे और शिक्षा-दीक्षा के बाद वे प्राध्यापक बने। 1972 में उन्होंने हरियाणवीं कला के क्षेत्र में अपना पहला कदम रखा था। हालांकि उनका परिवार कला व संस्कृति के क्षेत्र में नहीं रहा है, लेकिन उन्होंने हरियाणवीं संस्कृति को अंगीकार करते हुए कला के क्षेत्र में कदम रखा और निरंतर अपनी कला-साधना से एक विशेष पहचान बनाई। भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विश्व के कई देशों में हरियाणवीं संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने वाले लोक कलाकार महावीर गुड्डू जमीन से जुड़े कलाकार हैं। पद्मश्री पुरस्कार से पूर्व महावीर गुड्डू पंडित लखमीचंद राज्य पुरस्कार, हरियाणा कला रत्न अवॉर्ड, पंडित लखमीचंद शिक्षा एवं संस्कृति पुरस्कार के साथ-साथ संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं।

# भाजपा सरकार ने महंगाई को बढ़ाकर गरीबों के मुंह का निवाला छीना है: गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हिसार लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भाई जयप्रकाश जेपी के समर्थन में शहर के प्रमुख व्यक्तियों ने नागोरी गेट, मेन बाजार, मोती बाजार, गांधी चौक, दिल्ली गेट, आर्य बाजार, राजगुरु मार्केट, चौधरी मार्केट, पूजा मार्केट, तेलिया पुल, रेडी मार्केट, बिश्नोई मंदिर मार्केट आदि बाजारों का दौरा करके वोट देने की अपील की। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से भाई जयप्रकाश जेपी भारी मतों से विजय प्राप्त करने जा रहे हैं। जनता भाजपा सरकार से बेहद दुखी है और भाजपा सरकार से मुक्ति चाहती है। भाजपा सरकार ने महंगाई को बढ़ाकर गरीबों



के मुंह का निवाला छीना है और जनता पर नए-नए टैक्स लगाकर टैक्सों में बढ़ोतरी करके जनता की जेबों में डाका डालने का काम किया। जबसे देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से अब तक पहले से तीन गुना महंगाई बढ़ गई है। गरीब आदमी 2 वक्त की रोटी सब्जी व दाल के साथ खा नहीं सकता। बजरंग गर्ग ने कहा कि जनता भाजपा प्रत्याशियों से पूछती है कि हमारा क्या कसूर था किसान, सरकारी कर्मचारी, छात्र, आंगनबाड़ी महिलाएं, सरपंचों को दौड़ा-दौड़ा कर लाठियों से क्यों पीटा गया। किसान पूछता है कि हमारे ऊपर झूठे मुकदमे बनाएं गए हमारे 750 किसान शहीद हो गए क्या भाजपा इस नाम की वोट मांग रही है। देश व प्रदेश की जनता द्वारा भाजपा प्रत्याशियों का काले झंडों के साथ जगह-जगह जोरदार स्वागत हो रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से विकसित राष्ट्र की सोच रखती है और विकास के मुद्दों पर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ रही है। जनता इस बार भाजपा सरकार को वोट की चोट से घर बिठाने का काम करेगी और हरियाणा में 10 की 10 सिटें इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन हनुमान ऐरन, पूर्व चेयरमैन कृष्ण सिंगला टीटू, कांग्रेसी वरिष्ठ नेता छत्रपाल सोनी, एंटी करप्शन के पूर्व चेयरमैन वीर सिंह ख्यालिया, राजगुरु मार्केट ओगेनाईजेशन के प्रधान अक्षय मलिक, स्वर्णकार संघ के संरक्षक रामनिवास सोनी, ऑटो मार्केट स्पेयरपार्ट एसोसिएशन के प्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी, लोकसभा मीडिया प्रभारी कृष्ण सिंगला, सज्जन अटवाल, जगदीश तायल, जेपी ज्याणी, व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, सचिव निरंजन गोयल, पूर्व नगर पार्षद रेखा ऐरन, ऑफिस इंचार्ज चंद्रभान काजला, प्रमुख समाजसेवी संजय सातरोडिया, आप पार्टी के वरिष्ठ नेता भीम महेशवाल, मनीष शर्मा, समाजसेवी अतुल सिंगल, अमित बिश्नोई, अंकुर गोस्वामी, सुबे सिंह पहलवान, सुरेश मय्यड़, हेमंत सोनी, ऑटो मार्केट एसोसिएशन से कृष्ण चौधरी, संदीप जंगी, आदि वरिष्ठ नेता भारी संख्या में मौजूद थे।

# स्वाति को खुद लड़ना होगा अब कोई कृष्ण बचाने नहीं आयेंगे: नवीन जहिंद

**कांट-छांट** कर दिखाई गई वीडियो , पूरी वीडियो करो जारी झ जयहिंद
नई दिल्ली` जयहिंद सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद ने स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट में दर्ज एफआईआर को लेकर कहा कि अब तक जो इस पुरे मामले को झूठ बता रहे थे उन्हें अब सच पता चल गया होगा कि स्वाति के साथ मारपीट किस साजिश के तहत हुई है` हालाँकि अभी तक उनके पास कोई एफआईआर कॉपी नहीं आई है लेकिन मीडिया के हवाले से जो सुचना उन्हें मिली है उससे साफ है कि स्वाति के साथ उस ह्वगटर



हाउसह्व में कितना बुरा व्यवहार हुआ` कितनी बुरी तरह से उसे पिटा गया है` इतना बुरी तरह से मारपीट तो महाभारत में द्रोपदी के साथ भी नहीं हुई होगी` दुशासन ने दुर्योधन के कहने पर ही द्रोपदी का चीरहरण किया था`
जयहिंद ने कहा कि दिल्ली पुलिस से अपील है इस मामले की पूरी तह तक जांच की जाए और वो दुशासन जो भागता फिर रहा है उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए` उससे इस पूरी घटना के बारे में उगलवाया जाये` उसकी इतनी हिम्मत नहीं थी वो स्वाति पर हाथ उठता` साथ स्वाति को भी समझना होगा कि कलयुग में कोई कृष्ण भगवान उसे बचाना के लिए नहीं आएगा` खुद न्याय के लिए लड़ना होगा और आगे आना होगा`

ACTION INDIA
एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 18 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की हुई पुनः शुरुआत

- आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नई टीम का हुआ गठन
- पंजाबियों को एकजुट कर एक छत के नीचे लाएंगे: राजू कोहली
























**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नार्थ दिल्ली में पंजाबियों की एक प्रमुख संस्था रही आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी को पुनः शुरू करने के लिए मजलिस पार्क स्थित बारात घर में एक आम बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर पंजाबी समाज से जुड़े लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की और सोसाइटी की भविष्य की रूपरेखा पर मंथन किया। इस दौरान आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नई टीम का गठन भी किया गया।

## संस्था के संस्थापक स्व. सुरेंद्र कोहली को किया गया याद

आम सभा में आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी के संस्थापक स्वर्गीय श्री सुरेंद्र कोहली को याद करते हुए श्रृद्धासुमान अर्पित किए गए। बैठक में क्षेत्र के जाने माने चेहरों ने शिरकत की। सभी गणमान्य हस्तियों का भव्य स्वागत किया गया।आपको बता दें कि स्व. सुरेंद्र कोहली जी ने ही आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नींव रखीं थी। स्व. सुरेंद्र कोहली जी के नेतृत्व में हर वर्ष कई कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाता था। परंतु स्व. सुरेंद्र कोहली जी के परलोकगमण के बाद से आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी निष्क्रिय हो गई थी।

## आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नई टीम का हुआ गठन

आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की रूपरेखा को लेकर कार्यक्रम में मौजूद सदस्यों के बीच चर्चा की गई और भविष्य की कार्यशैली को लेकर रूपरेखा भी तैयार की गई। जहां पंजाबी समाज को एकजुट कर एक छत के नीचे लाने का लक्ष्य रखा गया। वहीं, आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नई टीम का भी गठन किया गया। जहां सभी पंजाबी भाईयों ने पंजाबी समाज की बेहतरी और उन्हें एकजुट करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया।









## राजू कोहली ने उठाया आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी को सक्रिय करने का बीड़ा

स्व. सुरेंद्र कोहली जी के सुपुत्र राजू कोहली ने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए और पंजाबी समाज के बेहतरी और एकजुटता के लिए पिताजी के निधन के बाद निष्क्रिय पड़ी आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नई ऊर्जा दी है। इसी जिम्मेदारी को फलीभूत करने के लिए राजू कोहली ने आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की बैठक का आयोजन किया। जहां पंजाबी समाज के गणमान्य चेहरों ने शिरकत की। इस दौरान नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

## लोगों ने रखे अपने विचार

बैठक के दौरान आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी से जुड़े हर पहलू पर चर्चा की गई। टीम गठन से लेकर भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा हुई। सभी ने खुल कर अपने विचार रखे और आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की सक्रियता को आगे बढ़ाने में अपना भरपूर योगदान देने का फैसला किया। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने राजू कोहली के द्वारा की गई इस पहल का दिल खोलकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन गोपाल खनेजा ने किया।

## ये लोग रहे मौजूद

संस्था के चेयरमैन के रूप में सुरेंद्र चोपड़ा, वाईस चेयरमैन नरेश टंडन, वाईस चेयरमैन राकेश जुनेजा, वाईस चेयरमैन मनविन्दर सिंह बावा, वाईस चेयरमैन अमर जीत सिंह (बंटी), वाईस चेयरमैन नीरज कूपर, वाईस चेयरमैन बलदेव सिंह पुरी के अलावा गुरमीत अरोड़ा को संयोजक और रवि भारद्वाज को सह संयोजक की ज़िम्मेवारी दी गई। वहीं, मुख्य संरक्षक के रूप में सुरेंद्र बुद्धिराजा, संरक्षक के रूप में प्रेम प्रकाश खुराना, गुरदयाल छाबड़ा सहित कई सम्मानित और नामचीन चेहरे शामिल किए गये।

इनके अलावा महासचिव पद की ज़िम्मेवारी सुनील खन्ना और कोषाध्यक्ष पद की ज़िम्मेवारी मदन मेहरा को दी है। बैठक में बड़ी संख्या में पंजाबी समाज से जुड़े लोग शामिल हुए।















**सुरेंद्र बुद्धिराजा, मुख्य संरक्षक:** स्व. सुरेंद्र कोहली जी हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत रहने के साथ-साथ खुशदिल मिजाज के व्यक्ति थे। आज वो हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार हम सभी को प्रेरणा देते रहे हैं। आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नई टीम को मेरी शुभकामनाएं।



**सुरेंद्र चोपड़ा, चेयरमैन:** पंजाबी समाज देश की बेहतरी के लिए काम करती है। स्वं. सुरेंद्र कोहली जी ने आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नींव रखीं थी। आज स्वं. सुरेंद्र कोहली जी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा शुरू की गई संस्था को आगे बढ़ाने का फैसला सराहनीय है।



**राजू कोहली, प्रधान: पिताजी ने** आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नींव रखीं थी। आज स्व. सुरेंद्र कोहली जी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके सिद्धांतों का पालन करते हुए पंजाबी समाज की एकजुटता और बेहतरी के लिए फिर से निष्क्रिय पड़ी टीम को पुनः शुरू करने का फैसला किया गया।




**गुरमीत अरोड़ा: संयोजक:** स्व. सुरेंद्र कोहली जी हम सभी के मार्गदर्शक और क्षेत्र के सम्मानिय सदस्य थे। आज वो हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके दिखाए हुए मार्ग हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। इसी कड़ी में राजू कोहली जी द्वारा आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की पुनः करने का फैसला किया गया।

**रवि भारद्वाज, सह संयोजक:** स्व. सुरेंद्र कोहली जी मेरे लिए अभिभावक के रूप में थे। स्व. सुरेंद्र कोहली जी ने हमेशा ही पंजाबी समाज की बेहतरी के लिए कार्य किए और आज उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की पुनः शुरूआत करना सराहनीय फैसला है।



**राकेश जुनेजा, वाईस चेयरमैन:** आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की पुनः शुरू करने का सराहनीय फैसला है। सभी पंजाबी समाज की एकजुटता के लिए काम करेंगे और समाज को अपने विचारों से एक नई दिशा प्रदान करेंगे। टीम के सभी सदस्यों को बधाई।



**नरेश टंडन, वाईस चेयरमैन:** सोसाईटी की नई टीम को बधाई। मुझे पूर्ण रूप से विश्वास है कि टीम पंजाबी समाज को एकछत के नीचे लाएगा और समाज को नए-नए विचारों से अनुग्रहीत करेंगे। सभी गणमान्य सदस्यों का अभिनंदन। पंजाबी समाज देशहित में कार्य करता है।



**सुनील खन्ना, महासचिव:** स्वं. सुरेंद्र कोहली जी ने आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नींव रखीं थी। आज स्वं. सुरेंद्र कोहली जी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा शुरू की गई संस्था को आगे बढ़ाने का फैसला सराहनीय है। नई टीम को बधाई व अभिनंदन।

